
1 खजराना




# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





### प्रदेश भर में 10 दिवसीय गणेश उत्सव शुरू

# खजराना गणेश को 5 करोड़ के आभूषण पहनाए उज्जैन में एक लाख लड्डुओं का भोग लगाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

प्रदेश भर में बुधवार से 10 दिवसीय गणेश उत्सव शुरू हो गया है। इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में भगवान का 5 किलो सोने के आभूषणों से श्रृंगार किया गया है। आभूषणों की कीमत करीब 5 करोड़ रुपए है।

इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में कलेक्टर आशीष सिंह ने पूजन के बाद मोदकों का वितरण किया। वे सिर पर टोकरी में फल लेकर भी चले। गणेश उत्सव के पहले दिन शहर के प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर में फूल बंगला सजाया गया। उज्जैन का चिंतामण गणेश मंदिर देश का एकमात्र मंदिर है, जहां एक साथ तीन स्वरूप चिंतामन, इच्छामन और सिद्धि विनायक के दर्शन होते हैं। भगवान को एक लाख लड्डुओं का भोग लगाया गया। सीहोर के विक्रमादित्य कालीन चिंतामन सिद्ध गणेश मंदिर में उल्टा स्वास्तिक बनाकर मनोकामना मांगते हैं। ग्वालियर के अर्जी वाले गणेश जी को राजस्थान से आए मोटी बूंदी के लड्डू का ही भोग लगता है।

2 श्री महाकाल



3 ग्वालियर अर्जी वाले गणेश



4 ऊंकाला के गणेश



**रतलाम में श्री नित्य चिंताहरण गणपति का सोने के वर्क से श्रृंगार**

**महाकाल मंदिर में भगवान गणेश का आकर्षक श्रृंगार**

उज्जैन में श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर स्थित श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में भगवान का सुबह अभिषेक पूजन हुआ। इसके बाद गणेश जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। अर्थवशीर्ष का पाठ कर भगवान को मोदक का भोग लगाया गया।

**ऊंकाला के खड़े गणेश मंदिर में चांदी के वर्क से श्रृंगार**

रतलाम में स्थापित सवा 11 फीट के ऊंकाला खड़े गणेश मंदिर में भगवान का चांदी के वर्क से श्रृंगार (चौला) किया गया। पैलेस रोड स्थित श्री नित्य चिंताहरण गणपति जी का सोने के वर्क से श्रृंगार कर चोला चढ़ाया गया है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### भारतीय फुटबॉल संघ पर प्रतिबंध का खतरा

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि वैश्विक संचालन संस्था फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने संकटग्रस्त अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को चेतावनी दी है कि उसे 30 अक्टूबर तक नया संविधान अपनाना और उसकी पुष्टि करनी होगी।

### सीबीएसई: एलओसी के नए नियम जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए उम्मीदवारों की सूची (एलओसी) जमा करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसमें कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। ये बदलाव 10वीं कक्षा के लिए दो बोर्ड परीक्षा, अपार आईडी और एलओसी जमा करने से संबंधित हैं।

### उज्जैन में दूसरे ग्लोबल स्पिरिचुअल टूरिज्म कॉन्क्लेव 'रूहमेंटिक' के शुभारंभ पर बोले सीएम डॉ. यादव

# तिरुपति, शिरडी व काशी की 'तर्ज' पर महाकाल में और बढ़ेगा धार्मिक पर्यटन



*मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा महाकाल के आशीर्वाद से उज्जैन आज देश की धार्मिक आस्था और परंपराओं के संवाहक के रूप में प्रसिद्धि पाकर 'द बेस्ट रिलीजिएस एंड स्पिरिचुअल डेस्टिनेशन' बन चुका है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा महाकाल के आशीर्वाद से यह शहर आज देश की धार्मिक आस्था और परंपराओं के संवाहक के रूप में प्रसिद्धि पाकर 'द बेस्ट रिलीजिएस एंड स्पिरिचुअल डेस्टिनेशन' बन चुका है। उज्जैन का यह गौरवशाली स्वरूप ऐसे ही नहीं बना। इसके पीछे एक लंबी कहानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रीमहाकाल लोक के लोकार्पण के बाद से उज्जैन शहर की पहचान, आकर्षण और आस्था विश्वव्यापी हो गए हैं। अब यहां देश-विदेश से श्रद्धालु और पर्यटक बड़ी संख्या में आ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन के होटल अंजुश्री में दूसरे ग्लोबल स्पिरिचुअल टूरिज्म कॉन्क्लेव 'रूहमेंटिक' के शुभारंभ कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। दोनों ने कॉन्क्लेव के दौरान 'फेथ एंड फ्लो' पुस्तक का विमोचन भी किया।

**»** ***उज्जैन की आध्यात्मिक धरोहर पूरे विश्व को दे रही है दिशा: केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत***

**»** ***कॉन्क्लेव में तिरुपति बालाजी ट्रस्ट, शिरडी साईंबाबा ट्रस्ट, काशी विश्वनाथ ट्रस्ट से भी प्रतिनिधि आए***




**सीएम ने कहा-**देश की आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है उज्जैन और ऊर्जा के स्त्रोत हैं बाबा महाकाल

### धर्म और संस्कृति की कोई सीमा नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन काल गणना की नगरी है। आत्मचिंतन के लिए भारत से अच्छा दुनिया में कोई स्थान नहीं है। आज देश की सीमाएं हो सकती हैं, लेकिन, धर्म और संस्कृति की कोई सीमा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान तक फैली हुई है। उज्जैन में एक हजार बीघा जमीन पर बाबा महाकाल का मंदिर बना हुआ है। श्रीआनंदपुर धाम में निरंकारी भाव से गुरु महाराज की भक्ति की जा रही है।

### पर्यटन नीति से देश की सांस्कृतिक ताकत बढ़ी : शेखावत

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री शेखावत ने कहा कि पर्यटन नीति में हमने देश की सांस्कृतिक ताकत बढ़ाने वाले धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन केंद्रों के विकास के लिए बड़े प्रावधान किए हैं। इस तरह के आयोजन भारत की संस्कृति और पर्यटन को विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

### उज्जैन अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ तेजी से बढ़ रहा है आगे गुरू धीर ने कहा

*उज्जैन स्थित इस्कॉन मंदिर के आध्यात्मिक गुरु और प्रेरणादायक वक्ता धीर गौर दास प्रभु ने कहा कि तीर्थस्थलों में नई जरूरतों के मुताबिक विकास कार्य कराने से ही पर्यटकों की संख्या बढ़ती है। उज्जैन इसका जीवंत उदाहरण है। दुनिया में कई शहर विशेष उद्देश्य से विकसित किए गए हैं। जैसे अमेरिका में लास वेगास, भारत में मुंबई, सूरत और उज्जैन। उज्जैन अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में शीर्ष 10 शहर हैं, जो धार्मिक पर्यटन के लिए विशेष पहचान रखते हैं। इनमें भारत के 4 शहर - प्रयागराज (20 करोड़ सैलानी प्रतिवर्ष), अयोध्या (3 करोड़ सैलानी प्रतिवर्ष), तिरुपति बालाजी (3 से 4 करोड़ सैलानी प्रतिवर्ष) और वाराणसी शामिल हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि बहुत जल्द हमारा उज्जैन भी इस सूची में शामिल हो जाएगा।*


### पीएम मोदी ने घटना पर जताया दुख, ली जानकारी



# वैष्णो देवी में लैंडस्लाइड से मौत का आंकड़ा 33 पहुंचा

**मरने वालों में एक श्रद्धालु जबलपुर का**

◀ श्राइन बोर्ड मृतकों के परिजन को 5 लाख रुपए और डिजास्टर मैनेजमेंट 4 लाख रुपए देगा



एजेंसी ▶▶जम्मू

वैष्णो देवी मंदिर के ट्रैक पर लैंडस्लाइड में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर बुधवार को 33 हो गया। हादसा मंगलवार दोपहर 3 बजे पुराने ट्रैक पर अर्धकुमारी मंदिर से कुछ दूर इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ था। मंगलवार देर रात तक सात लोगों के मरने की खबर थी, लेकिन सुबह आंकड़ा बढ़ गया। वहीं, 23 से ज्यादा लोग जख्मी हैं और कई लापता हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है।

मरने वालों में एक श्रद्धालु जबलपुर का भी है। मंगलवार दोपहर बादल फटने के कारण यात्रा स्थगित कर दी गई थी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा बुधवार को घायलों से मिलने कटड़ा पहुंचे। श्राइन बोर्ड मृतकों के परिजन को 5 लाख रुपए और डिजास्टर मैनेजमेंट 4 लाख रुपए देगा।

### भारी बारिश और बाढ़ से जम्मू रेल मार्ग ठप

**65 ट्रेनें रद्द, 46 का गंतव्य बदला**

जम्मू में चक्की नदी में आई बाढ़ और मिट्टी धंसने से रेल यातायात पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। उत्तर रेलवे के मुताबिक अब तक 65 ट्रेनों को रद्द किया गया है। इनमें दिल्ली, वाराणसी, कानपुर, अजमेर, पुणे, गुवाहाटी और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों से जम्मू तवी और श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा जाने वाली गाड़ियां शामिल हैं। 46 ट्रेनों का गंतव्य बदल दिया गया है यानी उन्हें बीच के स्टेशनों पर ही रोक दिया गया। इसके अलावा 24 ट्रेनें अपने तय प्रारंभिक स्टेशन से नहीं चलेंगी, बल्कि बीच के बड़े स्टेशनों से शुरू की जाएंगी।

### दिग्विजय सिंह-कमलनाथ के बयान पर मंत्री सिंधिया ने तोड़ी चुप्पी

# दोनों नेताओं के बयान ही बता रहे कि उनके बीच क्या चल रहा था?

**मेरे परिवार के खिलाफ बातें बोली गईं थीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

कांग्रेस के दो दिग्गज नेताओं कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने ज्योतिरादित्य सिंधिया की ओर से सरकार गिराए जाने की अलग-अलग वजह बताकर राजनीतिक हलचल मचा दी है।

दिग्विजय सिंह ने एक पॉडकास्ट में 5 साल पहले वाली बंद कमरे की बात को सार्वजनिक कर दिया है। उन्होंने कहा कि, उनकी वजह से नहीं बल्कि कमलनाथ की वजह से सिंधिया कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए और सरकार



गिर गई। इसके बाद कमलनाथ ने भी दिग्विजय सिंह पर खुलकर वार किया है। दोनों नेताओं के बीच चल रहे वार पलटवार के बीच पहली बार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। सिंधिया कहा कि मैं अतीत में नहीं जाना चाहूंगा। दोनों नेताओं के बयान ही स्पष्ट कर रहे हैं कि उनके बीच क्या चल रहा था?

### तब मुझे एक्शन लेना पड़ा

सिंधिया ने कहा कि जब बात सम्मान और स्वाभिमान की होती है तो सोचना पड़ता है। बंद कमरे में मेरे और मेरे परिवार के लिए कई बार बहुत सी बातें बोली गईं। लेकिन मैंने उन पर ध्यान नहीं दिया। लेकिन सार्वजनिक तौर जब मेरे और परिवार के खिलाफ कुछ बातें बोली गईं तो मुझे एक्शन लेना पड़ा।

### खाद की किल्लत को लेकर विधायक और कलेक्टर के बीच तनातनी

# कलेक्टर ने दिखाई अंगुली तो भाजपा विधायक ने तान लिया मुक्का, गुस्से में हुए ऐसे लाल कि बोले अभद्र शब्द

### विधायक ने अपने समर्थकों से 'भिंड कलेक्टर.... है' के नारे तक लगवा दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिंड

भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाहा को अंगुली दिखाई, तो विधायक ने भी कलेक्टर के मुंह पर मुक्का तान दिया फिर दोनों के बीच जमकर बहसबाजी शुरू हो गई और बवाल होने लगा। यह पूरा घटनाक्रम बुधवार को भिंड जिला मुख्यालय पर कलेक्टर बंगले पर घटित हुआ, जब भिंड विधायक कुशवाह अपने समर्थकों के साथ कलेक्टर के बंगले पर पहुंचे थे। पहले विधायक और उनके समर्थक बाहर नारेबाजी करते रहे फिर विधायक कुशवाहा ने समर्थकों के साथ मिलकर कलेक्टर के बंगले के दरवाजे को जोरदार धक्का देकर खोल दिया।





**मंत्री प्रहलाद पटेल ने बात की तब कुशवाह माने**

हंगामे की खबर जैसे ही पुलिस अधिकारियों और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को लगी तो, एडीएम एलके पांडे समेत पुलिस के अन्य अधिकारी कलेक्टर बंगले पर पहुंच गए। यहां विधायक को मनाने की कोशिश की गई, लेकिन वह नहीं माने।

### आखिर, ये खाद जा कहां जा रही है?

विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि किसानों को खाद मिलने में परेशानी हो रही है, पर्याप्त खाद उपलब्ध है लेकिन वितरण व्यवस्था सही नहीं है। किसान जब हमारे पास आए तो हम किसानों के साथ कलेक्टर के पास पहुंचे थे। हमारी प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल से बात हो गई है, जब खाद पर्याप्त मात्रा में है तो सोसाइटियों पर क्यों नहीं पहुंच रही है? आखिर ये खाद कहां जा रही है?

जबलपुर
गुरुवार, 28 अगस्त 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष - 4
वर्ष : 20, अंक : 121
पृष्ठ : 8+6=14 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 28
न्यून. 23

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

4
निर्यात से निकलेगा टैरिफ का तोड़



मैट्रो
6 अवमानना मामले में हाईकोर्ट ने ...

महू सैन्य छावनी के आर्मी वार कॉलेज में तीनों सेनाओं की संयुक्त संगोष्ठी 'रण संवाद 2025' के अंतिम दिन रक्षामंत्री राजनाथ ने किया संबोधित

# भारतीय सेना को पांच साल तक चलने वाले युद्ध के लिए भी तैयार रहना होगा

## भारत ने कभी युद्ध की शुरुआत नहीं की, चुनौती मिली तो देंगे करारा जवाब

## राष्ट्रीय सुरक्षा अब केवल सेना का ही नहीं बल्कि यह संपूर्ण राष्ट्र के दृष्टिकोण का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि अप्रत्याशित भू-राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए देश के सशस्त्र बलों को अल्पकालिक संघर्षों से लेकर पांच साल तक के युद्ध सहित सभी प्रकार की सुरक्षा चुनौतियों के लिए तैयार रहना चाहिए। महू सैन्य छावनी के आर्मी वार कॉलेज में तीनों सेनाओं की संयुक्त संगोष्ठी 'रण संवाद 2025' के दूसरे और अंतिम दिन पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भारत किसी की जमीन नहीं चाहता, लेकिन अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। राजनाथ ने कहा कि आज के दौर में युद्ध इतने अचानक और अप्रत्याशित हो गए हैं कि यह अनुमान लगाना बहुत मुश्किल है कि कोई युद्ध कब समाप्त होगा और कितने समय तक चलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों को हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि इसका मतलब यह है कि अगर कोई युद्ध दो महीने, चार महीने, एक साल, दो साल, यहां तक कि पांच साल तक भी चलता है, तो हमें उसके लिए पूरी तरह तैयार रहना चाहिए।

## ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की सराहना



### संवाद हमारी संस्कृति का हिस्सा, महाभारत इसका उदाहरण

राजनाथ सिंह ने कहा कि 'रण संवाद' नाम ही गहन विचार का विषय है। 'रण' युद्ध का प्रतीक है जबकि 'संवाद' चर्चा और मेल मिलाप का। पहली नजर में दोनों विरोधाभासी लगते हैं, लेकिन भारतीय संस्कृति में ये दोनों साथ साथ चलते हैं। उन्होंने महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि युद्ध रोकने के लिए स्वयं श्रीकृष्ण शांति संदेश लेकर गए थे, ताकि संवाद से युद्ध टल सके। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय परंपरा में युद्ध और संवाद अलग अलग नहीं हैं। संवाद युद्ध से पहले भी होता है, युद्ध के दौरान भी और युद्ध के बाद भी जारी रहता है। यही 'रण संवाद' का सबसे प्रासंगिक संदेश है, जो आज के समय में भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### स्वदेशी तकनीक और हथियारों का भी किया जिक्र

कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। रक्षा मंत्री ने इस दौरान स्वदेशी तकनीक और हथियारों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज हमारे स्वदेशी प्लेटफॉर्म जैसे लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस', एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम, आकाश मिसाइल सिस्टम और स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर दुनिया को संदेश दे रहे हैं कि भारत की तकनीक और गुणवत्ता अब विश्व स्तरीय मानकों पर है। यह आत्मविश्वास और ताकत हमारे वैज्ञानिकों, उद्योगों और नेतृत्व की देन है। राजनाथ ने कहा कि अब भारत रक्षा उपकरणों का आयात करने के बजाए स्वयं निर्माण कर रहा है। उन्होंने खुलासा किया कि भारत ने अब पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कथावाचक अनिरुद्धाचार्य पर भड़के बाबा रामदेव



**नई दिल्ली।** कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के विवादित बयानों पर बाबा रामदेव भड़क गए। उन्होंने कहा कि मैं बिना नाम कह रहा हूं, सनातन धर्म का गुरु या संन्यासी वो है, जिसने देश के लिए इंडस्ट्री, हेल्थ, एजुकेशन में कुछ योगदान दिया है। पूछा कि भारत को भारत बनाने में उनका क्या योगदान है। वो कुछ भी बकवास करे, वो गुरु नहीं हो सकता है।

### आसाराम फिर जेल जाएगा, कोर्ट का झटका



**जयपुर।** आसाराम को राजस्थान के जोधपुर हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत बढ़ाने के मामले में बड़ा झटका दिया है। कोर्ट के फैसले से साफ हो गया कि आसाराम को फिर से जेल जाएंगे। कोर्ट की तरफ से अंतरिम जमानत को आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया गया। रिपोर्ट को आधार मानते हुए अंतरिम जमानत नहीं बढ़ाई गई।

### ईपीएफओ 3.0 जल्द होगा लॉन्च, मिलेगी सुविधा



**नई दिल्ली।** ईपीएफओ का नया डिजिटल प्लेटफॉर्म ईपीएफओ 3.0 जल्द ही लॉन्च होने वाला है। इससे पीएफ से जुड़ी कई बड़ी परेशानियां खत्म हो जाएंगी और आपको पैसा निकालने से लेकर क्लेम करने तक हर काम आसान हो जाएगा। सरकार ने इसके लिए इंफोसिस, विप्रो और टीसीएस जैसी बड़ी आईटी कंपनियों को शॉर्टलिस्ट किया है। टेक्निकल टेस्टिंग की वजह से देरी हुई है।

**मोदी सरकार ने दिया संदेश:** सरकार का संदेश साफ है कि हम झुकेंगे नहीं
अगर अभी तेल आयात रोक दिया तो अमेरिका और शर्तें थोपेगा

# देश पहले, व्यापार बाद में-ट्रंप टैरिफ के बाद नहीं झुका भारत

*भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने बुधवार से भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगा दिया है। यानी, कुल 50 फीसदी टैक्स हो गया है*

- प्रमुख उत्पादन केंद्रों जैसे सूरत, पानीपत, तिरुपुर व भदोही को लक्षित देशों से जोड़ा जाएगा
- भारतीय तेल रिफाइनरी कंपनियों का कहना है कि रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद नहीं होगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने बुधवार से भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया दिया है। यानी, कुल 50 फीसदी टैक्स हो गया है। इसके पीछे की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को बताया है। हालांकि, भारतीय तेल रिफाइनरी कंपनियों का कहना है कि रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद नहीं होगा। उनका मानना है कि सरकार अमेरिकी दबाव के आगे झुकेगी नहीं। अधिकारियों का साफ संदेश है कि देश पहले-व्यापार बाद में।

तेल कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि सरकार की तरफ से रूस से तेल खरीद बंद करने का कोई आदेश नहीं मिला है। सितंबर में ऑर्डर थोड़े कम जरूर हुए हैं, लेकिन इसका कारण अमेरिकी टैरिफ नहीं बल्कि रूस की तरफ से कम डिस्काउंट मिलना है। पिछले साल रूसी कच्चा तेल 2.5 डॉलर से लेकर 3 डॉलर प्रति बैरल तक सस्ता मिल रहा था, लेकिन अब यब छूट घटकर सिर्फ 1.5 डॉलर से लेकर 1.7 डॉलर प्रति बैरल रह गई है। अधिकारी मानते हैं कि अक्टूबर से ऑर्डर फिर बढ़ सकते हैं, क्योंकि रूस फिर से छूट बढ़ाने की तैयारी कर रहा है।

- *भारत कपड़ा निर्यात बढ़ाने के लिए 40 देशों में चलाएगा खास अभियान*
- *इस बीच भारत को उम्मीद है कि अमेरिका से द्विपक्षीय व्यापार समझौता हो जाएगा*



### तो, बदल सकती है सप्लाई चेन

तेल उद्योग से जुड़े जानकार मानते हैं कि अगर भारत चाहे तो दूसरे देशों से भी आसानी से कच्चा तेल खरीद सकता है। लेकिन, ऐसा करना अमेरिका के दबाव में झुकना माना जाएगा। इसलिए सरकार इस विकल्प से फिलहाल बचना चाहती है। उन्होंने कहा कि अगर भारत तुरंत रूसी तेल खरीदना बंद कर देता है तो वैश्विक तेल बाजार पर बहुत बड़ा असर नहीं पड़ेगा।

### 40 देशों में करीब 590 अरब डॉलर का वस्त्र और परिधान आयात

भारत पहले से ही 220 से अधिक देशों को वस्त्र निर्यात करता है, लेकिन इन 40 देशों में असली अवसर हैं। यहां करीब 590 अरब डॉलर का वस्त्र और परिधान आयात होता है। वस्त्र और परिधान क्षेत्र का आकार वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 179 अरब डॉलर का अनुमान है।

### एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की होगी अहम भूमिका

अधिकारी ने बताया कि एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल भारत की इस रणनीति का अहम हिस्सा होंगी। ये काउंसिल बाजार की मांग को समझेंगी, प्रमुख उत्पादन केंद्रों जैसे सूरत, पानीपत, तिरुपुर, भदोही को लक्षित देशों से जोड़ेंगी, और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों व प्रदर्शनों में भारत की भागीदारी को बढ़ावा देंगी। साथ ही 'ब्रांड इंडिया' के तहत विभिन्न सेक्टरों की मार्केटिंग भी करेंगी। ये काउंसिल फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स (एफटीए) का उपयोग, स्थिरता मानकों का पालन और जरूरी सर्टिफिकेट हासिल करने में निर्यातकों की मदद करेंगी।

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत का बड़ा बयान

# मंदिर, पानी और श्मशान में नहीं होना चाहिए कोई भेद

*हिंदू राष्ट्र का जीवन लक्ष्य क्या है? हमारा हिंदुस्तान इसका उद्देश्य विश्व कल्याण है*



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में मोहन भागवत ने कहा कि मंदिर, पानी और श्मशान में कोई भेद नहीं होना चाहिए। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि हिंदुत्व क्या है? हिंदू विचारधारा क्या है? संक्षेप में कहें तो दो शब्द हैं, सत्य और प्रेम। दुनिया एकता पर चलती है; यह सौदों से नहीं चलती, यह अनुबंधों से नहीं चलती, यह चल ही नहीं सकती। उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र का जीवन-लक्ष्य क्या है? हमारा हिंदुस्तान, इसका उद्देश्य विश्व कल्याण है। विकास के क्रम में, दुनिया ने अपने भीतर खोजना बंद कर दिया... अगर हम अपने भीतर खोजेंगे, तो हमें शाश्वत सुख का स्रोत मिलेगा जो कभी मिटता नहीं। इसे पाना ही मानव जीवन का परम लक्ष्य है और इससे सभी सुखी होंगे। सभी एक-दूसरे के साथ सद्भाव से रह सकेंगे। दुनिया के कलह समाप्त हो जाएंगे। दुनिया में शांति और सुख होगा। मोहन भागवत ने बुधवार को कहा है कि पहले और दूसरे विश्वयुद्ध के बाद भी तीसरे विश्वयुद्ध जैसी स्थिति आज दिखाई देती है।

### हमारी विचारधारा सबका भला हो

उन्होंने कहा कि अगर सभी उपभोग के पीछे भागने लगे तो स्पर्धा होती है, आपस में झगड़े होते हैं। दुनिया नष्ट होने की नौबत आती है, जबकि हमारी विचारधारा है कि सबका भला हो। उन्होंने कहा कि धर्म सार्वभौमिक है, यह सृष्टि के आरंभ से ही अस्तित्व में है। यह आप पर है कि आप मानो या न मानो लेकिन यह विश्व को शांति देने वाला धर्म है। परिवार में बैठकर सोचें कि अपने भारत के लिए हम क्या कर सकते हैं। अपने देश समाज के लिए किसी भी प्रकार से कोई भी कार्य करना। पौधा लगाने से लेकर वंचित वर्ग के बच्चों को पढ़ाने तक का कोई भी छोटा सा कार्य करने से देश और समाज से जुड़ने का मानस बनेगा।

अहमदाबाद शहर बना प्रमुख दावेदार

## भारत की 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की दावेदारी को कैबिनेट की मंजूरी

*अहमदाबाद को विश्वस्तरीय स्टेडियम और खेल संस्कृति के चलते आदर्श मेजबान बताया*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार 27 अगस्त 2025 को भारत की 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की दावेदारी को मंजूरी दे दी और 'विश्वस्तरीय स्टेडियमों, अत्याधुनिक अभ्यास सुविधाओं और खेल संस्कृति' के कारण अहमदाबाद को आदर्श मेजबान बताया। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के सहमति जताने के कुछ दिन बाद ही यह फैसला आया। भारत ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की दावेदारी की इच्छा जताने वाला आशय पत्र जमा कर दिया है।

सिवनी में हुआ दर्दनाक हादसा

## डीजल चोरी करते टैंकर में धमाका भीषण आग में युवक 'जिंदा' जला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी



जिले के बरघाट थाना अंतर्गत ग्राम घिसीकौड़िया में मंगलवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। डीजल टैंकर में भीषण आग लग गई। इस दौरान डीजल चोरी कर रहा युवक भीषण आग की चपेट में आ गया और जिंदा जल गया। आग में पूरा टैंकर जलकर नष्ट हो गया।

### ढाबा संचालक की भूमिका पर संदेह

हादसे के बाद ढाबा संचालक संतोष ने ही पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी फायरब्रिगेड के साथ पहुंचे। हादसे के बाद ढाबा संचालक की लापरवाही और संदिग्ध भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। संचालक के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।

यह घटना सीसीटीवी में कैद

बड़वानी में आवारा कुत्तों का आतंक

## बुजुर्ग की नाक काटी, करीब 10 लोगों को निशाना बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वानी



बुधवार को सुबह से दोपहर तक चंद घंटे में करीब एक दर्जन लोग आवारा कुत्तों के काटने के शिकार बने। इस दौरान एक बुजुर्ग के मुंह पर श्वान ने झपट्टा मारकर नाक काट दी। इस दौरान आधे दिन में ही बच्चों सहित बड़े लोग श्वानों के शिकार होकर जिला अस्पताल उपचार के लिए पहुंचे।

बुधवार सुबह करीब 10 बजे शहर के गुरुद्वारा के पीछे नवलपुरा मुख्य मार्ग पर वेल्डिंग व ऑटो गैरेज व्यवसायी हाजी बसीर मंसूरी को श्वान ने बुरी तरह जख्मी किया।

### कुत्ते के लिए आरआई ने कॉन्स्टेबल को बेल्ट से पीटा

**खरगोन।** खरगोन में पालतू डॉग के गुम होने से नाराज रिजर्व इंस्पेक्टर (आरआई) ने कॉन्स्टेबल की पिटाई कर दी। कॉन्स्टेबल का आरोप है कि आरआई और उनकी पत्नी ने जातिसूचक अपशब्द कहे और बेल्ट से पीटा। मामला 23 अगस्त का है। सोशल मीडिया पर चोटें दिखाने का वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित कॉन्स्टेबल राहुल चौहान ने बुधवार को अजाक (अनुसूचित जाति/जनजाति) थाने में लिखित शिकायत दी है।

जस्टिस बीवी नागरत्ना ने जताई थी असहमति

## सुप्रीम कोर्ट को मिलने जा रहे दो नए जज, राष्ट्रपति ने जारी किए नियुक्ति पत्र

*शीर्ष कोर्ट की पूरी क्षमता 34 जजों की हो जाएगी*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



आलोक अराधे | विपुल पंचोली

सुप्रीम कोर्ट को दो और जज मिलने वाले हैं। पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विपुल मनुभाई पंचोली और मुंबई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस आलोक अराधे की सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी देते हुए परवाना जारी कर दिया है। जस्टिस पंचोली के शपथ ग्रहण के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में गुजरात हाईकोर्ट मूल वाले जजों की तादाद 3 हो जाएगी।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट जजों की पूरी क्षमता 34 जजों के साथ काम करने लगेगा। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश के 48 घंटों के भीतर नियुक्ति पत्र जारी कर दिया है। हालांकि कॉलेजियम ने 4:1 के बहुमत से ये प्रस्ताव पारित किया गया था। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने असहमति का नोट दिया था। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि पहले ही सुप्रीम कोर्ट में गुजरात के दो जज हैं। तीसरा जज लाने से क्षेत्रीय संतुलन भी बिगड़ेगा। साथ ही ये नियुक्ति न्याय प्रशासन के लिए 'उल्टा असर' करेगी और कॉलेजियम सिस्टम की विश्वसनीयता भी सवालों के कठघरे में होगी।

आज से 5 दिन बारिश में और तेजी आएगी, शुक्रवार रात से भोपाल में झमाझम होगी

उज्जैन में शाम को तेज बारिश, नहीं उड़ पाया सीएम का हेलिकॉप्टर कार से इंदौर जाना पड़ा

## जबलपुर के बरगी डैम के 9 और नर्मदापुरम के तवा बांध के 3 गेट खोले गए, नरसिंहपुर में युवक नदी में बहा, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में बुधवार को सुबह से मौसम साफ रहा। लेकिन एक दर्जन से ज्यादा शहरों में दोपहर बाद बारिश ने जोर पकड़ लिया। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार बंगाल की खाड़ी में दो दिन पहले लो प्रेशर एरिया अब वेलमार्क लो प्रेशर एरिया में बदल गया है। इससे गुरुवार से पांच दिन प्रदेश में बारिश तेजी पकड़ेगी।

मध्यप्रदेश में बुधवार को हल्की बारिश का दौर बना रहा। इंदौर, उज्जैन और श्योपुर में आधा इंच पानी गिर गया। उज्जैन में शाम को तेज बारिश हुई। सीएम डॉ. मोहन यादव का हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। उनको उज्जैन से इंदौर कार से जाना पड़ा। सागर, शाजापुर, मंदसौर, जबलपुर, नर्मदापुरम, धार, बालाघाट, खरगोन और रतलाम में भी हल्की बारिश हुई।



नरसिंहपुर : नदी में बहा युवक

### दोपहर बाद यहां शुरू हुई बारिश

बुधवार को दोपहर बाद कई शहरों में झमाझम बारिश हुई। इनमें खंडवा, खरगोन, इंदौर के कुछ हिस्से, उज्जैन, धार, रतलाम, झाबुआ, बड़वानी, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, नरसिंहपुर में मध्यम से तेज बारिश हुई। नीमच, मंदसौर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, मुरैना, श्योपुरकलां, शाजापुर, राजगढ़, विदिशा, रायसेन, सीहोर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, हरदा, जबलपुर, मंडला, डिंडोरी, शहडोल, दमोह, सागर आदि जिलों में शाम से देर रात के बीच कुछ देर बौछारें पड़ीं। भोपाल में शाम तक बादल छाए रहे।




## खिसियाए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, अब जेलेंस्की पर निकाल रहे गुस्सा

# बोले- यूक्रेन पर ही लगा दूंगा बैन, आर्थिक जंग की धमकी

*रूस और यूक्रेन में सुलह कराने में नाकाम रहा यूएस, अब दोनों देशों को चेतावनी देने लगा*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

यूक्रेन जंग में सुलह कराने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सारे तरीके विफल होते नजर आ रहे हैं। बीते दिनों रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अलास्का में हुई बैठक के बाद भी रूस और यूक्रेन के बीच अब तक कोई समझौता नहीं हो पाया है। इस बीच अब खिसियाए ट्रंप ने यूक्रेन को धमकी दे दी है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर जल्द से जल्द कोई हल नहीं निकला तो वह यूक्रेन पर भी कड़े प्रतिबंध और टैरिफ लगा देंगे।



### डिजिटल टैक्स लगाया तो एक्स्ट्रा टैरिफ लगाऊंगा

ट्रंप ने उन देशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है, जो अमेरिका की डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर टैक्स लगाते हैं। ट्रंप ने कहा कि यदि डिजिटल टैक्स को खत्म नहीं किया गया तो, उन देशों के सामान पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। डिजिटल टैक्स लगाने वालों में यूरोप के कई देश शामिल हैं। ट्रंप ने इसे अमेरिकी तकनीक के खिलाफ भेदभावपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मैं उन सभी देशों को चेतावनी देता हूं, जो डिजिटल टैक्स, कानून, नियम या विनियम लागू करते हैं। यदि ये भेदभावपूर्ण कदम नहीं हटाए गए, तो मैं उनके निर्यात पर भारी अतिरिक्त टैरिफ लगाऊंगा और हमारी अत्यधिक संरक्षित तकनीक व चिप्स पर निर्यात प्रतिबंध लागू करूंगा। ट्रंप इससे पहले भी डिजिटल टैक्स पर कनाडा और फ्रांस जैसे देशों को वह चेतावनी दे चुके हैं। ट्रंप प्रशासन यूरोपीय संघ या उसके सदस्य देशों के उन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है, जो ब्लॉक के ऐतिहासिक डिजिटल सर्विसेज एक्ट को लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं।

### बहुत गंभीर परिणाम की दी चेतावनी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यह चेतावनी भी दी है कि अगर जंग को खत्म नहीं किया गया तो आर्थिक युद्ध शुरू हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि अगर संघर्ष जारी रहा, तो इसके बहुत गंभीर परिणाम होंगे।

## मानवाधिका संगठन ने बांग्लादेश पर उठाए सवाल

# यूनुस सरकार में बढ़ीं हत्याएं और कस्टडी मौतें, विफलताएं उजागर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बांग्लादेश में हत्याओं, हिरासत में मौतों और मानवाधिकारों के उल्लंघन की घटनाएं बढ़ी हैं। मुहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार को इसका दोषी माना जा रहा है। इस विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने प्रकाश डाला है। रिपोर्ट के अनुसार घटनाओं ने कानून प्रवर्तन, जेल प्रबंधन और न्यायिक जवाबदेही की व्यवस्थागत विफलताओं को उजागर किया है। फ्रांस में जस्टिस मेकर्स बांग्लादेश (जेएमबीएफ) ने 'बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के तहत अन्यायपूर्ण हत्याओं और हिरासत में मौतों की स्थिति' शीर्षक वाली अपनी रिपोर्ट में बताया है कि अगस्त 2024 से लेकर जुलाई 2025 के बीच देश में यूनुस प्रशासन के तहत ऐसी हत्याओं और हिरासत में मौतों की संख्या में वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि घटनाओं की व्यापक आलोचना हुई है, जिससे कानून प्रवर्तन, जेल प्रबंधन और न्यायिक जवाबदेही में व्यवस्थागत विफलताएं उजागर हुई हैं। मानवाधिकार संस्था ने इस दौरान बांग्लादेश में हुई ऐसी कुल 60 घटनाओं को दर्ज किया है, जिनमें 70 लोगों की जान चली गई।

## ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री बोलीं

# टैरिफ पर ट्रंप प्रशासन को नई दिल्ली से संवाद करना चाहिए


फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने भारत के साथ बेहतर संबंधों पर जोर दिया है। वोंग ने क्वाड ढांचे के भीतर साझा रणनीतिक उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच गहरी होती साझेदारी पर जोर दिया। वोंग ने कहा कि क्वाड के सदस्य- भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका अपने अलग दृष्टिकोण के साथ भारत हिंद महासागर क्षेत्र में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि देते हैं।

खासतौर से भारत का हिंद महासागर पर एक नजरिया है। वोंग ने भारत से दोस्ती की यह बात ऐसे समय कही है, जब अमेरिका के टैरिफ लगाने के फैसले के चलते दिल्ली और वॉशिंगटन के रिश्ते तनावपूर्ण हैं। वोंग ने भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ अपनी बातचीत का हवाला देते हुए दिल्ली के साथ अच्छे संबंधों पर जोर दिया। भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव पर वोंग ने कहा कि बातचीत को जरिए चीजों को हल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन को भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाने के लिए संवाद को प्रोत्साहित करना चाहिए।

### वाणिज्य मंत्रालय निर्यातकों के साथ करेगा बैठक

*नई दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय नए बाजारों में निर्यात को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा के लिए इस सप्ताह रसायन, रत्न एवं आभूषण सहित विभिन्न क्षेत्रों के निर्यातकों के साथ बैठकें करेगा। इसका मकसद उद्योगों को भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत के भारी अमेरिकी शुल्क से बचाना है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि 2025-26 के बजट में घोषित निर्यात संवर्धन मिशन तैयार करने पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। अगले दो-तीन दिन में मंत्रालय अन्य देशों को निर्यात बढ़ाने पर संबंधित पक्षों के साथ बैठक करेगा। अमेरिका को निर्यात किये जाने वाले उत्पादों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगेगा। इससे 48 अरब डॉलर से अधिक के निर्यात पर असर पड़ेगा। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के उच्च आयात शुल्क का प्रतिकूल असर जिन क्षेत्रों पर पड़ेगा, उनमें कपड़ा/वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, झींगा, चमड़ा और जूते, पशु उत्पाद, रसायन, तथा इलेक्ट्रिकल एवं यांत्रिक मशीनरी शामिल हैं।*

### टैरिफ नहीं, खुलेपन की जरूरत

ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने आर्थिक मोर्चों पर टैरिफ को लेकर ऑस्ट्रेलिया के विरोध को व्यक्त किया। उन्होंने विकास को गति देने के लिए खुलेपन की वकालत की। उन्होंने कहा कि दुनिया में खुलेपन के जरिए ज्यादा तेजी से तरक्की का रास्ता खुल सकता है। किसी एकतरफा फैसले या सख्ती की बजाए खुलेपन से चीजें किया जाना ज्यादा बेहतर होगा।

## सभी सेनाओं में तालमेल लाने और सुरक्षा चुनौतियों का सटीकता से दे सकेंगे जवाब

# विशेष बलों के संचालन और अभियानों के लिए 'संयुक्त सिद्धांत' जारी किए गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को मध्य प्रदेश के डॉ. अंबेडकर नगर स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में आयोजित त्रि-सेवा सेमिनार 'रण संवाद' के दौरान विशेष बल और एयरबोर्न एवं हेलीबोर्न संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांतों का विमोचन किया। कार्यक्रम में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और थल सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह भी उपस्थित थे।


### परिचालन क्षमता बढ़ेगी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष चौहान ने तीनों सेनाओं की पेशेवराना अंदाज, अनुकूलनीयता और परस्पर जुड़ाव को लेकर उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की तथा कहा कि ये सिद्धांत उभरते युद्धक्षेत्र में योजनाकारों, कमांडरों और ऑपरेटरों के लिए महत्वपूर्ण संदर्भ के रूप में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इन सिद्धांतों का प्रकाशन संयुक्त परिचालन क्षमता को बढ़ाने, सभी सेनाओं में तालमेल लाने और उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सटीकता और दृढ़ता के साथ सामना करने की तत्परता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### आज से 'ब्राइट स्टार 2025 अभ्यास'

### 700 से अधिक सशस्त्र बल लेंगे भाग

*सशस्त्र बलों और मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ के 700 से अधिक सशस्त्र बल 28 अगस्त से 10 सितंबर, 2025 तक बहुपक्षीय अभ्यास 'ब्राइट स्टार 2025' में भाग लेने के लिए तैयार हैं। ब्राइट स्टार अभ्यास, मिस्र द्वारा अमेरिका के साथ मिलकर वर्ष 1980 से आयोजित एक बहुपक्षीय अभ्यास है और इस क्षेत्र में सबसे बड़े त्रि-सेवा बहुपक्षीय अभ्यासों में से एक है। यह अभ्यास प्रत्येक दो वर्ष में आयोजित किया जाता है जिसका पिछला अभ्यास वर्ष 2023 में हुआ था, जिसमें भारत सहित कई देशों ने अपने सैनिकों के साथ भाग लिया था।*



## चिंतन

# डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका देगी उनकी टैरिफ नीति

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की नापाक साजिशें धीरे-धीरे खुलकर सामने आ रही हैं। ट्रंप ने दो बार में भारत के निर्यात पर 50 फीसदी टैरिफ यह कहते हुए लगा दिया कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे आर्थिक संबल दे रहा है, जिसके बल पर रूस यूक्रेन पर हमले कर रहा है। उसने भारत पर 50% टैरिफ लगा दिया है ताकि वह रूसी तेल की खरीद रोक दे। जबकि अमेरिका खुद पर्दे के पीछे रूस से सौदेबाजी करने में जुटा है। यह अमेरिका की फूट डालकर राज करने की साजिश का ही एक हिस्सा है। अगर अमेरिकी सच में रूस के आर्थिक लाभ को खत्म करना चाहता तो उसे भारत से पहले चीन पर कार्रवाई करनी थी। जो भारत से ज्यादा तेल रूस से खरीद रहा है, लेकिन अमेरिका ने ऐसा नहीं किया। क्योंकि वो दोनों हाथों में लड्डू रखने की रणनीति पर चल रहा है। एक तरफ तो वो चीन को नाराज नहीं करना चाहता, वहीं दूसरी तरफ रूस से भी सौदेबाजी कर रहा है। अमेरिका गुप्त रूप से रूस के साथ ऊर्जा सौदों पर बात कर रहा है। बहाना तो ये है कि ये बातचीत यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए हो रही थी। इसमें एक्सॉनमोबिल का रूस के सखालिन-एक तेल और गैस प्रोजेक्ट में फिर से शामिल होना शामिल है। रूस की ओर से अमेरिकी उपकरणों को अपनी एलएनजी परियोजनाओं के लिए खरीदने की संभावना बताई जा रही है। अमेरिकी अधिकारी कुछ प्रतिबंधों को कम करके क्रेमलिन को शांति के लिए सहमत करने के तरीके खोज रहे हैं। एक समझौते में अमेरिका की ओर से रूस से परमाणु-संचालित आइसब्रेकर जहाजों को खरीदना भी शामिल है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद अमेरिका ने रूस के ऊर्जा क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दिए थे। इससे रूस अंतरराष्ट्रीय निवेश से कट गया था। लेकिन, अमेरिका के अधिकारी रूस को शांति के लिए मनाने के लिए कुछ प्रतिबंधों को हटाने के बारे में सोच रहे हैं। असल में अमेरिका रूस-यूक्रेन युद्ध में भी अपना आर्थिक फायदा देख रहा है। उसे लग रहा है कि शांति स्थापना के नाम पर वो मोटा फायदा ले सकता है। भारत ने तो टैरिफ के ऐलान के बाद ही कह दिया था कि अमेरिका पाखंड कर रहा है। विदेश मंत्रालय का कहना था कि यह ताज्जुब की बात है कि जो देश भारत की आलोचना कर रहे हैं, वे खुद रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं। भारत ने वाशिंगटन को याद दिलाया कि वह भी रूस से यूरेनियम और पैलेडियम जैसे उत्पाद खरीदता है। भारत ने यह भी कहा कि 2024 में यूरोपीय संघ का रूस के साथ 67.5 अरब यूरो का द्विपक्षीय व्यापार था। वहीं, अमेरिका रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, पैलेडियम, उर्वरक और रसायन का आयात जारी रखे हुए है। तस्वीर शीशे की तरह साफ है कि भारत पर टैरिफ लगाने के पीछे अमेरिका की मंशा रूस-यूक्रेन युद्ध न होकर केवल और केवल अपना स्वार्थ है। वो अपना उल्लू सीधा करने की कोशिशों में लगा है, लेकिन इस रणनीति में उसे मुंह की खानी पड़ सकती है। एक तो अमेरिका में महंगाई बढ़ने का खतरा मंडरा रहा है, दूसरा अमेरिका के इस स्वार्थ के चलते भारत-चीन नजदीक आ रहे हैं। ट्रंप ने तकनीक के मामले में चीन को पछाड़ने के लिए और अमेरिका को ग्लोबल लीडर बनाने के लिए एआई एक्शन प्लान की घोषणा की थी। अब चीन को ऐसे टाइम पर भारत के समर्थन की जरूरत है। चीन चाहता है कि इस टेक वॉर में भारत उसका साथ दे। अब खबरें आ रही हैं कि भारत चीन का बाहर से समर्थन कर सकता है। यह अमेरिका के लिए बहुत बड़ा झटका होगा।



## आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# निर्यात से निकलेगा टैरिफ का तोड़

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोई चाहे कितना भी दबाव डाले, आत्मनिर्भर भारत झुकने वाला नहीं है। मोदी ने कहा कि देश के छोटे उद्योगों, किसानों और पशुपालकों के हित सर्वोपरि हैं और उनके आर्थिक हितों पर रणनीतिपूर्वक ध्यान दिया जाएगा। उम्मीद करें कि भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती से मुकाबले के लिए सरकार निर्यातकों को नई निर्यात प्रोत्साहन योजना की छतरी प्रदान करेगी और रणनीतिक कदमों से एमएसएमई को सहारा देते हुए अमेरिकी टैरिफ की चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए दिखाई देगी।**

एक ओर जब 27 अगस्त से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोई चाहे कितना भी दबाव डाले, आत्मनिर्भर भारत झुकने वाला नहीं है। मोदी ने कहा कि देश के छोटे उद्योगों, किसानों व पशुपालकों के हित सर्वोपरि हैं और उनके आर्थिक हितों पर रणनीतिपूर्वक ध्यान दिया जाएगा। सभी के द्वारा स्वदेशी को जीवन मंत्र बनाना होगा। इसी परिप्रेक्ष्य में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ से देश की आर्थिक वृद्धि प्रभावित होने पर केंद्रीय बैंक नीतिगत उपाय कर सकता है। साथ ही भारत ने निर्यातकों को सहारा देने की नई रणनीति सुनिश्चित की है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिका को भारत से होने वाले वस्तु निर्यात का करीब 55 फ़ीसदी यानी करीब 48 अरब का निर्यात प्रभावित हो सकता है। पिछले वित्त वर्ष 2024- 25 में भारत ने अपने कुल निर्यात का पांचवां हिस्सा यानी करीब 86.5 अरब डालर मूल्य की वस्तुओं का अमेरिका को निर्यात किया था। ऐसे में भारत के निर्यातकों के सामने मुश्किलें खड़ी होती हुई दिखाई दे रही हैं। खासतौर से देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से संबंधित निर्यात पर भारी असर पड़ने का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है।

स्थिति यह है कि कपड़ा, रत्न, रसायन, खाद्य प्रसंस्करण, झींगा, हस्तशिल्प और चमड़ा जैसे क्षेत्रों को ऊंचे टैरिफ से भारी नुकसान होने की आशंका है। अमेरिकी खरीदार भारत के लिए अपने निर्यात आदेशों को भी बदलने के संकेत दे रहे हैं। ऐसे में बढ़े हुए टैरिफ से एमएसएमई की चुनौतियों से बड़ी संख्या में नौकरियाँ भी खतरे में पड़ गई हैं। गौरतलब है कि ट्रंप टैरिफ से निर्मित चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय देश के पास मौजूद आर्थिक अनुकूलताएं देश की आर्थिक ताकत बन गई हैं। देश में ऊंचाई छूती घरेलू खपत से घरेलू बाजार मजबूत बना हुआ है। जीएसटी कलेक्शन बढ़ रहा है। महंगाई भी नियंत्रित है। इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास दिखाई दे रहा है। वैश्विक रेटिंग एजेंसियां भारत की अर्थव्यवस्था पर भरोसा जता रही हैं। निर्यातकों के समक्ष उपस्थित निर्यात चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए देश के वाणिज्यिक बैंक ब्याज दरों में छूट,कर्ज भुगतान करने के लचीले विकल्प प्रदान कर रहे हैं और निर्यात बीमा एवं ऋण गारंटी योजनाएं ज्यादा सुगमता से उपलब्ध करा रहे हैं। वे नए-नए निर्यात बाजारों में जाने के लिए प्रोत्साहित करने के इरादे से कार्यशालाएं भी आयोजित कर रहे हैं। केंद्र सरकार बजट में घोषित निर्यात संवर्धन मिशन के तहत वर्ष 2031 तक के लिए निर्यातकों को लगभग 25,000 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करने वाले उपायों पर विचार कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य निर्यातकों को आसान और किफायती ऋण उपलब्ध कराना है। ये उपाय भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी टैरिफ से उत्पन्न होने वाली वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं से बचाने में मदद कर सकते हैं। इसके साथ-साथ बैंकिंग क्षेत्र में उच्च स्तर पर निर्यात प्रधान उद्योगों को कार्यशील पूंजी व ऋण आसानी से उपलब्ध कराने तथा ब्याज में छूट देने के साथ



विभिन्न तरह के प्रशासनिक शुल्क जैसे लोन प्रॉसेसिंग, फॉरेक्स हैंडलिंग और कलेक्शन शुल्क से छूट देने पर भी विचार किया जा रहा है, जिससे प्रभावित व्यवसायों की परिचालन लागत में कमी आ सके। निश्चित रूप से एमएसएमई निर्यातकों के समक्ष डिजिटल ढांचा, कुशल श्रमिक, बाजार पहुंच, फंडिंग की कमी टेक्नोलॉजी, सप्लाई चेन, डेटा सुरक्षा और स्किल डेवलपमेंट की चुनौतियां भी खड़ी हुई हैं। आईटी सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप्स के समक्ष व्यावहारिक मार्गदर्शन, एक्सेस और प्रारंभिक निवेश की चुनौती है। खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्यमों में खराब तकनीक और कमजोर लॉजिस्टिक व्यवस्था के कारण गुणवत्ता में कमी की चुनौती है। ऊर्जा की अनियमित आपूर्ति और बड़ी कंपनियों से भुगतान में देरी एमएसएमई के विकास में बड़ी बाधा हैं।

उल्लेखनीय है कि एमएसएमई क्षेत्र की देश में उत्पादन, निर्यात और रोजगार में अहम भूमिका है। हाल ही में राज्यसभा में एमएसएमई मंत्री ने बताया कि देश में इस समय पंजीकृत 6.5 करोड़ एमएसएमई करीब 28 करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30.1 फीसदी है। देश के एमएसएमई विनिर्माण में 35.4 फीसदी और निर्यात में 45.73 फीसदी योगदान दे रहे हैं। निश्चित रूप से अब इस समय तेज विकास की रणनीति के तहत तेजी से आकार ले रहे भारत के एफटीए में जिस तरह एमएसएमई के हितों को अधिक महत्व दिया जा रहा है, उससे देश के एमएसएमई के लिए नई वैश्विक संभावनाएं भी उभरकर दिखाई दे रही हैं। निसंदेह एमएसएमई के समक्ष ऊंचे टैरिफ से निर्मित निर्यात सहित बहुआयामी चिंताओं को दूर करने हेतु मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से बहुआयामी उपायों की जो एक वृहद श्रृंखला प्रस्तुत की गई है, उसके क्रियान्वयन पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इसके तहत वित्तीय सहायता और खरीद नीतियों से लेकर क्षमता निर्माण और बाजार एकीकरण तक की पहलें शामिल हैं।

उद्योगों का विस्तार करने और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए, एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर सुनिश्चित किया गया है। टैरिफ तूफान के बीच एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिया जाना होगा। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि बुनियादी ढांचे की मजबूती, अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाने, ब्याज समतुल्य योजना को फिर से शुरू किए जाने तथा ऋण गारंटी कार्यक्रमों का विस्तार करने जैसे उपायों से एमएसएमई को वित्तीय राहत और स्थिरता प्रदान करनी होगी। एमएसएमई के हित में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का विस्तार किए जाने से विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख एमएसएमई लाभांवित होंगे। इस बात पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा कि भारत के एमएसएमई गुणवत्ता को मुट्ठी में लेकर समकालीन डिजिटल तकनीकों को अपनाते हुए वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति को रणनीतिक रूप से बढ़ा सकते हैं। उम्मीद करें कि भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती से मुकाबले के लिए सरकार निर्यातकों को नई निर्यात प्रोत्साहन योजना की छतरी प्रदान करेगी और रणनीतिक कदमों से एमएसएमई को सहारा देते हुए अमेरिकी टैरिफ की चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए दिखाई देगी।

*( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विमर्श
सोनम लववंशी




# दहेज हत्या : बेटियों की चिता पर खड़ा समाज !

ग्रेटर नोएडा की निक्की भाटी की कथित निर्मम हत्या की खबर किसी एक परिवार की त्रासदी भर नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की चेतना को झकझोरने वाली घटना है। यह सिर्फ दहेज और घरेलू हिंसा की एक और वारदात नहीं, ये उस अंधकार का चेहरा है जो हमारी सभ्यता और संस्कृति की परतों में छिपा हुआ है। सवाल सिर्फ एक बेटी के जीवन पर नहीं, सवाल उस सोच पर है, जिसने बेटियों को आज भी वस्तु बना दिया है। यह घटना हमें आईना दिखाती है कि लंबे समय से चले आ रहे दहेज-प्रथा विरोधी कानूनों, महिला सशक्तिकरण के नारों और सामाजिक सुधार के दावों के बावजूद हमारी बेटियां अब भी सुरक्षित नहीं हैं। निक्की और उसकी बहन की शादी साल 2016 में एक ही घर में हुई थी। तब से दोनों पर लगातार दहेज का दबाव बनाया जा रहा था। पति-पत्नी के रिश्ते को समाज अक्सर 'निजी मामला' मानकर चुप्पी साध लेता है, लेकिन जब यह चुप्पी किसी की जान ले ले, तब यह सिर्फ निजी मामला नहीं रह जाता, बल्कि पूरे समाज पर प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा हो जाता है। निक्की के पति ने पहले भी मारपीट और हिंसा की, यहां तक कि कुछ महीने पहले के उसके वायरल वीडियो तक सामने आए। लेकिन यह सब जानने के बाद भी निक्की को उसके मायके वालों ने बार-बार यही समझाया कि घर-गृहस्थी की बात घर में ही ठीक कर लो, समाज में बाहर मत लाओ। यही सोच अंततः उसे कब्र तक पहुंचा गई। आंकड़े बताते हैं कि यह त्रासदी अपवाद नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार भारत में हर साल हज़ारों महिलाएं दहेज के कारण अपनी जान गंवाती हैं। वर्ष 2020 में देशभर में 6966 दहेज हत्या के मामले दर्ज हुए, 2021 में लगभग 6700 और 2022 में भी 6500 से अधिक मामले सामने आए। ये वे आंकड़े हैं, जो तमाम संकोच और दकियानूसी सोच की दीवारों को तोड़कर सामने आ पाते हैं। वरना कितने ऐसे मामले होते हैं जो घर की चारदीवारी में ही कैद रहकर दर्द के बेइंतहा हो जाने का इंतजार करते हैं। जब तक किसी लड़की की स्थिति निक्की जैसी न हो जाए। भारतीय न्याय संहिता की धारा 80 में दहेज हत्या के लिए न्यूनतम सात वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है, लेकिन न्याय की धीमी प्रक्रिया, लंबी मुकदमेबाजी, गवाहों पर दबाव और समझौते की मजबूरी के चलते न्याय की धार अक्सर कुंद हो जाती है। आंकड़ों के अनुसार, 2022 में जितने केस लंबित थे, उनमें से केवल 2 प्रतिशत मामलों में ही दोषसिद्धि हो सके। यह आंकड़ा न सिर्फ न्याय-प्रणाली की धीमी चाल को बयान करता है, बल्कि अपराधियों के हौसले भी बुलंद करता है। हमारे समाज में अब भी यह सोच गहरे पैठ कर गई है कि लड़की एक बार ससुराल चली जाए तो वहीं की होकर रह जाती है। यही सोच बेटियों को बार-बार अपने ही घर में घुटने पर मजबूर करती है। निक्की ने अपने पिता और भाई के डर को समझा, अपने मायके के टूटने की चिंता में वर्षों तक यातना सही। लेकिन अंततः उसका जीवन समाप्त हो गया। यहां सवाल यह है कि जब शिक्षा और आधुनिकता की बातें हर मंच पर हो रही हैं, तब भी समाज का यह पिछड़ा और अमानवीय चेहरा क्यों बरकरार है? सरकारें 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन जब तक बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक कोई भी योजना अधूरी है। निक्की जैसी घटनाएं बताती हैं कि हमें सिर्फ नारे लगाने से आगे बढ़कर कठोर और निष्पक्ष कार्रवाई की ज़रूरत है। हर बार जब किसी बेटी की हत्या होती है या उसे दहेज की आग में झोंक दिया जाता है, तो समाज कुछ दिनों तक आक्रोश जताता है। अखबारों की सुर्खियां बनती हैं, टीवी पर बहस होती है, सोशल मीडिया पर सहानुभूति उमड़ती है। लेकिन कुछ ही समय बाद यह सब भूलकर हम अपने-अपने जीवन में व्यस्त हो जाते हैं। यही भूलना अपराधियों को और निर्भीक बनाता है। बेटियों की सुरक्षा सिर्फ कानून से नहीं, समाज की मानसिकता बदलने से होगी। हमें यह स्वीकार करना होगा कि बेटियां बोझ नहीं, हमारे अस्तित्व की शक्ति हैं। उन्हें चुप कराने के बजाय आवाज़ देने की ज़रूरत है। वह सिर्फ एक बेटी नहीं थी, वह एक चेतावनी थी, एक पुकार थी। उसके नाम पर सिर्फ आंसू बहाना पर्याप्त नहीं, हमें एक ऐसी व्यवस्था खड़ी करनी होगी, जहां कोई और बेटी अपनी शादी को मौत की गुफा न समझे। यदि समाज अब भी नहीं बदला तो हमारी बेटियां इसी अंधेरे में गुम होती रहेंगी। न्याय, सुरक्षा और सम्मान, ये तीनों किसी भी सभ्य समाज की नींव हैं। अगर हम बेटियों को यह तीनों नहीं दे पा रहे, तो हमें अपनी सभ्यता पर गर्व करने का कोई अधिकार नहीं। निक्की का बलिदान व्यर्थ न जाए, यही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

*( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*


# आखिर क्या है आध्यात्मिक चेतना



संकलित
**दर्शन**

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सर्वोत्तम रूप है।

# काम शुरू करने से महत्वपूर्ण है करते रहना



संकलित
**प्रेरणा**

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?'केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विज्ञान की भी अपनी सीमाएं

वैसे तो विज्ञान ने हर असंभव को संभव बनाने के लिए बहुत काम किया है और काफी हद तक सफल भी हुआ है। मानव को आज हर सुविधा और आराम उपलब्ध है, परंतु न तो कैंसर जैसे असाध्य रोग की अचूक औषधि खोज पाया और न ही ऐसी दवाई ही खोजी जो मनुष्य को सदैव स्वस्थ और बुढ़ापे के लक्षणों से सदा के लिए निजात दिला सके। यह बात लगेगी सभी को बेतुकी और प्रलाप मात्र, पर यह यक्ष प्रश्न है, जिसके समक्ष आकाश की खोज खबर लेने वाला मानव असहाय दिखता है। यह वैज्ञानिकों को एक खुली चुनौती है। भले ही हरिद्वार के इम्युनोट के वैज्ञानिकों ने प्राचीन भारतीय आयुर्वेद को इस कार्य करने में सक्षम कहा है। लेकिन संसार को कब यह दवाई उपलब्ध होगी, इसका इंतजार है।

*– प्रदीप डांगे, भिलाई*

## ट्रेंड

### भूस्खलन से हादसा दुःखद



जम्मू-कश्मीर के वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन से हुआ हादसा अत्यंत दुःखद है। इस सम्बन्ध में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बात की। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है और एनडीआरएफ की टीम भी वहां पहुंच रही है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### पर्यावरण बचाएं



प्रतिदिन पौधा लगाने के संकल्प के तहत आज नई दिल्ली में पौधा लगाया। पेड़ धरती की खूबसूरती और जीवन की खुशहाली के लिए अनमोल हैं। आइए, हम सब मिलकर पर्यावरण बचाने का कर्तव्य निभाएँ।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री**

### स्वदेशी उत्पाद अपनाएं



मेरा प्रयास हमेशा यही रहता है कि ज़रूरत की हर चीजों में स्थानीय कारीगरों और शिल्पकारों की मेहनत से बनी वस्तुओं का उपयोग करूँ। आप सबसे भी आग्रह है कि आप भी अपने जीवन में स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर उनका हौसला बढ़ाएँ।
**- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### लोकतांत्रिक लड़ाई



बिहार एक बार फिर भारत की लोकतांत्रिक लड़ाई का केंद्र बन गया है। मतदाताओं को हटाकर या संस्थाओं पर कब्जा करके भाजपा जनता की शक्ति को कुचल नहीं सकती। यही वह चिंगारी है जो लोकतंत्र के अगले अध्याय को रोशन करेगी।
**-एम.के. स्टालिन, सीएम, तमिलनाडु**

## करंट अफेयर


# नेपाल में हिंदुओं ने मनाया गणेश चतुर्थी का पर्व



नेपाल में हिंदुओं ने बुधवार को भगवान गणेश के मंदिरों में पूजा-अर्चना करके गणेश चतुर्थी मनाई। भगवान गणेश विघ्नहर्ता और बुद्धि एवं समृद्धि के देवता हैं। चंद्र कैलेंडर के अनुसार भाद्र शुक्ल चतुर्थी को मनाए जाने वाले इस त्योहार के अवसर पर काठमांडू के कमलादि गणेश, अशोक बिनायक और सूर्य बिनायक सहित प्रमुख मंदिरों के अलावा अन्य शहरों के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान विघ्न विनाशन गणेश को फूल, फल और मिठाइयाँ अर्पित कीं तथा सौभाग्य, ज्ञान और समृद्धि की कामना की। काठमांडू में हिंदू और बौद्ध धर्म को मानने वाले नेवार समुदाय के सदस्यों ने इस अवसर पर एक विशेष भोज का आयोजन किया जिसमें पीसा हुआ चावल, उबले और तले हुए अंडे, सूखी मछली, मांस और काली दाल, सेम, अदरक और लहसुन से बने भोज्य पदार्थ शामिल थे। यह प्रसाद पहले भगवान गणेश को समर्पित किया गया और बाद में प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने त्योहार मनाने के लिए धार्मिक गीत भी गाए और पारंपरिक संगीत बजाया।

## ऑफ बीट

# जलमग्न पाषाणकालीन बस्तियों का चला पता



उत्तरी डेनमार्क में अरहुस की खाड़ी के गहरे नीले पानी के नीचे, पुरातत्वविद 8,500 वर्ष से भी अधिक पहले समुद्र का जलस्तर बढ़ने के कारण नष्ट हो चुकी तटीय बस्तियों की खोज कर रहे हैं। इस ग्रीष्म ऋतु में, गोताखोर डेनमार्क के दूसरे सबसे बड़े शहर अरहुस के निकट समुद्री लहरों से लगभग 8 मीटर (26 फुट) नीचे उतरे और सागर तल से पाषाण युग की बस्तियों के साक्ष्य एकत्र किए। यह कवायद बाल्टिक और उत्तरी सागर में समुद्र तल के कुछ हिस्सों का मानचित्रण करने के लिए यूरोपीय संघ द्वारा वित्तपोषित 1.32 करोड़ यूरो (1.55 करोड़ अमेरिकी डॉलर) की छह-वर्षीय अंतरराष्ट्रीय परियोजना का हिस्सा है, जिसमें अरहुस के साथ-साथ ब्रिटेन के ब्रैडफोर्ड विश्वविद्यालय और जर्मनी के लोअर सेक्सोनी इंस्टीट्यूट फॉर हिस्टोरिकल कोस्टल रिसर्च के शोधार्थी भी शामिल हैं। परियोजना का लक्ष्य डूबे हुए उत्तरी यूरोपीय भू-भाग का पता लगाना और अपतटीय पवन चक्कियों के क्षेत्र तथा अन्य समुद्री अवसंरचना के विस्तार के साथ लुप्त मध्यपाषाणकालीन बस्तियों की खोज करना है। हिमयुग के बाद विश्व में समुद्र का जलस्तर बढ़ा था। हिमयुग के बाद, बर्फ की विशाल चादरें पिघल गईं और समुद्र का जल स्तर बढ़ गया, जिससे पाषाण युग की बस्तियां जलमग्न हो गईं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# आवारा हूं ...शेल्टर होम में ताले, नसबंदी की खानापूर्ति इसलिए डॉग बाइट के थोक में मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/जगदलपुर/धमतरी/ भिलाई/ राजनांदगांव

रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के बड़े शहरों में डॉग बाइट के आंकड़े चिंताजनक हैं। इसके मुकाबले इन पर नियंत्रण के लिए प्रयास महज खानापूर्ति जैसे ही हैं। कई शहरों के शेल्टर होम्स के ताले खुले नहीं हैं। जहां नसबंदी की सुविधा है, वहां गिनती के ही कुत्तों को लाया जा रहा है। जाहिर है, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इन शहरों में स्ट्रीट डॉग को संभालने कई इंतजाम करने पड़ेंगे। हरिभूमि ने कई शहरों की पड़ताल की, जिसमें ढेरों खामियां नजर आई। रायपुर जिले में ही सात माह में डॉग बाइट के 9000 केस सामने आए हैं। इसके उलट नसबंदी का आंकड़ा 3000 तक सिमटा हुआ है।

हरिभूमि पड़ताल

दुर्ग भिलाई के शहरी क्षेत्रों के आवारा कुत्ते इतने खतरनाक हो चुके हैं कि लोगों की जान पर बन आई है। चौकाने वाली बात यह है कि दुर्ग जिले में पिछले छह महीने 5400 लोग डॉग बाइट के शिकार हो रहे हैं। जिसमें से 80 फीसदी मामले केवल भिलाई, दुर्ग, रिसाली, भिलाई तीन व जैसे शहरी क्षेत्र के हैं। जिसकी वजह से जिला व सिविल अस्पताल में एंटी रेबीज की खपत यहां बढ़ गई है। भिलाई निगम द्वारा चलाए जा रहे एनिमल बर्थ कंट्रोल अभियान में पिछले छह महीने के दौरान केवल 1500 कुत्तों की नसबंदी की गई है।

### जिला व सिविल अस्पताल में रोजाना 30 डॉग बाइट के मामले

जिला अस्पताल दुर्ग में हर रोज 20 और लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला भिलाई में 10 डॉग बाइट के प्रकरण आ रहे हैं। अस्पताल के आकंड़ों के मुताबिक जिला अस्पताल में हर महीने 600 और सिविल 300 लोग डॉग बाइट की वजह से आते हैं। यानी पिछले छह महीने के दौरान 5400 लोग कुत्ते काटने के शिकार हुए हैं।





### एनजीओ के मुताबिक शहर में 10 हजार कुत्ते, 400 की होगी नसबंदी

धमतरी शहर में एक एनजीओ के सर्वे के मुताबिक धमतरी शहरी क्षेत्र के 40 वार्ड में लगभग 10 हजार कुत्ते लावारिस घूम रहे हैं। आखिरी बार नसबंदी 7 वर्ष पहले निगम द्वारा की गई।

### कुत्तों के काटने के सौ से अधिक मामले हर महीने आते हैं सामने

राजनांदगांव में नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए टेंडर जारी किया जाता है। इस वर्ष भी टेंडर जारी हुआ है, लेकिन धरातल पर कार्य दिखाई नहीं दे रहा है।

### बस्तर में डॉग बाइट के सालभर में 1992 मामले

जगदलपुर में लावारिश कुत्तों की संख्या बढ़ने और झुंड में गांव, शहर के कालोनी, वार्डों में लोगों को काट रहे हैं। इस पर नगर निगम का ध्यान नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है। जिला महारानी अस्पताल, डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार बस्तर जिले में एक साल में 1992 डाग बाइट के मरीजों की संख्या है।

## बिना मुंह बाधे कुत्ता घुमाया या खुला छोड़ा तो लगेगा एक हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के नागरिकों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक इस समय कुत्तों को लेकर एक अलग तरह का घमासान मचा हुआ है। इसी बीच छत्तीसगढ़ में जनविश्वास अधिनियम 2025 को राज्यपाल की अनुमति मिली है। खास बात ये है इस विधेयक में कई तरह के प्रावधान किए गए हैं, इसमें यह बात भी शामिल है कि मुखबंधनी के बिना अगर किसी ने कुत्तों को घुमाया तो उस पर एक हजार रुपए जुर्माना लगेगा। इसी तरह के कुछ प्रावधान हाथी, घोड़े और दूसरे जानवरों के संबंध में भी हैं।**ये है मामला** : राज्य सरकार ने जुलाई में विधानसभा सत्र के दौरान जनविश्वास (प्रावधानों का संशोधन) अधिनियम 2025 पारित कराया था।

### किस गलती के लिए कितना जुर्माना

*जनविश्वास विधेयक में बड़ी संख्या में विषय शामिल किए गए हैं। यहां हम अनुसूची दो के स्थान पर शामिल विषयों में शास्ति के प्रावधान का उल्लेख करेंगे। जैसे अनुज्ञा के बिना पर्चों को चिपकाने पर पांच हजार रुपए जुर्माना लगेगा। अनुज्ञा को बिना पशुओं को बांधने पर पांच सौ रुपए, मुखबंधन के बिना कुत्तों को घूमने देने पर एक हजार रुपए, अगर किसी ने अप्राधिकृत स्थान पर बेचने के लिए पशुओं का वध किया तो उस पर पांच हजार रुपए जुर्माना लगेगा।*

## दिल्ली दंगे और आगजनी केस में छह बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक कोर्ट ने मंगलवार को 2020 दिल्ली दंगों के केस में 6 लोगों को बरी कर दिया है। आरोप था कि ये सभी 25 फरवरी 2020 को दंगे और आगजनी में शामिल थे। कोर्ट ने कहा कि मामले में आरोपियों के अधिकारी का हनन हुआ है। इसको लेकर पुलिस आयुक्त से कार्रवाई की भी मांग की है। 41 पेज के फैसले में अदालत ने कहा, यह स्पष्ट है कि केवल मामले को सुलझाने के लिए आरोपियों के खिलाफ झूठा मामला बनाया गया। दिल्ली में 23 फरवरी 2020 को शुरू हुआ दंगा 25 फरवरी को जाकर थमा था। नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में हुए इस दंगे में 42 लोगों की जान चली गई थी। इस दंगे में कुल 520 लोगों पर FIR दर्ज की गईं थीं।

## मणिपुर में 3 उग्रवादी गिरफ्तार, कई हथियार जब्त

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्व और पश्चिम जिलों में सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के एक सक्रिय कार्यकर्ता को इंफाल पश्चिम जिले के ताओथोंग खुनोउ इलाके से गिरफ्तार किया गया।

सुप्रीम कोर्ट में महाराष्ट्र सरकार की दलील

# बिल को कोर्ट नहीं राज्यपाल राष्ट्रपति ही दे सकते हैं मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में दलील दी कि न्यायालय राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी नहीं दे सकते, क्योंकि यह अधिकार केवल राज्यपालों या राष्ट्रपति के पास होता है। महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष यह दलील दी। साल्वे राष्ट्रपति द्वारा मांगे गए परामर्श पर सुनवाई में महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश हुए। राष्ट्रपति द्वारा मांगे गए परामर्श में पूछा गया है कि क्या न्यायालय राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर विचार करने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के वास्ते समय-सीमा निर्धारित कर सकता है। साल्वे ने दलील दी, 'न्यायालय राज्यपालों को विधेयकों पर मंजूरी देने के लिए आदेश-पत्र जारी नहीं कर सकता... किसी कानून पर मंजूरी न्यायालय द्वारा नहीं दी जा सकती। किसी कानून पर मंजूरी या तो राज्यपालों द्वारा या राष्ट्रपति द्वारा दी जानी चाहिए।संविधान पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर भी शामिल हैं। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने तमिलनाडु के विधेयकों को मंजूरी देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत शीर्ष अदालत की शक्ति का इस्तेमाल किया। साल्वे ने संविधान के अनुच्छेद 361 का हवाला देते हुए कहा, 'राष्ट्रपति या राज्यपाल अपने पद की शक्तियों और कर्तव्यों के इस्तेमाल और पालन के लिए या उन शक्तियों और कर्तव्यों के प्रयोग और पालन के तहत किये गये या किये जाने की संभावना के उद्देश्य को लेकर किसी भी न्यायालय के प्रति उत्तरदायी नहीं होंगे।




**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत सखोदा परिसर कोरबी क्षेत्र में 52 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। इस झुंड में बेबी एलीफेंट भी शामिल हैं। हाथियों के इस झुंड में मां की गोद में छोटे-छोटे शावक आराम फरमाते नज़र आए। इस अद्भुत दृश्य को वन परिक्षेत्र अधिकारी केंदई अभिषेक कुमार दुबे ने कैमरे में कैद किया। वर्तमान में वनमंडल कटघोरा में लगभग 52 हाथियों का दल है। ये हाथी मुख्यतः केंदई एवं पसान परिक्षेत्र में सक्रिय रूप से विचरण कर रहे हैं। वन विभाग द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए मानव-हाथी संघर्ष की संभावनाओं को न्यूनतम किया जा सके। साथ ही, ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे हाथियों के निकट न जाएं।

केंद्र सरकार का सर्वेक्षण, शहरों में प्रवृत्ति अधिक

# एक तिहाई स्कूली बच्चों में निजी कोचिंग का ट्रेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश के करीब एक तिहाई स्कूली छात्र निजी कोचिंग का सहारा लेते हैं। यह प्रवृत्ति शहरी क्षेत्रों में अधिक आम है। केंद्र द्वारा शिक्षा पर कराए गए व्यापक वार्षिक मॉड्यूलर सर्वेक्षण (सीएमएस) में यह खुलासा हुआ है। सर्वेक्षण के मुताबिक सरकारी स्कूल पूरे भारत में शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण अहम भूमिका निभाते हैं। अब भी विद्यालयों में नामांकित कुल छात्रों में 55.9 प्रतिशत हिस्सेदारी सरकारी विद्यालयों की है।

### औसतन 9,950 रुपए खर्च

शहरी क्षेत्र में उच्चतर माध्यमिक स्तर पर निजी कोचिंग पर औसतन 9,950 रुपए खर्च किए जाते हैं जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह औसतन 4,548 रुपए है। राष्ट्रीय स्तर पर कक्षाओं के साथ कोचिंग का खर्च भी बढ़ता है। पूर्व प्राथमिक में जहां औसतन 525 रुपये खर्च होते हैं, वह उच्चतम माध्यमिक कक्षाओं में बढ़कर 6,384 हो जाते हैं।



### ग्रामीण में 25 और शहर में 30 फीसदी

यह प्रवृत्ति ग्रामीण क्षेत्रों (25.5 प्रतिशत) की तुलना में शहरी क्षेत्रों (30.7 प्रतिशत) में अधिक आम थी। इसके अनुसार शहरी क्षेत्रों में प्रति छात्र निजी कोचिंग पर औसत वार्षिक घरेलू व्यय (3,988 रुपये) है जो ग्रामीण क्षेत्रों (1,793 रुपये) की तुलना में अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया, यह अंतर उच्च कक्षाओं के साथ बढ़ता जाता है।

### मात्र 1.2 फीसदी छात्र वजीफे पर निर्भर

सर्वेक्षण के मुताबिक भारत में स्कूली शिक्षा पर खर्च करने वाले छात्रों में से 95 प्रतिशत ने बताया कि उनके वित्तपोषण का पहला प्रमुख स्रोत परिवार के अन्य सदस्य हैं। यह प्रवृत्ति ग्रामीण (95.3 प्रतिशत) और शहरी (94.4 प्रतिशत) दोनों क्षेत्रों में समान रूप से देखी गई। भारत में, 1.2 प्रतिशत छात्रों ने बताया कि सरकारी छात्रवृत्तियां उनकी स्कूली शिक्षा के लिए वित्तपोषण का पहला प्रमुख स्रोत है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) द्वारा किया गया पिछला व्यापक शिक्षा सर्वेक्षण 75वां दौर (जुलाई 2017-जून 2018)में किया गया था।

# गाय को बचाने कार पुलिया से टकराई, तीन की मौत

**रायसेन।** मप्र के रायसेन जिले में सड़क पर अचानक आई एक गाय को बचाने के प्रयास में एक कार के पुलिया से टकराने के कारण एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। यह घटना जिला मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग-45 पर सिलारी गांव के पास सोमवार शाम को हुई जब तेज रफ्तार कार सड़क पर अचानक आई गाय को बचाने की कोशिश में पुलिया से टकरा गई पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) कुंवर सिंह मुकाती ने बताया कि सोमवार शाम करीब छह बजे एक ही परिवार के चार लोग नरसिंहपुर से इंदौर अपने घर लौट रहे थे।

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# बंद कमरे में मरीज को चीरा लगाकर भाग निकले झोलाछाप डॉक्टर, खून से लथपथ युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद में झोलाछाप डॉक्टर के इलाज के बाद एक युवक की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि इलाज के नाम पर झोलाछाप ने मरीज से 30 हजार रुपए में ठीक करने का सौदा किया था। प्रकरण में मर्ग कायम कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।

जिला मुख्यालय से 4 किमी दूर पर स्थित पेंड्रा गांव में 40 वर्षीय पुरुषोत्तम ध्रुव की मौत गलत उपचार से हो गई। बवासीर की शिकायत पर पीड़ित का उपचार ओडिशा सीमा में रहने वाले दो झोलाछाप डॉक्टरों ने शुरू किया था। बंद कमरे में मृतक के घर पर ही इलाज किया जा रहा था।



### असावधानी पूर्वक लगाया था चीरा

*बगैर किसी सावधानी के मल द्वार में चीरा लगाया गया। नस कटने से खून ज्यादा निकला, जिसके कारण पीड़ित की मौत हो गई।*

*हरीश चौहान, चिकित्सा अधिकारी*

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

*मामले में कोतवाली थाने में मर्ग कायम किया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।*

*जितेंद्र चंद्राकर, एएसपी*

### बंद कमरे में तड़पता छोड़ भाग गए

*मृतक के भाई धरम राज ध्रुव ने बताया कि भाई बवासीर से ग्रसित था। अस्पताल में इलाज के लिए संकोच किया। गुप्त रोग उपचार के लिए छापे गए पर्चा के आधार पर हमने बबलू तांडी और संजू राजपूत से संपर्क किया, दोनों अमलीपदर थाना क्षेत्र में कही रहते हैं,।*


## आवश्यकता

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें :- 9202613238, 9229187457 (रायपुर /03/सितंबर/25)

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार,लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 9654778825 (रायपुर /29/अगस्त//25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/07 (संविदा पद)

| पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | अधिकतम आयु (कट ऑफ 01.08.2025) |
|---|---|---|
| सहायक डेटा संरक्षण अधिकारी | 1 | 45 |

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/09 (संविदा पद)


| पद का नाम | श्रेणी | रिक्तियों की संख्या | अधिकतम आयु (कट ऑफ 31.05.2025) |
|---|---|---|---|
| प्रबंधक (सैलरी पैकेज प्रोडक्ट्स) | एमएमजीएस-III | 2 | 40 |
| उप प्रबंधक (सैलरी पैकेज प्रोडक्ट्स) | एमएमजीएस-II | 2 | 35 |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US"→ "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 25.08.2025 से 15.09.2025 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 25.08.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)


## शब्द पहेली - 5971



**बाएँ से दाए-**
1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

### शब्द पहेली -5970 का हल



## सूडोकु नवताल - 5981

✱ ✲ ✲ ✲ ✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5980 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

MANGAL SENADHA, BANGALORE




## डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब कफ की वजह से गले में हो पेन-ईचिंग



**मेरी उम्र 24 वर्ष है। मेरे गले में हमेशा कफ जमा रहता है और कभी-कभी गले में चुभन भी महसूस होती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और मेरे गले की यह समस्या कैसे ठीक होगी?**

**-शौर्य, रायपुर**

आपने यह नहीं बताया कि यह समस्या आपको कब से है? अगर हाल फिलहाल से है तो कुछ दिन वेट कर सकते हैं, लेकिन अगर लंबे समय से समस्या चल रही है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। क्योंकि लंबे समय तक खांसी आना या कफ रहना अच्छे संकेत नहीं हैं। इसलिए डॉक्टर से संपर्क कर आप जांच कराएं। इसके आधार पर जरूरत पड़ने पर डॉक्टर उपचार शुरू करेंगे।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। मुझे लंबे समय से साइनस की प्रॉब्लम है। इसके लिए काफी दवाइयां लेने और घरेलू उपचारों के बाद भी यह ठीक नहीं हुआ। कृपया बताएं, क्या करूं कि मेरी साइनस की प्रॉब्लम ठीक हो जाए।**

**-ललित, बिलासपुर**

साइनस के उपचार के संबंध में बगैर जांच किए कुछ भी कहना या ट्रीटमेंट बता पाना मुश्किल है। साइनस कैसा है, कितना है, यह जानने के बाद ही उसका सही ट्रीटमेंट हो सकेगा। इसलिए बेहतर होगा कि आप ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे जांच करने के बाद ही इसका सही उपचार करेंगे।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। मेरे बाएं पैर में पंजे से लेकर घुटने के नीचे तक सूजन हो गई है। सूजन वाले हिस्से में दर्द भी होता है। कृपया बताएं कि ऐसा किस वजह से हुआ है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-पंकज, रायगढ़**

कई बार सूजन की वजह शुगर बढ़ना भी हो सकता है। क्या आपको डायबिटीज की प्रॉब्लम है? अगर नहीं है तो आपको जांच करवा लेना चाहिए। हालांकि सूजन का कारण कई बार किडनी की समस्या भी होती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करें, वह जांच कर कारण बता पाएंगे। उसके बाद ही सही ट्रीटमेंट हो सकेगा।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मेरे पेट में नाभि के नीचे हमेशा हल्का-हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द असहनीय हो जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का उचित समाधान बताएं।**

**-चंद्रदेव, हिसार**

इस तरह का दर्द कई बार गैस की वजह से होता है, जो बहुत असहनीय होता है। अगर आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है और गैस बनती है, तो दर्द की वजह गैस की समस्या हो सकती है। अगर ऐसा नहीं है तो संक्रमण भी कई बार पेट दर्द का रीजन होता है। संक्रमण के उपचार के लिए आपको डॉक्टर से सलाह लेकर दवा लेनी पड़ेगी।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। मुझे चेन-स्मोकिंग की लत है। तमाम कोशिशों के बाद भी मैं इसे छोड़ नहीं पा रहा हूं। इसकी वजह से अब मुझे लगातार खांसी और सांस फूलने की समस्या होने लगी है। ऐसे में मैं क्या करूं, समझ नहीं आता। कृपया उचित मार्गदर्शन करें।**


**-कुणाल, भोपाल**

आजकल स्मोकिंग छुड़ाने के लिए कई सारे डीएडिक्शन इलेक्शन सेंटर होते हैं। आपको वहां संपर्क करना चाहिए, क्योंकि आपको खांसी आ रही है, ऐसे में स्मोकिंग करेंगे तो इससे और नुकसान होगा। लंग्स में दिक्कत बढ़ सकती है। इससे परेशानी और बढ़ेगी। बेहतर होगा कि आप डीएडिक्शन सेंटर से संपर्क करें और वहां पर इसका ट्रीटमेंट कराएं। इससे आपकी लत छूटेगी। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## अवेयरनेस



प्रतीक्षा कदम
चीफ डाइटीशियन, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

इंटरनेशनल यूनियन ऑफ न्यूट्रिशनल साइंसेस के अनुसार तमाम बीमारियों का एक प्रमुख कारण समुचित पोषण न मिलना या दूसरे शब्दों में कहें तो कुपोषण (मालन्यूट्रिशन) है। कुपोषण, तमाम शारीरिक समस्याओं को बुलावा देता है। इनमें एनीमिया, स्कर्वी, घेंघा, रतौंधी, रिकेट्स, बेरी-बेरी, यकृत (लिवर) और श्वसन तंत्र संबंधी आदि समस्याओं को शामिल किया जा सकता है।

राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार कुपोषण की मार बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। जैसे- उम्र के अनुसार बच्चों की बौद्धिक क्षमता का समुचित रूप से विकसित न होना, वजन कम होना और उनकी आयु के अनुसार लंबाई न बढ़ना आदि। वहीं वयस्कों में श्रम किए बगैर थकान महसूस होना, मांसपेशियों में कमजोरी, रोग प्रतिरोधक तंत्र या इम्यूनिटी सिस्टम का कमजोर होना, चिड़चिड़ापन, दुर्बलता, वजन का कम होते जाना और यौन संपर्क की इच्छा में कमी आदि समस्याएं सामने आ सकती हैं। शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्वों में शामिल हैं-

**प्रोटीनः** यह पोषक तत्व एमीनो एसिड से निर्मित होता है, जो विभिन्न शारीरिक क्रियाओं को समुचित रूप से संचालित करते हैं। गर्भवती महिलाओं और स्तनपान करवाने वाली महिलाओं को प्रोटीन की कहीं अधिक आवश्यकता होती है। प्रोटीन के कारण ही शिशुओं और बच्चों का समुचित शारीरिक विकास होता है। वयस्कों में प्रोटीन के जरिए शरीर में होने वाली कोशिकाओं की क्षति की पूर्ति होती है। टीनएजर्स में होने वाले शारीरिक विकास के लिए भी प्रोटीन आवश्यक है।

**स्रोतः** दूध और इससे निर्मित उत्पादों में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है। सोयाबीन, दाल, अंडा और मीट भी प्रोटीन के स्रोत हैं। गर्भवती महिलाओं और बढ़ती उम्र के बच्चों को प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों के बारे में अपने डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

**कार्बोहाइड्रेटः** यह एक प्रमुख पोषक तत्व है, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है।

**स्रोतः** गेहूं, चावल, मक्का और विभिन्न प्रकार के अनाजों में कार्बोहाइड्रेट काफी पाया जाता है।

**विटामिंस और अन्य पोषक तत्वः** शरीर को स्वस्थ रखने और उसे बीमारियों से बचाने में विभिन्न प्रकार के विटामिंस और अन्य पोषक तत्वों का भी काफी महत्व है।

**विटामिन एः** यह विटामिन नेत्रों की कार्यप्रणाली को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक है। इस विटामिन की कमी से रतौंधी नामक रोग हो जाता है। यह विटामिन, संक्रामक रोगों से बचाव करता है और त्वचा को भी पोषण प्रदान करता है।

**स्रोतः** दूध और इससे निर्मित उत्पादों जैसे दही, मट्ठा, टमाटर, गाजर, हरी पत्तेदार सब्जियों में विटामिन ए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होता है। इसके अलावा पीले और नारंगी रंग के फलों और सब्जियों में भी यह विटामिन पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

**विटामिन बी कॉम्प्लेक्सः** इस विटामिन के कई प्रकार हैं। यह विटामिन मुख्य रूप से शरीर के तंत्रिका तंत्र यानी नर्वस सिस्टम को सुचारु रूप से संचालित करने में मदद करता है।

**स्रोतः** यह विटामिन फलों, सब्जियों और ड्राई फ्रूट्स में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

**विटामिन सीः** यह विटामिन विभिन्न रोगों से बचाव कर शरीर की रोग प्रतिरोधक तंत्र (इम्यून सिस्टम) को सशक्त बनाने में सहायक है। विटामिन सी की कमी से स्कर्वी नामक रोग हो जाता है, जिसके कारण मसूड़ों से संबंधित समस्याएं पैदा हो जाती हैं।

**स्रोतः** यह विटामिन खट्टे फलों जैसे आंवला, संतरा, नीबू और मौसंबी में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

**विटामिन डीः** विटामिन डी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मददगार है।

**स्रोतः** यह विटामिन सूर्य की किरणों में प्रमुख रूप से पाया जाता है।

**आयरनः** यह एक प्रमुख खनिज तत्व (मिनरल) है, जो शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं में हीमोग्लोबिन के बनाने में मददगार है। आयरन की कमी से शरीर में रक्त की कमी या एनीमिया नामक रोग हो जाता है। एनीमिया की समस्या खासकर गर्भवती माताओं और बच्चों में सबसे ज्यादा होती है।

**स्रोतः** आयरन हरी पत्तेदार सब्जियों खासकर पालक में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा यह बाजरा, रागी, ड्राई फ्रूट्स और गुड़ में भी उपलब्ध है।

**कैल्शियमः** यह एक महत्वपूर्ण मिनरल है। कैल्शियम शरीर की हड्डियों के विकास और उनकी मजबूती के लिए जरूरी है। यह दांतों को भी मजबूत बनाए रखता है।

**स्रोतः** कैल्शियम, दूध और इससे निर्मित उत्पादों और सोयाबीन में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। पालक, बथुआ आदि, फलियां या बींस और दालें भी कैल्शियम के अच्छे स्रोत हैं।

**वसाः** वसा शरीर को ऊर्जा प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम है, लेकिन अधिक मात्रा में विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए इसे ग्रहण करने पर यह मोटापे का कारण बनता है। विभिन्न आयु वर्गों के अनुसार वसायुक्त खाद्य पदार्थों के ग्रहण करने की मात्रा बदलती रहती है। इसलिए इस संदर्भ में अपने डॉक्टर या डाइटीशियन से परामर्श लेना चाहिए।

**स्रोतः** घी, मक्खन और जंतुओं से प्राप्त होने वाले खाद्य पदार्थों में प्रचुर मात्रा में वसा पाया जाता है। इसके अतिरिक्त खाना बनाने के इस्तेमाल में आने वाले तेलों में भी वसा पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

**आयोडीनः** हमारे शरीर में थायरॉइड ग्रंथि द्वारा स्रावित होने वाला हार्मोन आयोडीन से ही निर्मित होता है। आयोडीन शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास के लिए भी आवश्यक है। आयोडीन की कमी हाइपोथाइरॉयडिज्म और घेंघा जैसे रोगों को उत्पन्न कर सकती है।

**स्रोतः** आयोडीन युक्त नमक का सेवन करें। समुद्र से मिलने वाले खाद्य पदार्थों में भी आयोडीन पाया जाता है। फूलगोभी और बंदगोभी के सेवन से भी आयोडीन की कमी को दूर करने में मदद मिलती है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

**स्पेशलः नेशनल न्यूट्रिशन वीक, 1-7 सितंबर**

अलग-अलग उम्र के अनुसार समुचित पोषक तत्वों को खान-पान में शामिल करने को पोषण (न्यूट्रिशन) कहा जाता है। पर्याप्त पोषण के लिए आहार में सभी जरूरी पोषक तत्वों के बीच एक संतुलन आवश्यक है। इसके अभाव में शरीर में कई तरह के रोग हो सकते हैं। ऐसे में इन पोषक तत्वों के बारे में जानना बहुत जरूरी है। इस बारे में यहां बहुत महत्वपूर्ण सजेशन दे रहे हैं।

# हेल्थ के लिए बहुत जरूरी न्यूट्रिशन पर दें प्रॉपर अटेंशन



## इन बातों का रखें ध्यान



**आपकी डाइट** में पोषक तत्व तो शामिल होने ही चाहिए, लेकिन इसके साथ ही आपको कुछ और बातों का भी ध्यान रखना चाहिए।

**बैलेंस्ड डाइट है जरूरीः** जब कोई शख्स अपने आहार में अत्यधिक मात्रा में पोषक तत्वों (न्यूट्रिएंट्स) को वरीयता देने लगता है और इसके साथ ही वह व्यायाम या शारीरिक सक्रियता से दूर रहता है तो इस स्थिति में उसके मोटापे से ग्रस्त होने की संभावना बढ़ जाती है। स्वस्थ बने रहने और मोटापा नियंत्रण के लिए खान-पान से संबंधित इन बातों पर ध्यान दें-

**जंक फूड्स से परहेज करेंः** ज्यादातर जंक फूड्स में रिफाइंड आटा, अत्यधिक मात्रा में वसा, ट्रांस फैट, शुगर और नमक ज्यादा मात्रा में पाए जाते हैं। ये सभी खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद नहीं हैं। कभी-कभार इन्हें खाया जा सकता है। शुगर युक्त कोल्ड ड्रिंक्स से जहां तक संभव हो, परहेज करें।

**खाने में नमक कमः** जो लोग 50 या इससे अधिक उम्र वाले हैं या जिन्हें हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज या क्रॉनिक किडनी डिजीज है, उन्हें अपनी डाइट में नमक की मात्रा कम रखनी चाहिए। इस बारे में डॉक्टर से परामर्श लें।

**टीवी देखते हुए खाना न खाएंः** इन दिनों टेलीविजन देखते हुए या फिर फोन पर बात करते हुए खाना आम बात है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार खान-पान की यह आदत (ईटिंग हैबिट) सेहत के लिहाज से अच्छी नहीं है। आपका पेट भरा या नहीं इस बात का मस्तिष्क को संदेश 20 मिनट के बाद मिलता है। इसलिए खाना धीरे-धीरे चबा-चबाकर खाएं। जिस वक्त आप टीवी देख रहे होते हैं, उस वक्त आपका ध्यान उस पर चल रहे दृश्यों पर केंद्रित होता है। इस स्थिति को माइंडलेस ईटिंग कहते हैं यानी खाना खाने के साथ ही आपका मन किसी दूसरी जगह पर या किसी दूसरी वस्तु पर केंद्रित है। वहीं माइंडफुल ईटिंग उस स्थिति को कहते हैं, जब आपका ध्यान अपने भोजन पर ही केंद्रित हो। पोषण के लिहाज से यह जरूरी है। अच्छे पोषण के लिए आपका उसे ध्यानपूर्वक खाना जरूरी है।





## फिटनेस फंडा / मोहम्मद सऊद मंसूरी

# मेरा फिटनेस प्लान बहुत टफ नहीं है

मेरे लिए फिटनेस को मेंटेन करना बहुत इंपॉर्टेंट है। इसके लिए मैं अपनी डाइट और वर्कआउट दोनों का ध्यान रखता हूं।

**डाइट प्लानः** मैं 14 घंटे का इंटरमिटेंट फास्ट करता हूं। लंच में आमतौर पर उबला हुआ चिकन और चावल लेता हूं और डिनर में हाई-फाइबर चिकन पुलाव। मेरा डाइट प्लान बहुत टफ नहीं बल्कि फ्लेग्जिबल होता है, जिसमें खासतौर पर पोर्शन कंट्रोल पर ध्यान देता हूं। खाने-पीने को लेकर टफ रूल्स फॉलो नहीं करता हूं।

**वर्कआउट रूटीनः** मेरे वर्कआउट रूटीन में वेट लिफ्टिंग, 5 किलोमीटर की रनिंग, बैडमिंटन और साइक्लिंग शामिल हैं। जब भी शूटिंग से जल्दी पैकअप होता है। मैं इन एक्टिविटीज को करना पसंद करता हूं।



**टाइम मैनेजमेंटः** मुझे वर्कआउट के लिए अलग से टाइम निकालने के लिए बहुत एफर्ट नहीं करना पड़ता है क्योंकि सच में मुझे अपना काम ( एक्टिंग प्रोफेशन) बहुत पसंद है और मेरी टीम भी शानदार है, इसलिए कभी वर्क प्रेशर जैसा लगता ही नहीं है। छुट्टियों में मैं जरूर एक दिन ट्रैवलिंग, पार्टी को देता हूं, इससे मैं तरोताजा और एनर्जेटिक महसूस करता हूं। सुबह-शाम जब टाइम मिलता है मैं वर्कआउट या मनपसंद फिजिकल एक्टिविटी कर लेता हूं।

**मेंटली हेल्दी रहने के लिएः** मेंटली हेल्दी और पीसफुल रहने के लिए मैं हर सुबह मेडिटेशन और प्रार्थना करता हूं। भगवान और अपने परिवार के करीब रहना, मुझे जमीन से जुड़ा रखता है। ईश्वर हमेशा सुनने के लिए मौजूद रहते हैं, भले ही मैं अपनी भावनाओं को शब्दों में पूरी तरह व्यक्त न कर पाऊं।

**फिटनेस आइडलः** मेरे फिटनेस आइडल एक्टर विद्युत जामवाल हैं। मैं उनके फिटनेस के प्रति विचारों की बहुत सराहना करता हूं, चाहे बर्फीले एरिया में ध्यान लगाना हो या फिल्मों में उनके शानदार स्टंट्स, वे हमेशा खुद को पिछले स्तर से ज्यादा बेहतर करने की चुनौती देते रहते हैं।

**रीडर्स को सजेशनः** मैं अपने फैंस और इस अखबार के रीडर्स को यही कहना चाहूंगा कि सिर्फ कैलोरी इनटेक और बर्न करने पर ही नहीं बल्कि माइक्रोन्यूट्रिएंट्स इनटेक पर भी ध्यान दें। इससे आप फिटनेस को आसानी से मेंटेन कर सकते हैं। साथ ही, खाना हमेशा छोटी प्लेट में लेकर खाना चाहिए। इससे अपनी प्लेट का खाना जब आप खा लेते हैं तो दिमाग को यह महसूस होता है कि पेट भर गया है। इससे आप ओवर ईटिंग से बचते हैं। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**





# इंटरनेशनल क्रिकेट के बाद अश्विन ने अब आईपीएल को कहा अलविदा

एजेंसी ▸▸| चेन्नई

अनुभवी भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास की घोषणा की, जिससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के कुछ ही महीनों के भीतर इस टूर्नामेंट के साथ उनके 16 साल लंबे जुड़ाव का अंत हो गया।

अश्विन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह घोषणा की।रविचंद्रन अश्विन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से रिटायर होने का फैसला किया है। टीम इंडिया के दिग्गज ऑफ स्पिनर रहे अश्विन ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि दुनिया भर की अलग-अलग लीगों में खेल के नए अनुभवों का उनका सफर आज से शुरू हो रहा है। अश्विन ने 18 दिसंबर 2024 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा टेस्ट के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया था, तब उन्होंने आईपीएल में खेलते रहने की बात कही थी। वह आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले थे, जहां उन्होंने 9 मैचों में 7 विकेट लिए और 33 रन बनाए। 2025 में सीएसके के संघर्ष के बीच अश्विन अन्य विवादों में भी शामिल रहे। हाल में उन्होंने डेवाल्ड ब्रेविस को लेकर भी टिप्पणी की थी, जहां उन्होंने कहा था कि उनको ज्यादा पैसे दिए गए थे। बाद में उन्होंने इस मामले में सफाई दी थी।



## अश्विन बोले- हर अंत एक नई शुरुआत

अश्विन ने 'एक्स' पर लिखा, 'कहते हैं कि हर अंत के साथ एक नई शुरुआत होती है। आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है लेकिन विभिन्न लीग में खेल की खोज करने का मेरा समय आज से शुरू हो रहा है।' उन्होंने कहा, 'मैं सभी फ्रेंचाइजी को वर्षों से मिली शानदार यादों और रिश्तों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और सबसे महत्वपूर्ण आईपीएल और बीसीसीआई को उन चीजों के लिए जो उन्होंने अब तक मुझे दीं। आगे जो भी मेरे सामने है उसका पूरा आनंद लेने और उसका पूरा फायदा उठाने के लिए उत्सुक हूं।' अश्विन की सुपरकिंग्स ने सोशल मीडिया पोस्ट में भावुक सराहना की।

## आईपीएल कॅरियर

38 साल के ऑफ स्पिनर अश्विन ने 221 आईपीएल मैचों में 187 विकेट निकाले। इनका इकोनॉमी रेट 7.20 का रहा। उनकी बेस्ट गेंदबाजी 4/34 रही। इसके अलावा 98 पारियों में 833 रन बनाए। उच्चतम स्कोर 50 रहा। अश्विन इंडियन प्रीमियर लीग में 5 टीमों के लिए चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स और राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के लिए खेले थे। उन्होंने टूर्नामेंट में पंजाब की कप्तानी भी की थी।

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का रिकॉर्ड

**टेस्ट रिकॉर्ड**


गेंदबाजी : 106 टेस्ट
537 विकेट
बेस्ट बॉलिंग : 13/140
बल्लेबाजी :
106 टेस्ट, 151 पारी,
3503 रन, 124 सर्वश्रेष्ठ

**वनडे रिकॉर्ड**

गेंदबाजी: 116 मैच
156 विकेट
4/25 बेस्ट बॉलिंग
बल्लेबाजी : 116 मैच,
63 पारी, 707 रन
65 सर्वश्रेष्ठ

---

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रमंडल : अजीत और निरुपमा ने जीते पदक

**अहमदाबाद।** भारतीय भारोत्तोलक अजीत नारायण और निरुपमा देवी सेराम ने को राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पुरुषों के 71 किग्रा और महिलाओं के 63 किग्रा वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। छब्बीस वर्षीय अजीत ने कुल 317 किग्रा (145 किग्रा स्नैच और 172 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया और इस दौरान नए राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड भी बनाए। अजीत ने नाइजीरिया के जोसेफ एडिडियोंग उमोआफिया को पछाड़ा जिन्होंने कुल 316 किग्रा (146 किग्रा स्नैच और 170 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर रजत पदक जीता।

### प्री-क्वार्टर फाइनल में ध्रुव और तनीषा



**पेरिस।** ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने आयरलैंड के जोशुआ मैगी और मोया रयान की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर विश्व चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ध्रुव और तनीषा की 16वीं वरीय जोड़ी ने पूरे मैच में दबदबा बनाते हुए आयरलैंड की जोड़ी को महज 35 मिनट में 21-11, 21-16 से हरा दिया। अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए इस भारतीय जोड़ी का सामना हांगकांग के तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट की पांचवीं वरीय जोड़ी से होगा। ध्रुव और तनीषा ने शुरु से ही दबदबा बनाते हुए 6-2 की बढ़त को ब्रेक तक 11-6 तक पहुंचा दिया। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को वापसी का जरा भी मौका नहीं दिया और आसानी से पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही जिसमें भारतीय जोड़ी ने 7-2 की बढ़त बनाने के बाद बिना किसी परेशानी के मैच अपने नाम कर लिया।

### माइकल क्लार्क की हुई छठी सर्जरी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क की त्वचा कैंसर की छठी सर्जरी हुई है। उनकी यह सर्जरी नाक से एक घाव को हटाने के लिए हुई है। विश्व कप 2015 विजेता कप्तान 44 वर्षीय क्लार्क ने इंस्टाग्राम पर ऑपरेशन के बाद की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें लोगों से नियमित रूप से त्वचा की जांच को प्राथमिकता देने का आग्रह किया गया, विशेषकर ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में जहां सूर्य की किरणों का संपर्क अधिक होता है। क्लार्क ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'त्वचा कैंसर वास्तविक है! खासकर ऑस्ट्रेलिया में। आज मेरी नाक से एक और घाव काट दिया गया। अपनी त्वचा की जांच करवाने के लिए एक दोस्ताना रिमाइंडर। रोकथाम इलाज से बेहतर है लेकिन मेरे मामले में, नियमित जांच और जल्दी पता लगाना महत्वपूर्ण है।'



---

**अमेरिकी ओपन : महिला एकल के दूसरे दौर में कोको और नाओमी ने बनाई जगह**

# कोको ने 10 बार डबल फॉल्ट और 6 बार सर्विस गंवाने के बाद जीता कड़ा मुकाबला

एजेंसी ▸▸| न्यूयॉर्क

तीसरी वरीय अमेरिकी कोको गॉफ और 23वीं वरीय जापान की नाओमी ओसाका ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। नए सर्विस कोच के साथ खेल रही गॉफ ने मैच में 10 बार डबल फॉल्ट किया और छह बार अपनी सर्विस गंवाई लेकिन इसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया की एजला तोमालानोविच को पहले दौर के कड़े मुकाबले में 6-4, 6-7 (2), 7-5 से हराने में सफल रहीं।

गॉफ ने मैच के बाद कहा, 'यह मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था लेकिन मैं जीत दर्ज करके खुश हूं।'दो बार की चैंपियन ओसाका को हालांकि बेल्जियम की ग्रीट मिनेन को 6-3, 6-4 से हराने के दौरान अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। पुरुष एकल में तीसरे वरीय जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एलेजांद्रो ताबियो को सीधे सेट में 6-2, 7-6, 6-4 से हराया जबकि अमेरिका के 14वें वरीय टॉमी पॉल ने एल्मर मोलेर के खिलाफ 6-3, 6-3, 6-1 की आसान जीत दर्ज की।




### वीनस ओपन एरा की तीसरी सबसे उम्रदराज

1981 में रेनी रिचर्ड्स के बाद विलियम्स यहां महिला एकल में प्रतिस्पर्धा करने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थीं और ओपन एरा की तीसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थीं। विलियम्स और फर्नांडीज महिला युगल ड्रॉ में सात वाइल्ड-कार्ड टीमों में शामिल हैं, जिनमें हैली बैप्टिस्ट और व्हिटनी ओसुइग्वे, रीज ब्रैंटमेयर और एलानिस हैमिल्टन, कारमेन कॉर्ली और इवाना कॉर्ली, क्रिस्टीना पेनिकोवा और थिया फ्रोडिन, क्लर्वी न्गोउए और इवा जोविक, और जूलियट पारेजा और आकाश उरहोबो शामिल हैं। 2025 यूएस ओपन महिला युगल प्रतियोगिता गुरुवार को यूएसटीए बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में शुरू होगी।

### वीनस को मिली वाइल्ड-कार्ड एंट्री युगल में दिखेंगी लेयला के साथ

यूएस ओपन महिला एकल में पहले राउंड से ही बाहर हुई वीनस विलियम्स का अभियान अभी समाप्त नहीं हुआ है। वीनस महिला युगल में लेयला फर्नांडीज के साथ खेलती हुई दिखेंगी। उन्हें वाइल्ड-कार्ड एंट्री दी गई है। वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज का मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त यूक्रेन की ल्यूडमिला किचेनोक और ऑस्ट्रेलिया की एलेन पेरेज की जोड़ी से होगा।



22 वर्षीय फर्नांडीज को न्यूयॉर्क में महिला एकल में 31वीं वरीयता दी गई है और उन्होंने पहले दौर में हमवतन रेबेका मैरिनो को 6-2, 6-1 से हराया। वह 2021 में एकल फाइनल में पहुंचीं, जहां वह ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू से उपविजेता रहीं।

**वीनस 2 साल बाद ले रही ग्रैंड स्लैम में भाग**

45 साल की वीनस 2 साल में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। वीनस विलियम्स महिला युगल की सफलतम खिलाड़ियों में से एक हैं। अपनी बहन सेरेना विलियम्स के साथ उन्होंने 14 ग्रैंड स्लैम महिला युगल खिताब जीते हैं। आखिरी बार 2016 में उन्होंने विंबलडन जीता था। महिला युगल में वह आखिरी बार 2022 में सेरेना विलियम्स के साथ यूएस ओपन में दिखी थी। वह सेरेना का विदाई टूर्नामेंट था।

---

**आईसीसी वनडे रैंकिंग**

# गिल-रोहित शीर्ष और कोहली चौथे नंबर पर







एजेंसी ▸▸| दुबई

*भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल और रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि विराट कोहली चौथे नंबर पर मौजूद हैं। वहीं हाल में मैके में श्रृंखला के आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका पर रिकॉर्ड जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को भी फायदा मिला है। हालांकि श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका ने जीती। गिल (784 रेटिंग अंक) और रोहित (756) क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम (739) शीर्ष तीन में शामिल हैं। कोहली के 736 अंक हैं।*

### यादव और जडेजा तीसरे और नौवें नंबर पर

हाल के महीनों में भारतीय टीम ने वनडे में हिस्सा नहीं लिया है लेकिन गेंदबाजों की ताजा वनडे रैंकिंग में कुलदीप यादव (650) और रविंद्र जडेजा (616) अब भी क्रमशः तीसरे और नौवें नंबर पर बने हुए हैं। रोहित और कोहली टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं लेकिन ये दोनों वनडे प्रारुप में सक्रिय हैं। रोहित और कोहली दोनों ने आखिरी बार फरवरी 2025 में संयुक्त अरब अमीरात में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान वनडे मैच खेला था, जिसमें उन्होंने भारत के खिताबी अभियान में अहम भूमिका निभाई थी।



### ग्रीन ने लगाई 40 पायदान की छलांग

हेड एक पायदान के सुधार से 11वें स्थान पर, मार्श चार पायदान की छलांग के साथ 44वें स्थान पर और ग्रीन 40 पायदान की छलांग के साथ 78वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी जोश इंगलिस ने भी सूची में जगह बनाई है। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज 23 पायदान के सुधार के साथ 64वें स्थान पर पहुंच गया है। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर कड़ी प्रतिस्पर्धा है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला समाप्त होने के बाद श्रीलंका के स्पिनर महेश तीक्षणा 671 रेटिंग अंक के साथ साथी स्पिनर केशव महाराज के साथ शीर्ष पर आ गए हैं।

---

**एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप**

## भानवाला ने रेपिड फायर पिस्टल में जीता सिल्वर




एजेंसी ▸▸| शिमकेंट

भारतीय निशानेबाज अनीष भानवाला ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का रजत पदक जीता। बाइस साल के अनीष स्वर्ण पदक की दौड़ में सिर्फ एक अंक से चूक गए। उन्होंने 35 अंक जुटाए, जो स्वर्ण पदक विजेता चीन के शु लियानबोफान से एक अंक कम रहा। कांस्य पदक कोरिया के ली जेइकयून ने जीता। ओलंपियन अनीष शुरुआती चार सीरीज के बाद एक अंक से आगे चल रहे थे लेकिन इसके बाद पिछड़ गए। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे आदर्श सिंह पांचवें स्थान पर रहे।

### फाइनल में अनीष की 18-17 अंक की बढ़त

राष्ट्रमंडल खेल 2018 के स्वर्ण पदक विजेता अनीष 30 शॉट के प्रिसिजन दौर के बाद 290 अंक के साथ छठे स्थान पर थे। बुधवार को हालांकि हरियाणा का यह निशानेबाज रेपिड फायर दौर में 293 अंक से कुल 583 अंक के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया। छह खिलाड़ियों के फाइनल में अनीष ने 18-17 की बढ़त बना ली थी लेकिन पांच शॉट की शेष तीन सीरीज में शॉट चूकने के कारण उन्हें चीन के 20 वर्षीय खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा। अनीष की अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि पेरु के लीमा में इस साल हुए विश्व कप में रजत पदक जीतना है। अनीष ने दो साल पहले कोरिया के चांगवोन में एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

### डब्ल्यूपीजीटी : मन्नत ने बनाई पहले दौर में बढ़त



**होसुर।** एमेच्योर मन्नत बरार ने लगातार चार बर्डी की मदद से महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 12वें चरण के पहले दौर में बाद बढ़त बना ली। मन्नत ने 15 लाख रुपये इनामी प्रतियोगिता के पहले दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाया और क्लोवर ग्रीन्स कोर्स पर अंडर पार स्कोर बनाने वाली एकमात्र खिलाड़ी रहीं। मन्नत ने पांच बर्डी और तीन बोगी की। मन्नत ने संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर मौजूद कीर्ति चव्हाण, जैस्मिन शेखर और अनन्या गर्ग पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है। इन तीनों ने पार 72 का स्कोर बनाया। एमेच्योर अराध्या शेट्टी और रिया झा एक ओवर 73 के स्कोर से संयुक्त पांचवें पायदान पर हैं।


---

**डायमंड लीग**

## ट्राफी पर कब्जा करना चाहेंगे चोपड़ा

एजेंसी ▸▸| ज्यूरिख

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा गुरुवार को डायमंड लीग फाइनल में सत्र के अब तक के अपने सबसे शानदार 90 मीटर प्रदर्शन को दोहराते हुए ट्रॉफी पर कब्जा करना चाहेंगे। डायमंड लीग के 14 लीग चरण में से चार में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा शामिल थी, जिसमें से चोपड़ा ने केवल दो में ही हिस्सा लिया और 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। चोपड़ा ने अगस्त में सिलेसिया और ब्रसेल्स चरण में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने पिछली बार 2022 में डायमंड लीग ट्रॉफी जीती थी। इन चार मुकाबलों में अंक तालिका में शीर्ष छह फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 32 स्पर्धाएं होती हैं इसलिए डायमंड लीग फाइनल दो दिन तक चलता है। बुधवार को छह स्पर्धाएं होंगी। डायमंड लीग फाइनल में प्रत्येक स्पर्धा के विजेता को इस वर्ष का चैंपियन घोषित किया जाएगा।




---

**जबलपुर का नाम किया रोशन**

## केव्हीएस नेशनल स्पोर्ट्स मीट में आराध्या ने जीता रजत पदक

**जबलपुर।** जबलपुर की प्रतिभावान बैडमिंटन खिलाड़ी आराध्या गुप्ता ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन (**KVS**) की 54वीं नेशनल स्पोर्ट्स मीट–2025 में रजत पदक जीतकर पूरे शहर को गौरवान्वित किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता केरल में आयोजित हुई, जिसमें देशभर से चुनिंदा खिलाड़ी शामिल हुए थे। आराध्या, रंगभूमि बैडमिंटन अकादमी, जबलपुर की खिलाड़ी हैं। स्थानीय खेलजगत एवं नागरिकों ने आराध्या की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है और भविष्य में उनसे अंतरराज्यीय व राष्ट्रीय स्तर पर और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। इस उपलब्धि के साथ एक बार फिर जबलपुर की बेटी ने राष्ट्रीय मंच पर शहर का नाम रोशन किया है।






## जबलपुर के जूडो खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धि

जबलपुर। इंदौर में आयोजित सब-जूनियर एवं केडेट राज्य जूडो प्रतियोगिता में जबलपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 3 स्वर्ण, 5 रजत और 13 कांस्य पदक जीतकर शहर को गौरवान्वित किया।'बेस्ट जूडोका अवार्ड' से अंश श्रीवास (सब-जूनियर) और कुलसुम शाह (केडेट) को नवाजा गया। **स्वर्ण पदक विजेता-** अंश श्रीवास, आशी वरकड़े, कुलसुम शाह। **रजत पदक विजेता-** आराध्य साहू, आर्यवीर नागवंशी, अफशीन फातिमा, सपना चौधरी, हर्ष श्रीवास्तव । **कांस्य पदक विजेता-** राधिका बर्मन, जानवी गौर, समायरा बानो, इर्तिका कशफ, मीठी चक्रवर्ती, स्वाती रावत, सुदिक्षा पेशवानी, एहतेशाम मंसूरी, सम्राट सिंह, अरहान आलम, नव्या अग्रवाल, सोमिया सिद्दीकी, खुशबू पटेल ने रजत पदक हासिल किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अंश और कुलसुम मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

---

**30 अक्टूबर तक अपनाना होगा नया संविधान नहीं तो निलंबन की संभावना**

# भारतीय फुटबॉल की साख दांव पर, फीफा और एएफसी ने दिया अल्टीमेटम

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि वैश्विक संचालन संस्था फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने संकटग्रस्त अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को सख्त चेतावनी दी है कि उसे 30 अक्टूबर तक नया संविधान अपनाना और उसकी पुष्टि करनी होगी या फिर निलंबन का जोखिम उठाना पड़ेगा।

### राष्ट्रीय टीम और क्लब नहीं खेल पाएंगे अंतरराष्ट्रीय मैच

एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे को लिखे दो पन्नों के कड़े पत्र में दोनों अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने 2017 से उच्चतम न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद महासंघ की ओर से अपने संविधान को अंतिम रूप देने में विफलता पर 'गहरी चिंता' व्यक्त की। शीर्ष अदालत गुरुवार को इस मामले की सुनवाई करेगी। निलंबन का मतलब होगा कि राष्ट्रीय टीमों और क्लबों को सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा और साथ ही अहमदाबाद में 2036 के ओलंपिक खेलों के लिए भारत की महत्वाकांक्षी बोली भी अनिश्चितता में पड़ जाएगी। फीफा और एएफसी ने चौबे के नेतृत्व वाले एआईएफएफ को संशोधित संविधान को मंजूरी देने के लिए उच्चतम न्यायालय से एक 'निश्चित आदेश' प्राप्त करने, इसे फीफा और एएफसी के अनिवार्य नियमों के अनुरुप बनाने और 30 अक्टूबर की समय-सीमा से पहले अगली आम सभा की बैठक में इसकी पुष्टि करने का निर्देश दिया है।




### मामला 2017 से उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन

अगस्त 2022 में फीफा ने भारत को 'तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप' के आरोप में निलंबित कर दिया था जब उच्चतम न्यायालय ने नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) ने अस्थायी रूप से एआईएफएफ का संचालन किया था। यह प्रतिबंध देश की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के जश्न के दौरान लगाया गया था लेकिन सीओए के भंग होने और चुनाव होने के दो सप्ताह के भीतर इसे हटा लिया गया था। चुनावों में चौबे ने एकतरफा परिणाम में दिग्गज फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया को हराया था। विश्व निकायों ने 'अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संशोधित संविधान को अंतिम रूप देने और लागू करने में निरंतर विफलता' पर चिंता व्यक्त की। यह मामला 2017 से भारत के उच्चतम न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है।

### हो सकता है निलंबन

पत्र में कहा गया है, 'इस कार्यक्रम का पालन नहीं करने पर हमारे पास इस मामले को निर्णय लेने वाली फीफा की संबंधित संस्था के पास विचार और निर्णय के लिए भेजने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा, जिसमें निलंबन की संभावना भी शामिल है।' इस पत्र पर फीफा के मुख्य सदस्य संघ अधिकारी एल्खान मामादोव और एएफसी के उप महासचिव (सदस्य संघ) वाहिद कर्दानी ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए हैं। यह पहली बार नहीं है जब भारतीय फुटबॉल को इस तरह की शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है।




## पूर्व आदेश की नाफरमानी का मामला

# अवमानना मामले में हाईकोर्ट ने मंडला कलेक्टर से मांगा स्पष्टीकरण

हरिभूमि जबलपुर।

**मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश की नाफरमानी के रवैये को आड़े हाथों लिया। जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा को अवमानना नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया। इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है।**



अवमानना याचिकाकर्ता मंडला निवासी मुकेश श्रीवास की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मंडला द्वारा पांच मार्च, 2028 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पौड़ी लिंगा विकासखंड मंडला जिला मंडला में प्रयोगशाला व पुस्तकालय कक्ष निर्माण हेतु राशि 25,61,488 रूपये प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक शाला पौड़ीलिंग के शासकीय बैंक खाता में राशि जमा करायी गई थी, जिसका आहरण भी कर लिया गया था। लेकिन न तो लैब का निर्माण हुआ और न ही भवन का। जिस पर संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी गई,उसके उपरांत हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। जिस पर सीजे की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने मंडला कलेक्टर को चार सप्ताह में जांच कर याचिकाकर्ता को जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, साथ ही कहा था कि यदि आवेदक जांच से संतुष्ट नहीं होता है तो वह पुनः याचिका दायर करने स्वतंत्र है। आवेदक की ओर से कहा गया कि आदेश के बावजूद भी कलेक्टर द्वारा किसी प्रकार की जांच नहीं की गई, जो कि न्यायालय की अवमानना है।

## राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग को नए सिरे से नोटिस

# हाईकोर्ट ने स्कूलों के बाहर पार्किंग पर मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने स्कूलों के बाहर पार्किंग के मामले में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग को नए सिरे से नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद नियत की।

जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी जसबीन गुजराल सहित अन्य की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट ने बचपन बचाओ आंदोलन विरुद्ध भारत शासन मामले में बच्चों की सुरक्षा व उनकी देखभाल को लेकर महत्वपूर्ण गाइडलाइन जारी की है। यह सभी प्रदेशों के लिए है। इसके बावजूद देखने में आ रहा है कि जबलपुर सहित अन्य शहरों में स्कूलों के परिसर के भीतर नहीं बल्कि बाहर सड़क पर पार्किंग हो रही है। इससे बच्चों की जान को खतरा बना हुआ है। साथ ही यातायात भी बाधित होता है। मामले में राज्य शासन, मुख्य सचिव, संभागायुक्त, कलेक्टर, निगमायुक्त, पुलिस अधीक्षक यातायात तथा मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग को पक्षकार बनाया गया है। मामले की पूर्व सुनवाई के दौरान आयोग को नोटिस जारी किए गए थे, किंतु जवाब नहीं आया। इसीलिए नए सिरे से नोटिस जारी किया गया है।



## धूप छांव के बीच पारा भी उछला

# मौसम खुलते ही उमस मारने लगी डंक

हरिभूमि जबलपुर।

भादों की शुरुआत में मानसून सिस्टम कमजोर पड़ गया है। पिछले दो दिनों से बारिश थमने के बाद उमस एकदम से बढ़ गई है। दिन और रात के तापमान में उछाल आ गया है। 38 इंच बारिश होने के बाद भी उमस बरकरार है। धरती की तपन अभी खत्म नहीं हुई है और बारिश होगी। बुधवार की सुबह आसमान साफ रहा। बीच बीच में आए बादलों ने उमस बढ़ाई और पूरे दिन गर्मी का अहसास बना रहा। पिछले एक हफ्ते से बारिश कमजोर पड़ गई है। दो दिन तेज बारिश हुई और फिर मौसम खुल गया।

स्थानीय विज्ञान केन्द्र के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में ऊपरी हवाओं का चक्रवात बना हुआ है और बादल मध्यप्रदेश की ओर बढ़ रहे हैं। बादलों की नई खेप आज देर रात तक जबलपुर पहुंच सकती है। जिससे अगले 24 घंटों के दौरान झमाझम बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 25.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 82 प्रतिशत और सायंकाल 75 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.52 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.31 मिनिट पर हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षा नहीं हुई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 968.07 मिमी (लगभग 38.12 इंच) दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन वर्षा 5.3 मिमी हुई थी और कुल वर्षा 1096.0 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 31.09 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.06 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तरी हवाएं हवाएं 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारे पड़ने की संभावना हैं।

## सेशन कोर्ट का फैसला

# धक्का लगने पर हत्या करने वालों को उम्रकैद

**जबलपुर।** जिला अदालत ने धक्का लगने के विवाद पर हत्या के आरोपित जबलपुर निवासी सनी उर्फ अमित यादव और विकी साहू का दोष सिद्ध पाया।अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक सक्सेना की अदालत ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक-एक हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजन अधिकारी अजय जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि गढ़ा थानांतर्गत 24 अक्टूबर, 2023 को वारदात को अंजाम दिया गया था। आरोपितों ने बिट्टू कुमार शुथियार पर चाकू से हमला कर दिया था। हमले की वजह महज धक्का लगने जैसा मामूली विवाद था। बुरी तरह लहुलुहान बिट्टू को अस्पताल ले जाया गया। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। लिहाजा, गढ़ा पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं के अंतर्गत अपराध कायम कर लिया। अदालत ने दोष सिद्ध पाकर सजा सुना दी।

# अपील का विकल्प मौजूद अतः निरस्त की याचिका

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने अपील का विकल्प मौजूद होने के बावजूद सीधे हाई कोर्ट चले आने के रवैये को अनुचित माना। इसी के साथ याचिका इस स्वतंत्रता के साथ निरस्त कर दी कि याचिकाकर्ता संबंधित फोरम में अपील कर सकता है। याचिकाकर्ता डालमिया सीमेंट भारत लिमिडेड की ओर से जिला पंजीयक, स्टाम्प कलेक्टर के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके अंतर्गत 20 करोड़, 89 लाख, 47 हजार 750 रुपये का शुल्क अधिरोपित कर दिया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से पैनल लायर अर्वण तिवारी ने विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि इस प्रकरण में याचिकाकर्ता के समक्ष अपील व द्वितीय अपील का प्रविधान था। इसके बावजूद वह सीधे हाई कोर्ट चला आया। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि अपील की सूरत में कुल राशि का 25 प्रतिशत जमा करने की बाध्यता होती।

# रीवा कलेक्टर को अवमानना नोटिस जारी

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश की नाफरमानी पर कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल को अवमानना नोटिस जारी किया है। जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए। अवमानना याचिकाकर्ता जनपद पंचायत जवा, जिला रीवा के सरपंच धनेंद्र द्विवेदी की ओर से अधिवक्ता गोपाल सिंह बघेल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि कसियारीघाट पर बने पुल के ऊपर मनमाने तरीके से पाइप लाइन डाल दी गई थी। जिसके विरुद्ध जनहित याचिका दायर करने पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। लेकिन कलेक्टर ने हाई कोर्ट के आदेश का नियत समयावधि में पालन सुनिश्चित करने की दिशा में गंभीरता नहीं बरती। इसीलिए अवमानना याचिका दायर की गई है।

## तीन माह में वापस करने के निर्देश

# सेवानिवृत्ति के छह वर्ष बाद रिकवरी अनुचित

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विनय जैन की एकलपीठ ने सेवानिवृत्ति के छह वर्ष बाद रिकवरी को अनुचित करार दिया। इसी के साथ तीन माह के भीतर काटी गई राशि लौटाने के निर्देश दे दिए। ऐसा न किए जाने पर छह प्रतिशत ब्याज सहित राशि लौटानी पड़ेगी। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी सेवानिवृत्त डीएसपी अशोक राणा की ओर से अधिवक्ता कबीर पाल व शांतनु सेठ ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के विरुद्ध सेवानिवृत्ति के छह वर्ष बाद दो लाख 37 हजार 135 रुपये की रिकवरी निकाली गई। यह तक किया गया, जब उसने दो क्रमोन्नति के बाद तृतीय क्रमोन्नति के लिए आवेदन दिया था। इस पर विभाग ने द्वितीय क्रमोन्नति गलत दिए जाने का तर्क देते हुए रिकवरी निकाल दी। जबकि रफीक मसीह सहित अन्य न्यायदृष्टांतों के प्रकाश में ऐसा नहीं किया जा सकता।

# असाधारण कार्य निष्पादन के लिए ट्रांसको के एई नीलेश बास्त्री सम्मानित

**जबलपुर।** विगत रबी सीजन के दौरान अचानक फेल हुए पावर ट्रांसफार्मर को मात्र 10 दिनों के न्यूनतम संभव समय में बदलकर नये, अधिक क्षमता वाले पावर ट्रांसफार्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत करने के उल्लेखनीय कार्य हेतु राजगढ़ में पदस्थ सहायक अभियंता (एई) नीलेश बास्त्री को जबलपुर मुख्यालय में सम्मानित किया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर उच्च प्रबंधन ने



तत्काल निर्णय लेते हुए एक अन्य उपकेंद्र के लिए आवंटित ट्रांसफार्मर को मार्ग से ही राजगढ़ के लिए डायवर्ट कर दिया। इस विशेष उपलब्धि के लिए जबलपुर मुख्यालय में आयोजित समारोह में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने एई नीलेश बास्त्री को मध्यप्रदेश के सभी वरिष्ठ कंपनी अधिकारियों की उपस्थिति में सिल्वर मेडल, नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

# अटल कार्यकर्ता सम्मान समारोह का शुभारंभ सिंगरौली से

## धीरज पटेरिया आज होंगे मुख्य अतिथि

**जबलपुर/सिंगरौली।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने हेतु आयोजित "अटल कार्यकर्ता सम्मान समारोह" का शुभारंभ आज सिंगरौली जिले से होने जा रहा है। इस गरिमामय अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता धीरज पटेरिया का सिंगरौली आगमन आज होगा। इस विशेष समारोह के अंतर्गत जनसंघ, जनता पार्टी और भाजपा के विभिन्न कालखंडों में पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को उनके घर-घर जाकर "रजत पत्र" भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। यह यात्रा सिंगरौली से प्रारंभ होकर मध्यप्रदेश के सभी जिलों में संचालित की जाएगी, जहां हर जिले में पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मध्यप्रदेश के प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय जिलाध्यक्ष, विधायकगण, सांसद, मंत्री, वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। रीवा संभाग के प्रभारी विनोद चौबे खड़ौरा (जिलाध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा सिंगरौली) एवं कार्यक्रम के जिला प्रभारी अधिवक्ता श्री अरुण द्विवेदी ने जानकारी साझा करते हुए जिले के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## एमडी तक पहुंची एसई अरोरा की शिकायत, आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उठ सकता है मुद्दा

# करोड़ों का घोटाला, मनमानी पर मेहरबानी!

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि, जबलपुर।

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में अधीक्षण अभियंता (एसई सिटी) संजय अरोरा की मनमानी और भ्रष्टाचार की परतें अब खुलती जा रही हैं। अभियंताओं को लगातार प्रताड़ित करने और स्टार सिटी निवासी एक व्यक्ति विशेष पर अनुचित मेहरबानी करने की शिकायत सीधे कंपनी के प्रबंध संचालक (एमडी) अनय द्विवेदी तक पहुंच गई है। खास बात यह है कि यह वही व्यक्ति है, जिसने बीते दिनों एमडी द्विवेदी की खुलकर खिलाफत की थी। इसके बावजूद अरोरा का उसे लाभ पहुंचाना, विभागीय नियमों और ईमानदारी पर करारा तमाचा माना जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि एमडी ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया है। आज गुरुवार को होने वाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जबलपुर रीजन के मुख्य अभियंता केएल वर्मा इस मुद्दे को उठाने के संकेत दे चुके हैं। साफ है कि अरोरा के खिलाफ कार्रवाई की गाज किसी भी वक्त गिर सकती है।

### एसीसी सीमेंट प्लांट घोटाले में कंपनी को लगाई चपत

कटनी में पदस्थ रहते हुए एसई अरोरा पर भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा दाग कैमोर स्थित एसीसी सीमेंट फैक्ट्री से जुड़ा है। फैक्ट्री को उच्च दाब बिजली लेने की सिर्फ 10 मेगावाट की अनुमति थी, लेकिन पांच महीने तक कैप्टिव पावर प्लांट खराब रहने पर अरोरा की मिलीभगत से फैक्ट्री ने सीमा से कई गुना अधिक बिजली खींची। नतीजा विद्युत कंपनी को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ।

### वसूली कर सकते थे भारी पेनाल्टी

जबकि इस अनियमितता पर भारी पेनाल्टी वसूल हो सकती थी, लेकिन एसई अरोरा की कृपा से मामला दबा दिया गया। सूत्रों के अनुसार, उस अवधि में अरोरा हफ्ते में दो बार फैक्ट्री पहुंचते और अधिकारियों के साथ गुप्त सौदेबाजी कर अनियमितताओं को छिपाते रहे।

### मजाक बनी जांच, इनाम में मिली पोस्टिंग

एनर्जी ऑडिट विभाग ने इस गड़बड़ी को पकड़कर बाकायदा जांच कमेटी गठित की थी। लेकिन अधिकारियों को मैनेज करने में माहिर एसई अरोरा ने जांच को ही ठंडे बस्ते में डाल दिया। नतीजतन सजा मिलने के बजाय उन्हें जबलपुर जैसे महत्वपूर्ण पद पर पदस्थ कर दिया गया।

### होगी कार्रवाई या फिर दब जाएगा मामला

अभियंता वर्ग अब खुलकर सवाल उठा रहा है कि करोड़ों की क्षति और लगातार हो रही मनमानी के बावजूद विभाग कब तक आंख मूंदे बैठेगा। क्या इस बार उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर गाज गिरेगी, या फिर हमेशा की तरह रसूख और सिफारिश के सहारे मामला दबा दिया जाएगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

एफबी मे कमेंट पड़ा महंगा, भाजपा नेताओं ने दर्ज कराई एफआईआर

# महिलाओं पर विवादित बयान पर पूर्व कांग्रेस पार्षद की मुश्किलें बढ़ी

जबलपुर।

**मध्यप्रदेश में महिलाओं को लेकर नेताओं की विवादित टिप्पणियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा महिलाओं के शराब सेवन संबंधी दिए गए बयान के बाद अब जबलपुर नगर निगम के पूर्व पार्षद शाबान मंसूरी भी विवादों में घिर गए हैं। मंसूरी पर आरोप है कि उन्होंने भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर द्वारा की गई एक पोस्ट पर विवादित कमेंट कर दिया जो उन्हें महंगा पड़ गया।**

भाजपा नेताओं ने इसे धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाला बताते हुए घमापुर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा नेताओं द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है की, मंसूरी ने पूर्व नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर के फेसबुक पोस्ट पर कमेंट करते हुये कहा कि "तीजा के पर्व पर हिंदू महिलाएं शराब का सेवन करती हैं"। इस पोस्ट को भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिंदू धार्मिक आस्थाओं का अपमान करार दिया और कहा कि इस प्रकार का बयान सामाजिक माहौल बिगाड़ने वाला है।

जनकारी के अनुसार बुधवार शाम को पूर्व भाजपा अध्यक्ष जीएस ठाकुर, मंगन सिद्दीकी, योगेश लोखंड़े, जय सचदेवा, अशोक रोहितास, सर्वेश त्रिपाठी सहित लगभग 8-10 कार्यकर्ता घमापुर थाना पहुंचे। यहां उन्होंने मंसूरी के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए फेसबुक पोस्ट का स्क्रीनशॉट बतौर सबूत पुलिस को सौंपा। भाजपा नेताओं का कहना है कि इस तरह की टिप्पणी से न केवल धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, बल्कि दंगा भड़काने की कोशिश भी की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार घमापुर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस के पूर्व पार्षद शबान मंसूरी पर धारा 196, 197, 299 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत और प्रस्तुत सबूतों के आधार पर आगे की जांच की जा रही है।

### महिलाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं

अल्पसंख्यक कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अशरफ मंसूरी ने कहा की है किसी भी धर्म की महिलाओं पर टिप्पणी बर्दशात नहीं हैं. मामला पुलिस की जांच में हैं. जैसा बताया जा रहा है यदि वैसा ही कहा गया है तो हम शाबान मंसूरी के बयान की निंदा करते हैं।

# आरोपी पकड़ने गए हवलदार की सड़क हादसे में मौत

अंधमुक बायपास की घटना, पुलिस महकमे में शोक की लहर

हरिभूमि, जबलपुर।

धनवंतरी नगर चौकी अंतर्गत अंधमुक बायपास पर शनिवार रात हुए एक सड़क हादसे में हवलदार की मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब यादव कॉलोनी चौकी में हवलदार के पद पर पदस्थ मृतक 40 वर्षीय अभिषेक शिंदे एएसआई दानी सिंह और आरक्षक आशुतोष भारती के साथ धारा 363 के आरोपी आशीष सिंह ठाकुर को पकड़ने धनवंतरी चौकी अंतर्गत अंधमुख बायपास पहुंचे थे। तभी तेज रफ्तार बोलेरो ने सड़क पार करते वक्त टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल अस्पताल लाया गया जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### बस का इंतजार कर रही थी पुलिस टीम

पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी बस से आ रहा है। टीम बस का इंतजार कर रही थी। जैसे ही बस रुकी, पुलिसकर्मी रोड क्रॉस कर उसकी ओर बढ़े। तभी सामने से आ रही बोलेरो क्रमांक एमपी 20 जेडएल 8879 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए अभिषेक शिंदे को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि शिंदे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



### कप्तान समेत पहुंचे आला अधिकारी.

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय, एएसपी क्राइम जितेंद्र सिंह और सीएसपी कोतवाली रीतेश शिव मेडिकल अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने पूरी घटना की जानकारी ली और बोलेरो चालक की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

### सक्रियता को लेकर थे चर्चित

प्रधान आरक्षक अभिषेक शिंदे अपराधियों को दबोचने के लिए हमेशा से सक्रिय रहते थे। बुधवार की रात भी वह आरेपी की गिरफ्तारी के लिए टीम का हिस्सा बने लेकिन बोलेरो की टक्कर ने उसकी जान ले ली।

# पति एवं ससुर के खिलाफ प्रताड़ना का मामला दर्ज

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत पंचमपुरा कटंगी में एक महिला ने अपने पति व ससुर के खिलाफ प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचमपुरा कटंगी निवासी 33 वर्षीय श्रीमति रुकसाना मंसूरी का निकाह 11 मई 2018 को पंचमपुरा कटंगी निवासी मोहम्मद इरशाद के साथ हुआ था शादी के बाद से ही घरेलू बातों को लेकर पति और ससुर मोहम्मद इशाक उसके साथ मारपीट कर शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करते थे। गत 25 अगस्त 2025 को रात लगभग 8 बजे वह घर पर खाना बना रही थी तभी ससुर मोहम्मद इशाक घर आकर जोर जोर से उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसके मायके वालों को गालियां देने लगे। उसने मायके वालों को गालियां देने से मना किया तो पति मोहम्मद इरशाद ने मारपीट कर चोटे पहुंचाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(3), 3 (5), 85 बीएनएस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**जबलपुर।** कुण्डम थाना अतंर्गत ग्राम जमगांव के पास सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। कुण्डम पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सदाफल निवासी 50 वर्षीय सुशील साहू गत शाम लगभग 7 बजे रोजाना की तरह अपनी बाईक से ग्राम मनेरी फैक्ट्री में डियूटी करने निकला था, शाम लगभग 7.40 बजे ग्राम जमगांव के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण डायल 100 से सीएचसी कुण्डम लेकर पहुंचे, जहां सिर में गंभीर चोट होने के कारण डॉक्टर ने मेडीकल कालेज रेफर करने पर मेडिकल ले जाते समय सुशील साहू को घबराहट होने लगी जिन्हें रांझी अस्पताल लेकर आये जहां डाक्टर ने चैक कर सुशील साहू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

पांच सदसीय गैंग के दो आरोपी अभी फरार

# तीन लुटेरों से सात वारदातों का खुलासा

जबलपुर।

जबलपुर में हो रही चेन स्नेचिंग की घटनाओं ने पुलिस को चिंता में डाल दिया है, पिछले दिनों हुई वारदातों की तलाश में लगी पुलिस को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन ऐसे शातिर लुटेरे मिले जिनसे 7 वारदातों का खुलासा हो गया। यह आरोपी बिना नंबर के स्कूटर पर घूमकर महिलोन, मंगलसूत्र झपटते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा हुआ सोने का सामान जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 7 लूट प्रकरणों को आरोपियों ने कबूल किया है। छानबीन में यह सामने आया है कि इनकी पांच युवकों की गैंग है जिन्होंने 8 वारदातों को अंजाम दिया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पल्लवी शुक्ला ने बताया की संजीवनी नगर पुलिस ने तीन लुटेरों को गिरफ्तार कर लूट की सात घटनाओं का खुलासा किया। जिनसे लूटे गये पांच मंगलसूत्र 12 गुरिया 1 सोने की चेन बरामद की गई। आरोपियों ने गढ़ा में श्रीमति अनीता धौलपुरी, श्रीमति राधा शर्मा, सिविल लाईन में श्रीमति शशि प्रभा चौबे, संजीवनी नगर में वृध्दा आशा राजपूत श्रीमति प्रीती बाई सिंह के साथ लूटपाट की थी। पुलिस ने इन मामलों में पुलिस ने संजीवनीनगर की पीएंडटी कॉलोनी निवासी हर्ष झारिया, माढ़ोताल की मदरटेरेसा नगर कॉलोनी निवासी संतोष चौधरी और उजारपुरवा निवासी रोहित रैकवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने अपने साथी पीयूष और रिंकू के साथ वारदात की हैं। इनके अन्य दो साथी फरार हैं। इन आरोपियों ने संजीवनीनगर गढ़ा सिविल लाइन तेंदूखेड़ा और कटनी में लूट की वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस ने हर्ष को अपराधिक प्रवृत्ति का युवक बताया है।



# जैन धर्मावलंबियों के पर्व राज पर्युषण आज से

**जबलपुर।** भादों सुदी पंचमी 28 अगस्त से भादों सुदी चतुर्दशी तक जबलपुर सहित सम्पूर्ण विश्व की सकल दिगंबर जैन समाज पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व पर्युषण की मंगल आराधना करते हुए उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य एवं उत्तम ब्रह्मचर्य इन धर्म के दशलक्षणों के माध्यम से आत्म साधना एवं धर्माराधना करेगा।चूंकि दशलक्षण महापर्व पर्युषण जैनदर्शन का अनादि निधन शाश्वत महापर्व पर्व हैं जिसे श्रावक - श्राविकाएं बहुत ही श्रद्धा भक्ति के साथ व्रत, उपवास, नियम, संयम पूर्वक मनाता है जिसका मुख्य उद्देश्य सर्वोदय अहिंसा के साथ आत्मा से परमात्मा बनने का मार्ग प्रशस्त करना है। श्री महावीर स्वामी मार्ग, गोल बाजार स्थित श्री जिन मंदिर में पर्वाधिराज पर्युषण पर्व का 10 दिवसीय भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 28 अगस्त से 6 सितंबर तक चलेगा।

# तमरहाई चौक पर पोहा जलेबी का वितरण

तीजा व्रतधारी महिलाओं के लिए महाभंडारा

**जबलपुर।** ऊँ श्री कुंभेश्वरनाथ मंदिर तमरहाई चौक द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 27 अगस्त 2025 को महाभंडारे का आयोजन किया सुबह 4.00 बजे से प्रारंभ किया गया जिसमें महाभंडारे में 75 क्विंटल शुध्द घी की जलेबी और 15 क्विंटल पोहा का महाप्रसाद के रूप में वितरण किया। यह महाभंडारा हरितालिका तीज (तीज) के अखण्ड व निंर्जला व्रतधारी महिलाओं के उपवास खोलने के लिए किया गया। अखण्ड व्रत रखकर रत जगा करने वाली महिलाऐं युवतियों को तीजा के दूसरे दिन ब्रम्ह मुहूर्त में इसी महाप्रसाद से अपना व्रत खोला।



ऊँ श्री कुंभेश्वरनाथ मंदिर विगत कई वर्षों से तीजा पर विशाल भंडार आयोजित करता चला आ रहा है जिसमें सुबह 4.00 बजे से व्रतधारी महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी शहर के विभिन्न इलाकों से महिलाएं युवती महाभंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करती रही और अपना अखण्ड व्रत खोलती रही। भीड़ को देखते हुए प्रसाद वितरण के लिए अधिक से अधिक काउंटर लगाये गये।ताकि सभी को आसानी से महाप्रसाद मिल सकें। 50 हजार से 60 हजार के बीच महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ऊँ श्री कुंभेश्वरनाथ मंदिर इस भंडारे के लिए तीजा से करीब एक सप्ताह पूर्व तैयारियां शुरू कर दी गई थी। शुध्द घी से बनने वाली जलेबिया के लिए शुध्द घी भी ऊँ श्री कुंभेश्वरनाथ मंदिर शुध्द व ताजे दूध से बनवाता है। महाप्रसाद की संपूर्ण सामग्री शुध्द व उच्च गुणवत्ता की रहती है। शहर के एक सैकड़ा हलवाईयों की टीम इस महाप्रसाद को तैयार करती है।

# रंगदारी वसूलने बदमाशों ने चलाए चाकू, 1 घायल

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत मालगुजार परिसर दुर्गा मंदिर के सामने शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर तीन बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वंदना नगर पाठक बिल्डिंग के पास गोहलपुर निवासी 18 वर्षीय अमित रजक गत रात लगभग 2.30 बजे मालगुजार परिसर दुर्गा मंदिर के सामने अपने दोस्त आदित्य पटैल, शिवा रजक, भाई अमन रजक के साथ आपस में हंसी मजाक कर रहे थे, तभी अंकुश उर्फ अंकी केवट, विक्की पटेल, प्रिंस परिहार तीनों आकर उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, रूपये देने से मना करने पर गाली गलौज करते मारपीट करने लगे, उसके साथी एवं भाई ने बीच बचाव किया तो अंकुश उर्फ अंकी केवट ने चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



स्मार्ट सिटी अस्पताल का संचालक अमित खरे फर्जीवाड़े में माहिर

# फर्जी रिपोर्ट, झूठा डॉक्टर और मरीजों से खिलवाड़!

फायर सेफ्टी की बनाई थी फर्जी रिपोर्ट, इंजीनियर ने किया था खुलासा

हरिभूमि, जबलपुर।

स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर फर्जीवाड़े का गढ़ बन चुका स्मार्ट सिटी अस्पताल और इसके संचालक स्वंयभू भाजपा नेता अमित खरे पर एक के बाद एक नए खुलासे सामने आ रहे हैं। अब यह भी उजागर हुआ है कि खरे का फर्जी खेल बेदीनगर स्थित एप्पल अस्पताल से ही शुरू हो गया था, जहां उसने फायर सेफ्टी की फर्जी रिपोर्ट तक तैयार करवा दी थी।

हरिभूमि फॉलोअप

### जाली हस्ताक्षर से तैयार फायर रिपोर्ट

अग्निशमन इंजीनियर निखिल चनपुरिया ने 26 दिसंबर 2024 को सीएमएचओ को लिखित शिकायत भेजी थी। इसमें साफ आरोप लगाया गया था कि अस्पताल प्रबंधन ने फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट की नकली रिपोर्ट तैयार कर उस पर उनके जाली हस्ताक्षर कर दिए। चनपुरिया ने कहा कि न तो उन्होंने कोई ऑडिट रिपोर्ट बनाई और न ही ऐसे दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। शिकायत में यह भी खुलासा हुआ कि पूरी रिपोर्ट कंप्यूटर एडिटिंग से फर्जी तरीके से तैयार की गई थी। यह मामला साबित करता है कि खरे और उसका अस्पताल प्रशासन फर्जीवाड़े के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।




### मरीजों की जान से खिलवाड़

खरे का खेल केवल कागजी हेराफेरी तक ही सीमित नहीं है। एक्सीडेंटल मरीजों को क्लेम के जरिए भर्ती कर तो लिया जाता है और डॉक्टर बुलाकर ऑपरेशन भी करवा दिया जाता है, लेकिन जब वही मरीज फॉलोअप के लिए लौटते हैं तो डॉक्टर उपलब्ध नहीं होते। कई मरीजों को समय पर इलाज न मिलने से पैर में संक्रमण तक हो गया, जिससे उनकी हड्डियां टूट गईं। स्वास्थ्य विभाग के पास शिकायतें पहुंचने के बावजूद अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं।

### डिग्री पर उठे सवाल,चर्चाएं सरगर्म

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर अमित खरे डॉक्टर बना कैसे? चिकित्सक समुदाय में चर्चा है कि खरे के पास कोई मान्यता प्राप्त मेडिकल डिग्री ही नहीं है। पूर्व में अस्पताल से जुड़े और बाद में ठगे गए असल डॉक्टरों का कहना है कि अगर इस पहलू की गहराई से जांच की जाए तो एक बड़ा भांडाफोड़ सामने आएगा।

### आखिर कार्रवाई से क्यों बच रहा प्रशासन

फर्जी एमएलसी, बीमा कंपनियों से ठगी, गुंडागर्दी और अब फायर सेफ्टी रिपोर्ट से लेकर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ अमित खरे के कारनामों की लंबी सूची है। सवाल उठता है कि स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन आखिर किस दबाव में आंखें मूंदकर बैठे हैं? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है या फिर यह पूरा खेल राजनीतिक संरक्षण की आड़ में फल-फूल रहा है?

# देवर ने भाभी पर ब्लेड से हमला किया

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत शंकरनगर सुहागी में एक देवर ने अपनी भाभी पर ब्लेड से हमला कर घायल कर दिया। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शंकरनगर सुहागी निवासी 38 वर्षीय श्रीमति उर्मिला केवट के घर के बगल में उसका देवर सुनील केवट एवं देवरानी प्रीति केवट रहते है। गत दोपहर लगभग 2.30 बजे उर्मिला अपने घर के बाहर बैठी थी तभी देवर सुनील केवट अपनी पत्नी प्रीति केवट से विवाद कर रहा था जिससे बचने के लिए देवरानी प्रीति केवट उसके कमरे मे आ गई तभी सुनील केवट आया और मेरी पत्नी को छुपाया है कहते हुए गालीगलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया, देवर घर के कमरे के अंदर आकर देवरानी के साथ मारपीट करने लगा, वह बीच बचाव करने लगी तो ब्लेड (सिप्टी रेजर) से उसके गले, पसली, हाथ, पेट व पीठ पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी देवर के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## फुलेहरा बांधकर किया भोलेनाथ का पूजन

# घर घर में रखा गया अखंड सौभाग्य का निर्जला व्रत तीजा

हरिभूमि सिहोरा।

अखंड सौभाग्य एंव परिवार में सुख शांति के लिए सुहागन महिलाओं ने हरि तालिका तीज का वृत रखा। कुंवारी कन्याओं ने भी अच्छा वर पाने दिन भर निर्जला व्रत रखा।



### प्रत्येक पहर में किया पूजन

हर तालिका तीज को लेकर उत्साहित महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर घर में फुलेहरा बांधा तथा पूर्ण विधी विधान से भगवान भोलेनाथ एंव माता पार्वती की प्रतिमा बनाकर पूजन किया एंव कथा सुनी तथा प्रत्येक पहर में घी,दही,शक्कर,दूध और शहद का पंचामृत बनाकर पूजन तथा आरती कर हवन लगाया सभी एंव सभी वृति महिलाओं कन्याओं ने रतजगा कर भजन कीर्तन किया। सुबह होते ही फिर से हवन पूजन कर फुलेहरा को नदी में जाकर विसर्जित किया और उपवास समाप्त किया।

### अच्छे वर के लिए रखा कंवारी कन्याओं ने भी व्रत

ऐसी मान्यता है कि माता पार्वती के पिता हिमवान भगवान विष्णु के साथ माता पार्वती की शादी कराना चाहते थे। यह माता पार्वती को पसंद नहीं था इसलिए माता पार्वती की सखियां उन्हें भगाकर जंगल लेकर चली गई। इसलिए इस वृत का नाम हरि तालिका नाम पड़ा। चूंकि माता पार्वती ने कुंवारी अवस्था में इस वृत को किया था और भोलेनाथ को प्राप्त किया था इसलिए कंमारी कन्याएं भी अच्छे वर के लिए यह उपवास रखती है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर होगा विभिन्न खेलों का आयोजन

**जबलपुर।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में हर गली, हर मैदान, खेले सारा हिन्दुस्तान की थीम पर जबलपुर शहर में बड़े स्तर पर राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इस महापर्व पर 29 अगस्त को, हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि एवं शपथ कार्यक्रम, हॉकी मैच, वॉलीबॉल मैच एवं टैग और बार 30 अगस्त को, योगा सेंशन, क्विज कम्पटीशन, सेमीनार, खो-खो एवं स्पून रेस एवं 31 अगस्त को वृहद स्तर पर सन्डे ऑन साईकिल का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित विभिन्न खेलों में नगर के समस्त आयु वर्ग के खिलाडियों के साथ-साथ उनके अभिभावक, बालक/बालिकाएं, वरिष्ठ नागरिक इस भव्य समारोह को सफल बनाने में भाग ले तथा अन्य प्रतिभागी को हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करे।



## आगामी पर्वों को लेकर हुआ मंथन, सौहार्दपूर्ण आयोजन पर जोर

# शांति समिति की बैठक आयोजित

**पाटन।** नगर परिषद पाटन के सभा कक्ष में आगामी गणेश उत्सव, मिलाद उन-नबी एवं दसलक्षण पर्व के सफल एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन के लिए शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ पी. लोकेश डावर ने की। इस अवसर पर थाना प्रभारी गोपेंद्र सिंह राजपूत, सीईओ अखिल सहाय श्रीवास्तव, सीएमओ जय श्री चौहान एवं तहसीलदार पाटन भी उपस्थित रहे।

बैठक में समिति सदस्यों ने सभी पर्वों को भाईचारे, एकता और शांति के साथ मनाने की अपील की। इस दौरान आयोजनों की तैयारियों, विशेषकर सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिए कि पंडालों में बिजली के तारों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। लोहे के खंभों पर विद्युत कनेक्शन सावधानीपूर्वक लगाए जाएं। विद्युत लाइन के नीचे प्रतिमा स्थापना न की जाए। प्रतिमाओं का विसर्जन केवल निर्धारित कृत्रिम विसर्जन कुंड में ही किया जाए। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का सख्ती से पालन हो। किसी भी प्रकार का जुलूस निकालने से पूर्व सक्षम अधिकारी से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगा। पर्वों के दौरान मार्गों की सफाई एवं पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जहाँ प्रतिमा स्थापना से यातायात बाधित होता है, वहाँ वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। गणेश उत्सव समिति की सूची संबंधित थाना में जमा कराई जाए।

बैठक में मिलाद उन-नबी को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। धार्मिक आयोजनों के दौरान नगर की सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या की ओर ध्यान दिलाया गया। साथ ही, नए बस स्टैंड के पास स्थित शराब दुकान के आसपास नशेड़ियों द्वारा कांच की बोतलें तोड़ने से उत्पन्न हो रही समस्याओं पर चर्चा हुई। इस पर थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि निगरानी बढ़ाई जाएगी एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुफ्ती अब्दुल कादिर साहब, इर्शादुल हक साहब, नगर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारी, पत्रकार एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

*हवन, यज्ञ के साथ ही सप्ताह ज्ञान यज्ञ का हुआ समापन*

# श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता का सुनाया प्रसंग, कहा-छल-कपट की भावना न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद स्थित हरिदास मंदिर मैं चल रहे सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन हो गया। सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिवस बुधवार को श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र की कथा पर प्रकाश डाला गया। सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन कथा वाचक पंडित दिलीप पौराणिक के द्वारा उपस्थित जनमानस को बतलाया की श्रीकृष्ण का नाम अनमोल है। यदि पापी भी श्रीकृष्ण का नाम लेता है तो उसे सद्गति मिल जाती है जिसके ह्दय मैं प्रभु के प्रति भाव जागते है वही लोग प्रभु की कथा मैं शामिल होते है। श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर उसके उपदेश को जीवन मैं उतारे तभी कथा की सार्थकता है। भगवान



का आगमन सदैव धर्म की रक्षा के लिए हुआ है। श्रीमद्भागवत कथा हमे समाज के संस्कार ,अच्छे बुरे की पहचान सिखाती है। सच्ची भक्ति से ही भगवान की प्राप्ति की जा सकती है।

बुधवार को संगीतमय कथा मैं श्रीकृष्ण-सुदामा मित्रता का प्रसंग सुनाया गया। कथा वाचक कहा कि सच्ची मित्रता के लिए कृष्ण सुदामा की मित्रता का उदाहरण दिया जाता है। द्वारपाल के मुख से सुदामा सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने पहुंच गए। लोग समझ नहीं पाए कि आखिर सुदामा में क्या खासियत है कि, भगवान खुद ही उनके स्वागत में दौड़ पड़े। श्रीकृष्ण ने स्वयं सिंहासन पर बैठाकर सुदामा के पांव पखारे। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी,नरेंद्र दुबे,केशव दुबे, बृजेश दुबे, अनुराग मिश्रा, आदित्य दुबे, राकेश साहू,नितिन अग्रहरि,शेखर यादव, कत्तू झारिया, गिरानी यादव, नीलेश यादव सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। गुरुवार को हवन यज्ञ पूर्णाहुति के साथ कन्या पूजन, कन्या भोज के साथ विशाल भंडारा आयोजित होगा। शुक्रवार को दाधिकंधोत्सव आयोजन होगा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर होंगे विशेष कार्यक्रम

**कटनी।** राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश पर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर नोडल अधिकारी बनाये गए हैं। जारी आदेश के अनुसार संयुक्त कलेक्टर जितेंद्र पटेल को इन कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## 5 सालों में भी नहीं बन पाया स्वच्छ भारत के तहत कचरा घर



सिलौंडी में पिछले 5 सालों से स्वच्छ भारत के अन्तर्गत कचरा घर का नया भवन बन रहा है। अभी तक पूरी तरह से बनाकर तैयार नहीं हो सका। 5 सालों में सिर्फ 2 माह ही भवन निर्माण का कार्य हुआ है। तत्कालीन सचिव का 2021 में तबादला होने के बाद कचरा घर निमार्ण का कार्य ही बंद हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग ने भी ग्राम पंचायत सिलौंडी से कचरा घर भवन को बनाने की मांग की परंतु पंचायत फंड की कमी बताकर बात को टाल रही है। जितना कार्य हुआ है वह भी जर्जर हो रहा है। लोहे की जाली पूरी तरह खराब हो चुकी है। जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी भी ध्यान नही दे रहे है। सिलौंडी में कचरा फेकने की जगह चिन्हित नही होने के कारण गांव के लोग भी सड़क किनारे ही अपने घर का कचरा फेकने मजबूर है। शासकीय कचरा घर भवन में शासकीय पैसे की बर्बाद होने के कारण ग्रामीण में भी आक्रोश है। जनपद पंचायत सदस्य माधुरी रवि अवस्थी ने बताया कि ग्राम पंचायत में 8 सफाई कर्मचारी कार्य कर रहे है। हर माह 32000 हजार रुपया का वेतन पंचायत खाता से खर्च हो रहा है। हर तीन या चार माह में परिवहन के नाम में भी 20000 से 40000 के बिल लग रहे है।

## पति की दीर्घायु के लिए भगवान शिव माता पार्वती की पूजा

**स्लीमनाबाद।** हरितालिका तीज व्रत मंगलवार को स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे आस्था व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना व कुंआरी कन्याओं ने अच्छा वर प्राप्ति के लिए निर्जला व्रत रखा।न तो अन्न ग्रहण किया न ही जल। मंगलवार को महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव व मां पार्वती की पूजा अर्चना कर पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। तीज को लेकर महिलाएं दो दिन पहले से ही तैयारी में जुट गई थी। सजने संवरने के साथ ही पूजा सामग्री जुटाने, व्यंजन बनाने के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं बनाने में जुटी रही।मंगलवार की सुबह सूर्योदय के साथ ही स्नान-ध्यान कर जलस्त्रोत के पास महिलाओं ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। इसके बाद पूरा दिन निर्जला व्रत रखकर भजन कीर्तन करती रही। शाम के समय एक स्थान पर सोलह श्रृंगार कर महिलाएं एकत्रित हुई।



## दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम, किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

हरतालिका तीज पर्व के उपलक्ष्य में राजकुमार सोनी की स्मृति में छिंदिहा टोला में दंगल कुश्ती का आयोजन पवन अखाड़ा कमेटी के सदस्यों द्वारा किया गया। मुख्य आयोजक पूर्व पार्षद सरमन सोनी ने दंगल कुश्ती की शुरुआत करवाई गई थी। कई वर्षो से बहुत ही शानदार आयोजन किया जाता है जिले व क्षेत्र प्रदेश स्तर के पहलवान दंगल कुश्ती में भाग लेने पहुंचते हैं। आयोजक मंडल द्वारा पूरी व्यवस्था पहलवानों के लिए करते हैं। पहलवानों ने जोरदार प्रदर्शन दिखाया। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि व दंगल प्रेमी पहलवानों की कुश्ती के सहभागी बने। आयोजक सरमन सोनी ने पहलवानों का उत्साह वर्धक किया। विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष पीयुष अग्रवाल व जिला महामंत्री सतीश तिवारी पूर्व जनपद अध्यक्ष लालजी मिश्रा, जिला मंत्री ठारेश्वर पाठक, मंडल अध्यक्ष डॉ जगदीश गुप्ता, पूर्व पार्षद उत्तम शर्मा पार्षद संतोष द्विवेदी समाज सेवी बहादुर श्रीवास्तव रामकृष्ण पटेल अतिथियों ने विजेता उपविजेता को शील्ड एवं प्रशस्ती पत्र के साथ नकद राशि देकर सम्मानित किया।

## घर के सामने खड़ी मोटर साइकिल चोरी करने वाले दो बदमाशों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

मोटर साइकिल चोरी करने वाले दे आरोपितों को उमरियापान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि 22 अगस्त को शेख जब्बार निवासी उमरियापान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 अगस्त की रात्रि 11 बजे वे अपनी मोटर साइकिल क्रमांक MP21 MK 7601 को लॉक कर अपने घर के सामने खड़ा कर सो गए थे। जब सुबह उठे और देखा तो उसकी मोटरसाइकिल नहीं थी। किसी अज्ञात चोर ने मोटर साइकिल चोरी कर लिया था। बाइक चोरी की शिकायत सामने आने पर पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के दिशा निर्देशन



मे थाना प्रभारी उमरियापान दिनेश तिवारी द्वारा चोरी गई मोटर साइकिल व चोर की तलाश के लिए टीम गठित की गई। चोरी गई मोटर साइकिल की तलाश करते हुए पुलिस ने संदेही रंजीत कोल पिता परदेशी कोल 22 वर्ष निवासी मारवाड़ी देवरी थाना ढीमरखेड़ा एवं कारिया उर्फ परदेशी कोल पिता कमलेश कोल 26 वर्ष निवासी उमरिया पान से पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने जुर्म स्वीकार किया। उनके कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल वरामद कर आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।कार्यवाही में थाना प्रभारी उप.निरी. दिनेश तिवारी, एसआई भारत सिंह मार्को, प्र.आर.आशीष मेहरा, प्र आर अजय सिंह, प्र आर अजय तिवारी, आर.मोहन मुबेल, आर . अनिल पांडेय, आर. मनोज, आर. जगन्नाथ, आर सतेंद्र चौरसिया, आर. योगेश पटेल, आर. रोहित झारिया और थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## आधी रात को नकाबपोशों ने घर में आग लगाने की कोशिश

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मंगलवार देर रात तीन नकाबपोश बदमाशों ने पूर्व आर्म्स डीलर नाज़िम ख़ान के घर पर आग लगाने की कोशिश की। स्कूटी पर सवार होकर आए आरोपियों ने घर के मुख्य दरवाज़े पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने का प्रयास किया। पूरी घटना घर में लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई। गनीमत रही कि घर के गार्डन में पानी उपलब्ध होने के कारण समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। सूत्रों का कहना है कि यह घटना किसी पुरानी रंजिश से जुड़ी हो सकती है और बदमाश पूरे परिवार को आग के हवाले करने की साजिश रच रहे थे। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। नाज़िम ख़ान ने तत्काल पुलिस को शिकायत दी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर माधवनगर थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर दी गई है।

**श्री आनंद सिंह राजपूत-** बनवारी लाल का बाड़ा नया मोहल्ला मढ़ाताल निवासी श्री आनंद सिंह राजपूत (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल-** ट्यूलिप अपार्टमेंट आमनपुर मदनमहल निवासी श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र अहिरवार-** झिन्ना मोहल्ला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री राजेंद्र अहिरवार (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कल्याण सिंह ठाकुर-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री कल्याण सिंह ठाकुर (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सतीश तिवारी-** सिंधी कैंप निवासी श्री हरिशंकर तिवारी के पुत्र श्री सतीश तिवारी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सनी ठाकुर-** कटरा अधारताल निवासी श्री भागेंद्र सिंह ठाकुर के पुत्र श्री सनी ठाकुर (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जानकी बाई कुशवाहा-** सेठ गोविंददास वार्ड लालमाटी निवासी श्री राम गोपाल कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी बाई कुशवाहा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चंडी दास प्रमानिक-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री चंडी दास प्रमानिक (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि मराठा-** शीतलमाई मंदिर के पीछे निवासी श्री राजू मराठा के पुत्र श्री रवि मराठा (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री असीम चटर्जी-** विजय नगर एमआर फोर निवासी श्री असीम चटर्जी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट




मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमलेश चौधरी-** रविदास नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री शिव कुमार चौधरी के पुत्र श्री कमलेश चौधरी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कल्लू कहार-** पनागर निवासी श्री कल्लू कहार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तारा बाई ठाकुर-** लालमाटी कछियाना द्वारका नगर निवासी श्री राम सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती तारा बाई ठाकुर (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बैजनाथ सेन-** हनुमानताल पूर्व सुभाष टाकीज के पास निवासी श्री बैजनाथ सेन (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दुर्गेश पारोजी-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री मंगल सिंह पारोजी के पुत्र श्री दुर्गेश पारोजी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अरूण ज्योतिषी-** पटेल मोहल्ला अंडर ब्रिज रोड मदनमहल निवासी श्री अरूण ज्योतिषी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नागेंद्र सिंह-** शिवाजी चौक शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री नागेंद्र सिंह (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री संजू शर्मा-** गुप्तेश्वर मंदिर के पास निवासी श्री रौनकी राम शर्मा के पुत्र श्री संजू शर्मा (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज:- 10×5 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- 10×5 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 10×10 से मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

*सड़कों में मवेशियों की जमघट से आए दिन हो रहा सड़क हादसे*

# राष्ट्रीय राजमार्ग में हुए सड़क हादसे में 5 मवेशियों की हुई मौत, किसान भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

निराश्रित मवेशियों के कारण सड़कों पर हो रहे सड़क हादसों को रोकने कलेक्टर के द्वारा आदेश जारी किये गये थे लेकिन स्लीमनाबाद तहसील मे कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन नहीं हो रहा है। स्लीमनाबाद से बहोरीबंद,पान उमरिया, बिलहरी, कुआँ मार्ग सहित अन्य मार्गो रपर जगह -जगह मवेशियों का जमावड़ा इन दिनों देखने को मिल रहा है। हाईवे पर भी सैकड़ों निराश्रित मवेशियों का सड़क पर जमावड़ा लगा रहता है जिससे राहगीरों को दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। मंगलवार की रात राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्लीमनाबाद बायपास मार्ग पर सड़क हादसे पर



5 नग मवेशियों ने अपनी जान गवाँ दी जबकि ग्राम पंचायतों मै सड़कों से मवेशियों को हटाने हाका गैंग तैनात है लेकिन उक्त हाका गैंग कागजो तक ही सीमित है। इस वजह से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक होती है। वहीं आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी से किसान भी परेशान है। मार्गो के किनारे लगे खेतों मे आवारा मवेशी घुसकर किसानों द्वारा बोई गई खरीफ फसल को नुकसान पहुँचा रहे है जिससे किसानों को नुकसान पहुंच रहा है।

आवारा मवेशियों की सड़क हादसों पर मौत न हो इसके लिए कलेक्टर के निर्देशन पर पंचायत स्तर पर ख़ासकर हाइवे के आसपास संचालित ग्राम पंचायतो पर विशेष रूप से अभियान चलाया गया था। लेकिन अब अभियान के नाम पर महज खाना पूर्ति की जा रही है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया का कहना है कि कलेक्टर के द्वारा जारी प्रतिबँधात्मक आदेश का पालन सख़्ती से बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र मे कराया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतें इस अभियान की जवाबदेही निभाए इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों को आवश्यक दिशा -निर्देश दिए गए हैं! यदि किसी ग्राम पंचायत के द्वारा लाफ़रवाही बरती जा रही हैं तों संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सेबी बड़े आईपीओ के लिए नियमों में ढील देगी




**कोलकाता।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि वह बड़े आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को आसान बनाने और धोखाधड़ी के खिलाफ निवेशकों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण सुधार कर रहा है। कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि नियामक ने एक परामर्श पत्र जारी किया है।

### पीएनबी ने अपनी पहली स्टार्टअप शाखा खोली



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने बुधवार को नयी दिल्ली में अपनी पहली स्टार्टअप-केंद्रित शाखा का उद्घाटन किया। पीएनबी ने बयान में कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया' पहल के अनुरूप, इस शाखा का उद्देश्य बैंकिंग समाधान के सभी पहलुओं सहित सेवाओं के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा देना और नवोन्मेषण का समर्थन करना है।

### श्री लोटस डेवलपर्स का लाभ 36 प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** श्री लोटस डेवलपर्स एंड रियल्टी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 36 प्रतिशत घटकर 25.78 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 40.16 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय भी घटकर 68.09 करोड़ रुपये रह गई।

### टेक्नोपार्क ने 14,575 करोड़ रुपए का निर्यात किया दर्ज




**तिरुवनंतपुरम।** देश के प्रमुख आईटी केंद्रों में से एक टेक्नोपार्क ने वर्ष 2024-25 में 14,575 करोड़ रुपये का सॉफ्टवेयर निर्यात राजस्व दर्ज किया,। 2023-24 में यह आंकड़ा 13,255 करोड़ रुपये था। वर्तमान में लगभग 500 आईटी/आईटीईएस कंपनियां कार्यरत हैं, जो 80,000 प्रत्यक्ष नौकरियां और दो लाख से अधिक अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा कर रही हैं।

### नजारा टेक्नोलॉजीज ने ब्रिटेन की इकाई को दिया ऋण

**नई दिल्ली।** नजारा टेक्नोलॉजीज की तीन पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनियों ने कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और विस्तार योजनाओं को पूरा करने के लिए अपनी ब्रिटेन स्थित इकाई 'नजारा टेक्नोलॉजीज यूके लिमिटेड' को कुल मिलाकर लगभग 17.73 करोड़ रुपये का ऋण दिया है। कंपनियों ने 26 अगस्त, 2025 को ऋण समझौतों पर हस्ताक्षर किया। शेयर बाजार को दी गई जानकारी में कहा गया है कि सभी ऋण एक या एक से अधिक किस्तों में वितरित किये जायेंगे। व्यवस्था के तहत, पेपर बोट एप्स प्राइवेट लि किडोपिया इंक ने 'नजारा यूके' को 10 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 8.73 करोड़ रुपये) तक का ऋण दिया है।

# ट्रंप के टैरिफ वार से अदाणी-अंबानी को लगा झटका, रुतबा घटा और दौलत भी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ट्रंप के टैरिफ लगाने से पहले ही मंगलवार को भारतीय अरबपतियों को बड़ा झटका लगा। अंबानी और अदाणी की दौलत भी घटी है और रुतबा भी। अदाणी दुनिया के अमीरों की टॉप-20 लिस्ट से बाहर हो गए हैं और अंबानी 100 अरब डॉलर क्लब से। 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत के शीर्ष अरबपतियों की कुल संपत्ति में भारी गिरावट देखी गई। विशेष रूप से, मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी की नेटवर्थ में एक ही दिन में क्रमशः 2.04 अरब डॉलर और 1.80 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई, जिससे दोनों उद्योगपतियों की कुल संपत्ति में संयुक्त तौर पर 3.84 अरब डॉलर की कमी आई।

- अदाणी दुनिया की अमीरों की टॉप 20 लिस्ट से हुए बाहर

## ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स ने जारी किए ताजे आंकड़े

### मुकेश अंबानी की नेटवर्थ हुई 99.0 अरब डॉलर

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, जो एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं, की संपत्ति में पिछले दिन 2.04 अरब डॉलर (2% की कमी) की गिरावट देखी गई। हालांकि, वर्ष की शुरुआत से अब तक उनकी संपत्ति में 8.39 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो रिलायंस की एनर्जी और टेलीकॉम में मजबूत प्रदर्शन के कारण हुई है। रिलायंस ने हाल ही में एशियन पेंट्स में अपनी हिस्सेदारी की बिक्री ($895 मिलियन) जैसे कदम उठाए हैं, जिससे बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला।




*शिव नादार की संपति भी घटी : शिव नादार (एचसीएल टेक्नोलॉजीज) की संपति में 273 मिलियन डॉलर की कमी आई, जबकि शापूर मिस्त्री की नेटवर्थ में 128 मिलियन डॉलर की गिरावट देखी गई।*

### गौतम अदाणी की नेटवर्थ 77.6 अरब डॉलर

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी की संपत्ति में 1.80 अरब डॉलर की कमी आई है। वर्ष 2025 की शुरुआत से अब तक उनकी संपत्ति में 1.06 अरब डॉलर की गिरावट देखी गई है। अदाणी ग्रुप के शेयरों में आई यह गिरावट कंपनी द्वारा विविधिकरण और हाल के निवेशों (जैसे कि वियतनाम में 10 अरब डॉलर के निवेश की योजना) के बावजूद देखी गई है। हालांकि, अदाणी पोर्ट्स और अदाणी पावर जैसी कंपनियों के शेयर में इस साल 10 प्रतिशत और 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### अतिरिक्त शुल्क का बाजार पर पड़ा असर

अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने पर एक मसौदा नोटिस जारी करने के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर मार्केट में चौतरफा बिकवाली हुई। सेंसेक्स 849.37 अंक गिरकर 80,786.54 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 255.70 अंक टूटकर 24,712.05 अंक पर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज से लेकर अदाणी ग्रुप के शेयर भी लाल निशान पर बंद हुए। इसका असर अदाणी-अंबानी के नेटवर्थ पर भी पड़ा।

## निर्यात और रोजगार सृजन पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा

# अमेरिकी शुल्क से झींगा, कपड़ा, रत्न आभूषण के निर्यात पर पड़ेगा गंभीर असर


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत के भारी शुल्क से झींगा, कपड़ा, चमड़ा और रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्रों में निर्यात और रोजगार सृजन पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। निर्यातकों ने कहा कि 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा भारत पर 25 प्रतिशत का जुर्माना लगाने से उसके सबसे बड़े निर्यात बाजार में भारतीय उत्पादों की आवाजाही बाधित होगी।

बीते वित्त वर्ष भारत के 437.42 अरब डॉलर मूल्य के वस्तु निर्यात में अमेरिका का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा था। अमेरिका 2021-22 से भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2024-25 में, वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 131.8 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। इनमें 86.5 अरब डॉलर निर्यात और 45.3 अरब डॉलर आयात था।

### शुल्क एक आर्थिक प्रतिबंध की तरह

चमड़ा क्षेत्र के एक निर्यातक ने कहा, "50 प्रतिशत शुल्क एक आर्थिक प्रतिबंध की तरह है। इससे इकाइयां बंद होंगी और नौकरियां कम होंगी।" कपड़ा निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा कि 10.3 अरब डॉलर के निर्यात के साथ कपड़ा क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है।



- सबसे बड़े निर्यात बाजार में भारतीय उत्पादों की आवाजाही बाधित होगी
- बीते वित्त वर्ष में भारत का निर्यात 20 प्रतिशत था
- अमेरिका 2021-22 से भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है

*शुल्क नुकसान को पाटना असंभव : ठाकुर ने कहा, "उद्योग अमेरिका द्वारा घोषित 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क को लेकर तैयार था। लेकिन, 25 प्रतिशत अतिरिक्त बोझ ने...भारतीय कपड़ा उद्योग को अमेरिकी बाजार से प्रभावी रूप से बाहर कर दिया है। इसका कारण बांग्लादेश, वियतनाम, श्रीलंका, कंबोडिया और इंडोनेशिया जैसे प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में 30-31 प्रतिशत शुल्क के नुकसान के अंतर को पाटना असंभव है।"*

*अमेरिकी बाजार पर भारत की निर्भरता काफी ज्यादा : रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के चेयरमैन किरीट भंसाली ने कहा है कि अमेरिकी बाजार पर हमारी निर्भरता काफी ज्यादा है।*

### तुर्की, वियतनाम, थाईलैंड निर्यात में भारत से आगे

भंसाली ने कहा कि तुर्की, वियतनाम और थाइलैंड जैसे प्रतिस्पर्धी अब भी काफी आगे हैं, जिससे भारत के 50 प्रतिशत शुल्क के कारण अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पाद अपेक्षाकृत कम प्रतिस्पर्धी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर इस असंतुलन को दूर नहीं किया गया, तो यह अमेरिका के लिए एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की दीर्घकालिक स्थिति को नुकसान पहुंचा सकता है।

### हीरे को तराशने और पॉलिश क्षेत्र होगा प्रभावित

हीरा क्षेत्र के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि हीरे को तराशना और पॉलिश क्षेत्र के एक बड़ा झटका है। यह क्षेत्र गुजरात के खासकर सूरत, नवसारी, भावनगर और जसदान में लाखों लोगों को नौकरियां दे रहा है। कोलकाता स्थित एक समुद्री खाद्य निर्यातक ने कहा कि अब अमेरिकी बाजार में भारत का झींगा 'बेहद' महंगा हो जाएगा। इससे निर्यातकों की प्रतिस्पर्धी क्षमता प्रभावित होगी।

### इक्वाडोर से भारी प्रतिस्पर्धा का सामना

झींगा निर्यातक ने कहा, "हमें पहले से ही इक्वाडोर से भारी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि वहां केवल 15 प्रतिशत शुल्क है। भारतीय झींगे पर पहले से ही 2.49 प्रतिशत डंपिंग रोधी शुल्क और 5.77 प्रतिशत प्रतिपूर्ति शुल्क लगता है। इस 50 प्रतिशत के बाद, शुल्क काफी बढ़ जाएगा।"

# इंडिगो में 7,027 करोड़ की हिस्सेदारी बेचेंगे गंगवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- इंडिगो एयरलाइन की मूल कंपनी इंटरग्लोब के प्रवर्तक है गंगवाल
- हिस्सेदारी बिक्री का सौदा एनएसई और बीएसई के माध्यम से होगा

इंडिगो एयरलाइन की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के प्रवर्तक राकेश गंगवाल और उनके पारिवारिक ट्रस्ट ने कंपनी में अपनी 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 7,027.7 करोड़ रुपये में बेचने की योजना बनाई है। एक सौदा पत्र में इसकी जानकारी दी गई है।

यह हिस्सेदारी बिक्री सौदा बृहस्पतिवार को एनएसई और बीएसई के माध्यम से किया जाएगा। इस बिक्री से मिलने वाली पूरी राशि विक्रेताओं के पास जाएगी। प्रस्तावित बिक्री के तहत 1.21 करोड़ शेयरों की बिक्री 5,808 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम भाव पर की जाएगी, जो मंगलवार के बंद भाव (6,050 रुपये) से लगभग चार प्रतिशत कम है। इंटरग्लोब एविएशन में गंगवाल और चिंकरपू फैमिली ट्रस्ट की कुल हिस्सेदारी जून, 2025 तक 7.81 प्रतिशत थी, जो इस सौदे के बाद घटकर 4.71 प्रतिशत रह जाएगी। इस ट्रस्ट में शोभा गंगवाल एवं जेपी मॉर्गन ट्रस्ट कंपनी ऑफ डेलावेयर ट्रस्टी हैं। इस सौदे के लिए गोल्डमैन शैक्स, मॉर्गन स्टेनली इंडिया और जेपी मॉर्गन इंडिया को ब्रोकर नियुक्त किया गया है। सौदे की शर्तों के मुताबिक, विक्रेताओं और उनके निकट संबंधियों के लिए 150 दिन की लॉक-अप अवधि लागू होगी। फरवरी, 2022 में कंपनी संचालन से जुड़े मुद्दों को लेकर सह-संस्थापक राहुल भाटिया के साथ मतभेद होने के बाद गंगवाल ने निदेशक मंडल से इस्तीफा देने और अपनी हिस्सेदारी धीरे-धीरे बेचने की घोषणा की थी।

### हिस्सेदारी कई चरणों में घटाई

इसके बाद से गंगवाल ने इंटरग्लोब एविएशन में अपनी हिस्सेदारी कई चरणों में घटाई है। उन्होंने मई, 2025 में भी 5.72 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 11,564 करोड़ रुपये में बेची थी। इससे पहले भी अगस्त 2024, फरवरी 2023, अगस्त 2023 और सितंबर, 2022 में हिस्सेदारी की बिक्री की गई थी।

# चांदी 2,000 रुपए उछलकर नए शिखर पर, सोना 500 रुपए चढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 2,000 रुपये उछलकर 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गईं। भारतीय उत्पादों पर अमेरिका के लगाए गए भारी शुल्क के लागू होने के बाद सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने की वजह से चांदी के दाम चढ़े हैं।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, मंगलवार को चांदी 3,000 रुपये बढ़कर 1,18,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 500 रुपये बढ़कर 1,01,270 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।पिछले बाजार बंद के समय यह 1,00,770 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। इसके अलावा, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 400 रुपये बढ़कर 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। मंगलवार को यह 1,00,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। ऑग्मोंट की शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा, "राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फेडरल रिजर्व गवर्नर लिसा कुक को बर्खास्त करने के बाद बढ़ी राजनीतिक अनिश्चितता के बीच सोने और चांदी में तेजी जारी है।' चैनानी ने कहा कि इस कदम से फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता और मौद्रिक नीति निर्धारित करने की क्षमता के बारे में संदेह बढ़ गया है। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में हाजिर सोना 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,375.08 डॉलर प्रति औंस पर रहा।



- ट्रंप शुल्क के कारण निवेशकों ने सुरक्षित निवेश की ओर रुख किया
- चांदी उछलकर हुई 1,20,000 रुपए प्रति किलोग्राम
- सोना बढ़कर हुआ 1,01,270 रुपए प्रति दस ग्राम

### डॉलर में गिरावट से सराफा संभला

ट्रंप के इस कदम के बाद डॉलर में भारी गिरावट आई, जिससे विदेशी बाजारों में सर्राफा कीमतों को भी फायदा हुआ। उन्होंने बताया कि बाद में, कुक के तर्क के बाद कि ट्रंप को बर्खास्त करने का कोई अधिकार नहीं था, डॉलर ने अपनी गिरावट की भरपाई कर ली और कीमती धातु पर दबाव बढ़ा।

## अगस्त में अमेरिका में उपभोक्ता भरोसा घटा



**वाशिंगटन।** अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर वहां के उपभोक्ताओं का नजरिया अगस्त में मामूली रूप से कमजोर हुआ। कमजोर होते रोजगार बाजार को लेकर चिंता लगातार आठवें महीने बढ़ी। कॉन्फ्रेंस बोर्ड ने कहा कि उसका उपभोक्ता विश्वास सूचकांक अगस्त में 1.3 अंक गिरकर 97.4 पर आ गया, जो जुलाई के 98.7 अंक से कम है। सूचकांक पिछले तीन महीनों से एक सीमित दायरे में है। उपभोक्ता भरोसे में यह मामूली गिरावट ज्यादातर अर्थशास्त्रियों के पूर्वानुमान के अनुरूप है। अमेरिकियों के बीच अपनी आय, कारोबारी हालात और रोजगार बाजार के लिए अल्पकालिक अपेक्षाओं का एक मापक 1.2 अंक गिरकर 74.8 पर आ गया। यह एक ऐसा संकेतक है, जो आने वाली मंदी की ओर इशारा कर सकता है।

# वाहन में 20 फीसदी एथेनॉल मिश्रित ईंधन समस्या नहीं

- रेनो इंडिया और इंडियन आइल ने परीक्षण के बाद कहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कार बनाने वाली कंपनी रेनो इंडिया ने बुधवार को कहा कि ई-10 मानक वाले वाहनों में 20 एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई-20) का उपयोग करने वाली उसकी कारों में कोई गंभीर चुनौती नहीं देखी गई है। कंपनी ने ई-10 मानकों के अनुसार परीक्षण और प्रमाणित वाहनों में ई-20 ईंधन के उपयोग के संबंध में ग्राहकों द्वारा उठाए गए प्रश्नों पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) द्वारा संयुक्त रूप से एक परीक्षण किया गया था।

*माइलेज में गिरावट का लगाया आरोप : उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर कई वाहन मालिकों ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित ईंधन को लेकर गाड़ियों को हो रहे नुकसान के बारे में लिखा है। बड़ी संख्या में आये ऐसे पोस्ट में कुछ लोगों ने कहा है कि इसके इस्तेमाल से वाहन के माइलेज में करीब सात प्रतिशत की गिरावट आई है जबकि कुछ लोगों ने इससे ई-10 वाहनों में रबड़, धातु कलपुर्जों के जल्द खराब होने की आशंका जताई है।*

# साई लाइफ साइंसेज से बाहर निकली टीपीजी

**नई दिल्ली।** निजी इक्विटी कंपनी टीपीजी ने साई लाइफ साइंसेज में अपनी पूरी 14.7 प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार के लेनदेन के माध्यम से 2,675 करोड़ रुपये में बेच दी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर उपलब्ध थोक सौदे के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका स्थित टीपीजी ने अपनी सहयोगी कंपनी टीपीजी एशिया वीआईआई एसएफ प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से हैदराबाद स्थित साई लाइफ साइंसेज में तीन किस्तों में 3.07 करोड़ से अधिक इक्विटी शेयर बेचे, जो 14.72 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। इस सौदे की कुल कीमत करीब 2,675.64 करोड़ रुपये थी।




# उद्योगों में रोजगार 5.92 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योगों में रोजगार वित्त वर्ष 2023-24 में 5.92 प्रतिशत बढ़कर 1.95 करोड़ हो गया, जो 2022-23 में 1.84 करोड़ था। बुधवार को उद्योगों के जारी नवीनतम वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई) में यह जानकारी दी गई। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने बयान में कहा कि संदर्भ अवधि... अप्रैल 2023 से मार्च 2024 (वित्त वर्ष 2023-24) के लिए वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण (एएसआई) के परिणाम जारी किए हैं। एएसआई 2023-24 के लिए सर्वेक्षण हेतु कार्य अक्टूबर 2024 से जून 2025 तक किया गया। वित्त वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार, उद्योगों में निवेशित पूंजी वित्त वर्ष 2023-24 में 68,01,329 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 61,39,212 करोड़ रुपये थी। आंकड़ों से यह भी पता चला कि उद्योगों में सकल मूल्य संवर्धन आलोच्य वित्त वर्ष में 11.9 प्रतिशत बढ़कर 24,58,336 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 21,97,056 करोड़ रुपये था।

- वर्ष 2023-24 में रोजगार बढ़कर 1.95 करोड़ पर : सरकारी सर्वेक्षण
- सरकार ने उद्योगों का नवीनतम वार्षिक सर्वेक्षण जारी किया

### *रोजगार के मामले में पांच राज्य शीर्ष पर*

*जीवीए के संदर्भ में शीर्ष पांच उद्योग मूल धातु, मोटर वाहन, रसायन और रासायनिक उत्पाद, खाद्य और दवा उत्पाद हैं। रोजगार के मामले में तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक शीर्ष पांच राज्य हैं।*

# सरकार ने त्रिपाठी को सेकी का किया एमडी नियुक्त

**नई दिल्ली। सरकार ने आकाश त्रिपाठी को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। सेकी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1998 बैच के अधिकारी त्रिपाठी को अतिरिक्त सचिव के रैंक एवं वेतन पर नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।**

'आईएएस अधिकारी आकाश त्रिपाठी को प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है, जबकि संतोष सारंगी चेयरमैन बने रहेंगे।' सारंगी ने कहा, 'त्रिपाठी की नियुक्ति से बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन, संस्थागत समन्वय और हरित हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण और हरित ऊर्जा परियोजनाओं जैसी उभरती प्राथमिकताओं के लिए अलग से नेतृत्व मिलेगा।'नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत संचालित होने वाली 'सेकी' राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा पहल को लागू करने के लिए नामित एजेंसी है।

**(खंड -1) ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्य2010/ ई-टेंडरिंग /2025-26 दिनांक 16/07/2025

1. वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं लेखा उपार्जन नियम 2015 ( यथा संशोधित - 2022 ) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | परिक्षेत्र का नाम | बीट का नाम | आवश्यक क्षमता कि.वा. में | प्रति कि.वा.यूनिट हेतु अधिकतम राशि की सीमा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Solar System (Off Grid) | Kundam | Kundwara | 5Kw | 115000 | 70000.00/- | 1000.00/- |
| 2 | | Kundam | Kundam | 5Kw | | | |
| 3 | | Bargi | Saliwada | 2Kw | | | |
| 4 | | Shahpura | Bheroghat | 2Kw | | | |
| 5 | | Shahpura | Chargawa | 2Kw | | | |
| 6 | | Panagar | Gadheri | 2Kw | | | |
| 7 | | Panagar | Pondi | 2Kw | | | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है। •इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट/कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 26/08/25 बजे 11:00AM से दिनांक09/09/25 बजे 06:00PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है। •ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी। निविदा पूर्व बैठक दिनांक को सामान्य वनमंडल जबलपुर कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। निविदा पूर्व बैठक में भाग लेना अनिवार्य होगा। ऐसे निविदाकार जो निविदा पूर्व बैठक में भाग नही लेते है एवं ऑनलाईन निविदा भरते है, तो ऐसे निविदाकार की निविदा रिजेक्ट कर दी जायेगी। निविदा से संबंधित समय सारणी ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in/पोर्टल में देखी जा सकती है। •ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुध्दिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रो में नहीं। • टीप - उपरोक्त तिथि अनुमानित है कार्य सुविधा अनुसार तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा।
• ई- प्रोक्योरमेंट पोर्टल :https://www.mptenders.gov.in

वनमंडलाधिकारी
सामान्य वनमंडल जबलपुर

G-17825/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मण्डला जिला मण्डला**

क्रमांक/ अ.वि.अ./प्रवा.- / 2025 / 1300 **जप्तशुदा वाहन की खुली नीलामी हेतु विज्ञप्ति** मण्डला,दिनांक 22/8/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील कार्यालय मण्डला अंतर्गत थाना प्रभारी महाराजपुर जिला मण्डला द्वारा अपराध क्रमांक 375/2018 धारा 8/20 एन. डी. पी. एस. एक्ट के तहत वाहन एवं तीन मोबाईल अधिहरणीय है, उक्त वाहन एवं तीन मोबाईल की विक्रय हेतु खुली नीलामी का आयोजन किया गया है। इच्छुक व्यक्ति थाना महाराजपुर परिषर में दिनांक 29/08/2025 को दोपहर 12.00 बजे बोली हेतु उपस्थित हो सकते है।

| क्र. | वाहन का विवारण | वाहन का प्रकार | ऑफसेट कीमत | अमानत राशि | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CG-07-MB-4051 | इंडिका कार (सफेद रंग) | 60,000.00 | 6000.00 | - |

| क्र. | मोबाईल का विवारण | मोबाईल का प्रकार | ऑफसेट कीमत | अमानत राशि | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सेमसंग मोबाईल | J-8(काला रंग) एक सिम | 1200 | 120 | - |
| 2 | सेमसंग मोबाईल | J-6(नीला रंग) दो सिम | 1000 | 100 | - |
| 3 | सेमसंग मोबाईल ड्यूओस | B-11(काला रंग) एक सिम | 200 | 20 | - |

**नीलामी की शर्त :-** 1. नीलामी बोली लगाने के पूर्व जप्तशुदा वाहन एवं तीन मोबाईल हेतु अमानत राशि आवश्यक रूप से दिनांक 29/8/2025 दोपहर 12.00 बजे तक सक्षम अधिकारी (थाना प्रभारी महाराजपुर ) को प्रस्तुत करने के उपरांत ही बोली की पात्रता होगी। 2. बोली की अमानत राशि नीलामी की समाप्ति पर असफल बोलीदारों को लौटा दी जावेगी। सफल बोली लगाने वाले को भी अमानत राशि उनके द्वारा स्वीकार की गयी बोली की पूरी रकम जमा करनें का हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण करने पश्चात ही लौटाई जायेगी। 3. अधिकतम बोली के दूसरे नंबर पर के बोलीदार की अमानत राशि जप्तशुदा वाहन एवं तीन मोबाईल के विक्रय के उपरांत लौटाई जायेगी। 4. जिस व्यक्ति की अधिकतम बोली स्वीकार होगी, उसे एक मुश्त राशि तीन दिवस के अंदर जमा करना अनिवार्य होगा। 5. जप्तशुदा वाहन एवं तीन मोबाईल का निरीक्षण कार्यालयीन समय में थाना परिषर महाराजपुर में बोली लगाने के एक दिन पूर्व तक किया जा सकता है। 6. जप्तशुदा वाहन एवं तीन मोबाईल अंतिम निराकरण के पश्चात पक्षकार स्वयं वाहन एवं तीन मोबाईल को प्राप्त करेगा तथा वाहन एवं तीन मोबाईल व्यय स्वयं करेगा शासन द्वारा कोई व्यय नहीं किया जावेगा। 7. किसी भी बोली के स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का निर्णय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मण्डला जिला मण्डला का होगा जो सर्वमान्य होगा जिसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी। 8. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मण्डला द्वारा अधिकतम बोली की राशि का अनुमोदन होने के उपरांत ही संबंधित व्यक्ति को वाहन एवं तीन मोबाईल हस्तांतरित किया जावेगा। 9. अपसेट प्राईज से कम बोली स्वीकार नहीं की जावेगी।

अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) मण्डला

G-17860/25 "स्वच्छता ही सेवा"

कांग्रेस के इंदौर ग्रामीण जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े से हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की 'खास मुलाकात'

# पार्टी यदि कहेगी कि मुझे 'नगालैंड' जाकर एक बूथ का अध्यक्ष बनकर काम करना है तो वहां भी चला जाऊंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

2023 का लोकसभा चुनाव हो या 2024 में मध्य प्रदेश में हुआ विधानसभा चुनाव। इसमें कांग्रेस बहुत बुरी तरह हारी। इसके बाद कांग्रेस हाई कमान ने इसे मजबूत करने के लिए काफी जद्दोजहद की। मप्र में कांग्रेस की कमान जीतू पटवारी को सौंपी गई। इसके बाद 71 नए जिला अध्यक्ष बनाए गए।

ये नियुक्तियां किसी की सिफारिश पर नहीं हुईं और न ही बंद कमरों में नाम तय किए गए। बल्कि पर्यवेक्षकों ने गली-गली में घूम-घूमकर जमीनी कार्यकर्ताओं से संवाद करके उनकी पसंदानुसार नियुक्तियां की गईं। हालांकि, जिलाध्यक्षों में कई बड़े-बड़े दिग्गजों के नाम भी रहे। जिन्हें प्रदेशाध्यक्ष समझा जा रहा था उन्हें जिलाध्यक्ष में समेट दिया गया। इसको लेकर नाराजगी भी सामने आई और असंतुष्टों ने नारेबाजी भी की। ऐसे ही विरोध प्रदर्शन के बीच ग्रामीण जिलाध्यक्ष कांग्रेस, इंदौर विपिन वानखेड़े की नियुक्ति कई लोगों को भा नहीं रही है। एनएसयूआई से शुरु किया राजनैतिक सफर विधायक, राष्ट्रीय सचिव, एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष जैसे कई पदों से होते हुए उनको यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनका कहना है कि मैं कांग्रेस का समर्पित कार्यकर्ता हूं और पार्टी की गाइडलाइन के अनुसार पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करता हूं। पार्टी कहेगी कि नगालैंड जाकर एक बूथ का अध्यक्ष बनकर काम करना है तो वहां भी चला जाऊंगा। मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा। यह बातें विपिन वानखेड़े ने हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खास मुलाकात में कही। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-

खास मुलाकात




## और क्या बोले वानखेड़े

- मैंने कभी पद के लिए काम नहीं किया है, मैं सिर्फ कांग्रेस के लिए काम करता हूं
- हमारी लड़ाई संविधान को बचाने की है, उसे हम जारी रखेंगे
- भाजपा का पेट दुख रहा है कि एक दलित को मौका कैसे मिल गया

## मैं कांग्रेस का समर्पित कार्यकर्ताः वानखेड़े

**सवालः ये तय कर पाना कठिन हो रहा है कि बधाई दूं या सहानुभूति व्यक्त करुं?**

जवाबः न बधाई की जरूरत है और न ही सहानुभूति की। मैं कांग्रेस का समर्पित कार्यकर्ता हूं और पार्टी की गाइडलाइन के अनुसार पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करता हूं। पार्टी कहेगी कि नगालैंड जाकर एक बूथ का अध्यक्ष बनकर काम करना है तो वहां भी चला जाऊंगा। मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा।

**सवालः आगर-मालवा हार चुके विपिन इंदौर की 9 विधानसभा सीटें कैसे जीतेंगे?**

जवाबः देखिए, मैंने महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर और छत्तीसगढ़ में एक-एक माह रहकर कांग्रेस के कार्यकर्ता के तौर पर काम किया है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में 2 महीने निरंतर रहा हूं। मैंने कभी पद के लिए काम नहीं किया है। मैं सिर्फ कांग्रेस के लिए काम करता हूं।

**सवालः आपने कई राज्यों में काम किया। कई बड़े पदों पर रहे, फिर ग्रामीण जिलाध्यक्ष का पद आपको क्यों दिया गया, क्या कोई साजिश है?**

जवाबः हम लोग संगठन सृजन का काम कर रहे हैं। सवाल पद का नहीं है, सवाल अपने जिले या क्षेत्र की विधानसभा सीटों की स्थिति को मजबूत करने का है। उसमें हम लोग लगे हुए हैं। हमारे शर्ष नेताओं का साफ कहना है कि पहले अपना जिला, अपना क्षेत्र मजबूत करें, इसके बाद प्रदेश स्वतः ही मजबूत हो जाएगा।

**सवालः आपसे पूछा था कि जिला अध्यक्ष बना रहे हैं या सीधा फरमान आ गया?**

जवाबः हमारे जिलाध्यक्ष बनने से किसी को कोई आपत्ति नहीं है। बाबा साहेब की जन्मस्थली से कोई व्यक्ति उनके विचारों को लेकर काम करेगा तो भाजपा का पेट दुखता है और आगे भी दुखता रहेगा। गुमराह करने की बातें भाजपा की तरफ से ही आती हैं। हम इसकी चिंता नहीं करते हैं। हमारी लड़ाई संविधान को बचाने की है उसे हम जारी रखेंगे।

**सवालः आपकी नियुक्ति को लेकर इंदौर और दिल्ली में नारेबाजी हुई है। राहुल भी कह रहे थे सबसे ज्यादा शिकायतें मप्र से हैं। क्या आपकी तरफ इशारा था?**

जवाबः राहुल जी का ऐसा कोई वीडियो नहीं है। ये सब भाजपा का किया धरा है। पूरी साजिश भाजपा ही रच रही है। उसका पेट दुख रहा है कि एक दलित को मौका कैसे मिल गया। मेरी नियुक्ति के विरोध में सबसे पहले भाजपा जिलाध्यक्ष ने विरोध में बयान दिया।

**सवालः कांग्रेस की दाल इंदौर में नहीं गलती है। बार-बार हार जाती है। आप क्या करेंगे?**

जवाबः भाजपा ने इंदौर में तमाम फर्जी वोटरों के नाम जुड़वा रखे हैं। जिसकी दम पर वो चुनाव जीत जाती है। कांग्रेस इसी बात पर संघर्ष कर रही है कि सही मतदाता को अपने मत का उपयोग करने का अधिकार मिले। हमारी जीत निश्चित होगी, क्योंकि आज भी 40 प्रतिशत वोट कांग्रेस के साथ है और भाजपा के साथ मात्र 48 प्रतिशत। पिछले विधानसभा चुनाव के आंकड़े देखेंगे तो स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

## खबर संक्षेप

### गणेश चतुर्थी सामाजिक एकता का पर्वःखंडेलवाल

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने गणेश चतुर्थी पर्व पर प्रदेश की जनता एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगल की कामना की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि गणेश चतुर्थी सामाजिक एकता, सौहार्द्र और लोक संस्कृति के संवर्धन का पर्व है। उन्होंने कहा कि विघ्नहर्ता, मंगलकर्ता बुद्धि, विवेक, समृद्धि और सौभाग्य के अधिष्ठाता देव भगवान श्री गणेश की पूजा, आराधना का उत्सव है।

### सेवानिवृत्ति पर प्रातांध्यक्ष यादव का होगा सम्मान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ की महासभा व सम्मान समारोह 31 अगस्त सुबह 11 बजे प्रांतीय कार्यालय तुलसी नगर में होगा। इस अवसर पर संघ के प्राताध्यक्ष इंजी. डीके यादव के सेवानिवृत्ति पर संघ के पदाधिकारियों द्वारा उनका सम्मान किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग होंगे। डीके यादव वर्ष 1992 में शासकीय सेवा में आए थे।



### प्रदेश उपाध्यक्ष जिराती ने जताया सीएम का आभार

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट द्वारा मंगलवार को इंदौर से उज्जैन और पीथमपुर तक मेट्रो कॉरिडोर बनाने के लिए डीपीआर बनाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। आने वाले सालों में इंदौर के साथ उज्जैन और पीथमपुर तक मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हृदय से आभार मानता हूं। उन्होंने कहा कि उज्जैन और पीथमपुर तक मेट्रो के संचालन से इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के विकास को और गति मिलेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बहनों को लेकर दिए बयान पर भाजपा हमलावर, कहा, यह बहुत ही निदंनीय


# भाजपा सरकार बहनों को आर्थिक सशक्त कर रही, इसलिए बौखलाई है कांग्रेसः खंडेलवाल

पटवारी ने कहा था, मप्र की महिलाएं सबसे अधिक शराब पीती हैं

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री, विधायकों ने कांग्रेस व पटवारी को घेरा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा की गई टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र की भाजपा सरकार लाड़ली बहनों को सम्मान पूर्वक आर्थिक रूप से सशक्त कर रही है, इसलिए कांग्रेस चिढ़ी है और उसके नेता बौखलाए हुए हैं। जीतू पटवारी का बहनों को लेकर दिया गया बयान बहुत ही निदंनीय है।

भाजपा और प्रदेश सरकार जिन बहनों का सम्मान करती है उनके बारे में अपमानजनक शब्दों का उपयोग करना कांग्रेस की संस्कृति बन गई है। आज बहनों का हरतालिका तीज का पर्व है, उनका अपने परिवार के लिए किए जाने वाले त्याग के लिए जितना सम्मान किया जाए कम है। आज महिलाएं निर्जला उपवास रखकर पूजा-पाठ और भगवान की आराधना में लीन हैं। ऐसे समय में राहुल गांधी के कृपापात्र जीतू पटवारी का मातृशक्ति के खिलाफ अमर्यादित बयान बेहद निंदनीय है। पटवारी के बयान की जितने कड़े शब्दों में निंदा की जाए कम है। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता अपने कार्यकर्ताओं को कैसी शिक्षा देते हैं, यह जीतू पटवारी की भाषा से स्पष्ट हो रहा है। पटवारी के बयान से स्पष्ट है कि कांग्रेस और जीतू पटवारी के मन में बहनों के प्रति कोई सम्मान नहीं है। महिलाओं के खिलाफ अनर्गल बयान देना, आपत्तिजनक टिप्पणी करना कांग्रेस और जीतू पटवारी जैसे नेताओं की संस्कृति में है। कांग्रेस की महिला विरोधी सोच के लिए प्रदेश और प्रदेश की जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी।

कहा- मध्यप्रदेश में भाजपा के लिए लाड़ली होती है बहना

### कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का अपमान किया हैः संपतिया



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के एमपी की महिलाओं के सबसे ज्यादा शराब पीने के बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। पटवारी द्वारा दिए गए बयान पर कांग्रेस को घेरते हुए भाजपा नेत्रियों ने इसे घोर निंदनीय बताया है। मप्र शासन की मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि जीतू पटवारी का महिला विरोधी बयान अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस की संस्कृति हमेशा महिलाओं का अपमान करने की रही है। मध्यप्रदेश में भाजपा के लिए बहना लाड़ली होती हैं, वहीं कांग्रेस के लिए शराबी बहना होती है। जब कांग्रेस की सरकार आई थी, उस दौरान प्रदेश की बहनों के साथ कांग्रेस ने छलावा किया था। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महिलाओं को सम्मान देकर मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहे है, वहीं कांग्रेस पार्टी और जीतू पटवारी उनका अपमान कर रहे है।

### कांग्रेस की संस्कृति हमेशा महिला विरोधीः कृष्णा



मप्र शासन की मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि कांग्रेस और उसके अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक बार फिर अपना चाल, चरित्र और चेहरा उजागर कर दिया है। कांग्रेस की संस्कृति हमेशा से महिलाओं का अपमान करने की रही है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी स्वयं महिला हैं, क्या जीतू पटवारी के बयान से वह सहमत हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जब तक महिलाओं से माफी नहीं मांगेंगे, उन्हें प्रदेश की बहनें कभी माफ नहीं करेंगी।

### भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है, कांग्रेस अपमानः निर्मला



मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि जीतू पटवारी का बयान बहुत ही शर्मनाक है। आज हरतालिका तीज हैं, बहनें निर्जला उपवास करती हैं, ऐसे समय में इस तरह का बयान देना प्रदेश की बहनों का अपमान है। भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है और उनके सशक्तीकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है, वहीं कांग्रेस उनका लगातार अपमान कर रही है। मप्र में भाजपा सरकार के कार्यक्रम कन्यापूजन से शुरू होते रहे हैं। जबकि कांग्रेस में महिलाओं को कभी तंदूर में जलाया जाता है, तो कभी आत्महत्या करने पर विवश कर दिया जाता है।

### जीतू अपने बयान के लिए माफी मांगें, नहीं तो विरोध करेंगीं बहनेः माया



भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने जीतू पटवारी के बयान की घोर निंदा करते हुए कहा कि उन्हें होश में रहकर बात करनी चाहिए। कांग्रेस के नेता आए दिन महिलाओं का अपमान कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं की अमर्यादित भाषा यह बताती है कि आपकी मानसिकता शुरू से महिला विरोधी रही है। अभी हाल ही में कांग्रेस के एक नेता ने लाड़ली बहनों को बोरी में बंद करने की बात कही थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा अब प्रदेश की महिलाओं को शराबी बताया जा रहा है, जो कांग्रेस द्वारा लगातार किए जा रहे महिला अपमान की श्रृंखला में एक और कड़ी है। जीतू पटवारी अपने बयान के लिए माफी मांगें नहीं तो महिला मोर्चे की बहनें सड़कों पर उतरकर विरोध करेंगी।

### भारत की बेटी बर्दाश्त नहीं करेगी, बेटियों को बदनाम किया तो होगा मुंह कालाः रामेश्वर



मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिलाओं पर दिए बयान से राजनीति गरमा गई है। पटवारी ने कहा कि मप्र की महिलाएं सबसे अधिक शराब पीती हैं। उनके बयान पर प्रदेश सहित देशभर में विरोध हो रहा है। पटवारी के बयान पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि जीतू पटवारी से मेरी हाथ जोड़कर प्रार्थना है कि मप्र की बहन बेटियों को बदनाम करने की कोशिश मत करो। पहले भी आप प्रदेश की बेटियों का अपमान कर चुके हैं। उनके बारे में भद्दी टिप्पणी कर चुके हैं। रामेश्वर ने कहा कि कल जीतू पटवारी राहुल गांधी से मुलाकात करके आए हैं, इसलिए उन्होंने मप्र के बहुत से संस्कार छोड़ दिए हैं। बेटियों को अगर आप नशे में डूबी हुई और दारु पीने वाली बोलोगे, तो भारत सहित मप्र की बेटी आपको बर्दाश्त नहीं करेगी। आपका और कांग्रेस का मुंह काला जरूर करेगी।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी माफी मांगें, अन्यथा सोनिया गांधी की सहमति समझी जाएगीः रीति



विधायक रीति पाठक ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हरतालिका तीज व्रत के दिन महिलाओं पर अपमानजनक टिप्पणी करके उनका घोर अपमान किया है। सोनिया गांधी जो परोक्ष व अपरोक्ष रूप से आज भी कांग्रेस को लीड करती हैं, क्या वे जीतू पटवारी के इस महिला विरोधी बयान से सहमत हैं। जीतू पटवारी अपने इस बयान के लिए प्रदेश की महिलाओं से सार्वजनिक माफी मांगें नही तो उनके इस कृत्य को सोनिया गांधी की मौन सहमति समझी जाएगी। इस निंदनीय बयान के लिए जीतू पटवारी को प्रदेश की बहनों से माफी मांगनी चाहिए।

### प्रदेश की बहनों पर अपनी कुंठा निकाल रहे हैं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्षः अर्चना



विधायक अर्चना चिटनीस ने कहा कि देश और प्रदेश में हरतालिका तीज का पर्व मनाया जा रहा है और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने महिला विरोधी बयान देकर उन बहनों को आक्रोशित किया है। आज के दिन तो महिलाएं पानी भी नहीं पीतीं और जीतू पटवारी कह रहे हैं कि वो सबसे ज्यादा शराब पीतीं हैं। यह हमारे पूरे प्रदेश की बहन-बेटियों का अपमान है।

### जीतू का बयान बहनों की संस्कृति और संस्कारों का अपमानः कविता



भाजपा की प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार ने कहा कि हरतालिका तीज के पवित्र दिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा दिया गया बयान बेहद निंदनीय है। बहनों का अपमान करना कांग्रेस की प्रवृत्ति रही है। जीतू पटवारी हमेशा यह कहते हैं कि मध्यप्रदेश में राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस पार्टी काम करती है, तो क्या आज उनके द्वारा महिला विरोधी बयान भी राहुल गांधी के इशारे पर दिया गया है।

### महिला नहीं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की मानसिकता नशे में डूबीः नेहा



भाजपा पदाधिकारी नेहा बग्गा ने कहा कि जब किसी नेता की सोच खोखली हो, तो वह महिलाओं को बदनाम करने के लिए झूठे आंकड़ों का सहारा लेता है। जीतू पटवारी का बयान महिलाओं के सम्मान की हत्या है। महिला नहीं, पटवारी कांग्रेस की मानसिकता नशे में डूबी है।

# पुलिस-नक्सलियों में मुठभेड़ चार माओवादी मौके पर ढेर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में छत्तीसगढ़ सीमा के पास बुधवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई।

मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर गढ़चिरौली पुलिस की सी-60 कमांडो टीम ने कोपरशी गाँव में तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।


दरभा थाना क्षेत्र के कांगेर घाटी की घटना, पुलिस कर रही मामले की जांच

# तीरथगढ़ घूमने निकले परिवार के चार सदस्यों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/सुकमा

जगदलपुर के दरभा थाना क्षेत्र के कांगेर घाटी में मंगलवार को एक वाहन बारिश तेज होने से बाढ़ के बहाव में बह गया। इस वजह से कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई। सभी लोग एक ही परिवार के थे, जो कार में सवार होकर तीरथगढ़ घूमने के लिये जा रहे थे।

इसी दौरान वो काल के गाल में समा गये। घटना से परिजनों में शोक की लहर है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इस घटना में वाहन में सवार पति-पत्नी सहित दो बच्चे बह गए। घंटों की कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार चार लोगों के शव बरामद कर लिये गये हैं। पीएम के लिए मेकाज भेजा गया है।



### वाटर फॉल का आनंद लेने जा रहा था परिवार

*बताया जाता है कि तमिलनाडु का रहने वाला परिवार बरसात में वाटर फॉल का आनंद लेने के लिये तीरथगढ़ जलप्रपात घूमने के लिये जा रहा था। कार सवार मालिक 43 वर्षीय राजेश रायपुर में रहकर ठेकेदारी करता था। मंगलवार को राजेश कार में अपनी पत्नी पवित्रा 40 वर्ष, सौजन्या 7 वर्ष, सौमया 4 वर्ष को लेकर रायपुर से तीरथगढ़ घूमने के लिए जा रहे थे कि अचानक जैसे ही वाहन कांगेर घाटी के पास पहुँचा कि तेज बारिश होने से बाढ़ की बहाव में बह गया। इसके बाद चारों को बचाने के लिए दरभा पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। बरसात का पानी (बाढ़) अधिक होने के कारण पति-पत्नी सहित दोनों बच्चों ने दम तोड़ दिया।*

### ड्राइवर ने कूदकर बचाई अपनी जान

*घटना की जानकारी पर चारों के शव को बाढ़ से निकालकर मेकाज अस्पताल जगदलपुर में पीएम के लिए भेजा गया है, जहाँ पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा। बताया जाता है कि हादसे के वक्त कार का ड्राइवर किसी तरह से तैरकर पेड़ के सहारे अपनी जान बचायी। मृतक चारों लोग तमिलनाडु के रहने वाले थे। कहीं न कहीं ये हादसा तेज बहाव में लापरवाही की वजह से हुआ है। दरअसल, परिवार जल्दबाजी में उफनते नाले को पार करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन उनकी इस लापरवही से चार जिंदगियां छीन गई।*

घर-घर विराजे बुद्धि विनायक गणपति बप्पा

# 11 दिवसीय गणेश उत्सव पर्व प्रारम्भ






**जबलपुर।**

विघ्न विनाशक बुद्धि विनायक प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश के जन्मोत्सव का 11 दिवसीय महापर्व बुधवार को गणेश चतुर्थी के साथ प्रारंभ हो गया। ''गणपत्ति बप्पा मोरया, जय गणेश-जय गणेश'' के उदघोष के साथ घर-घर में बुद्धि विनायक रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर स्थापना की गई। कल सुबह से ही बाजार गुलजार रहे। पूजन सामग्री और गणेश प्रतिमाओं की खरीददारी करने के लिये श्रद्धालु बाजारों में उमड़ पड़े। लोगों ने पूजन सामग्री खरीदी और गणेश प्रतिमाओं को लाकर घर में उनकी विधि विधान से स्थापना की। सार्वजनिक गणेश उत्सव समितियों में भी कुछेक स्थानों पर विशाल और भव्य प्रतिमाओं की स्थापना कर दी गई। प्रतिमाओं की स्थापना का यह सिलसिला भाद्रपक्ष की दसवी तिथि तक चलेगा। अनन्त चौदस को प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ गणेश उत्सव पर्व का समापन होगा।

इस वर्ष 11 दिवसीय गणेश उत्सव पर्व की धूमधाम आज से शुरू हो गई। एक तरफ जहां घर-घर में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना कर दी गई, वहीं सार्वजनिक उत्सव समितियां पण्डालों की साज-सज्जा में जुटी रही। गणेश मूर्तिकार भी प्रतिमाओं को फाइनल टच देने में लगे रहे। महाराष्ट्र शिक्षण मण्डल द्वारा महाराष्ट्र हाईस्कूल प्रांगण में श्री नर्मदा गणेश उत्सव, छोटी महाकौशल स्कूल के पास, गणेश चौक सदर के अलावा शहर के गोरखपुर, बधैया मोहल्ला, साठिया कुआं आदि क्षेत्रों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना कर दी गई।



# भगवान श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में मनाया जा रहा श्री गणेश पर्व

## श्री सुप्तेश्वर विकास समिति का आयोजन

**जबलपुर।** भगवान श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में श्री गणेश पर्व पर अखण्ड रामायण पाठ, भगवान श्री सुप्तेश्वर गणेश जी की दिव्य भक्ति मय सांध्य फेरी के धार्मिक आयोजन धूमधाम से आनंदपूर्वक सम्पन्न हुये। आज से प्रातः 9.00 बजे से भगवान श्री सुप्तेश्वर गणेश जी की पूजन, आरती, अथर्व शीर्ष पाठ, अभिषेक, आरती, वस्त्र अर्पण, माला अर्पण, सायं 7.15 बजे महाआरती का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। रात्रि 7.30 बजे भजन संध्या का आयोजन माँ मैकलसुता इवेंट अमित ठाकरे द्वारा भगवान श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में किया गया है जिसमें सभी श्रद्धालु सादर आमंत्रित हैं। 27 अगस्त से 6 सितंबर तक श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में पर्व भव्य रूप से श्रद्धा एवं भक्ति पूर्वक मनाया जाएगा। श्री सुप्तेश्वर गणेश जी का आज का अभिषेक, वस्त्र अर्पण, माला अर्पण, प्रसाद एवं प्रसादी एवं भजन संध्या के यजमान श्रीमती पुष्कल मनीष चौधरी एवं वैशाली डीडी कार्णिक हैं। भगवान श्री गणेश जी की महाआरती श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर परिवार द्वारा सम्पन्न होगी। भगवान श्री गणेश जी को प्रसाद श्रीमती वैशाली, श्रीमती रेखा, सीताराम नेमा द्वारा वितरण किया जायेगा। सभी गणेश भक्तों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति का किया गया है।



# भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जिला संघ ने सहायक आयुक्त से सौजन्य भेंट की


**जबलपुर।**

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जिला संघ जबलपुर की टीम ने सहायक राज्य संगठन आयुक्त (ASOC) ललित मिश्रा के नेतृत्व में संयुक्त संचालक शिक्षा एवं सहायक आयुक्त भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, संभाग जबलपुर अरुण कुमार इंगले से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर जिला संघ जबलपुर द्वारा संचालित स्काउटिंग एवं गाइडिंग की गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की गई तथा आगामी योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। श्री इंगले ने संगठन की गतिविधियों की सराहना करते हुए इन्हें युवा पीढ़ी के सर्वांगीण विकास तथा समाज सेवा की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान बताया और जिले की टीम को निरंतर प्रोत्साहित किया। भेंट के दौरान उन्होंने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि स्काउटिंग और गाइडिंग से छात्र-छात्राओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र भक्ति की भावना का विकास होता है, जिसे विद्यालय स्तर से ही मजबूत बनाना आवश्यक है।

इस अवसर पर जिला संरक्षक अजय तिवारी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी, जिला सचिव विजय झारिया, पूर्व सचिव डी.के. भट्ट, जिला समन्वयक राहुल राजपूत सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए ए.एस.ओ.सी. ललित मिश्रा ने संयुक्त संचालक का आभार व्यक्त किया और आश्वस्त किया कि जिले की स्काउट एवं गाइड टीम समाजहित के कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी।

# चाँद देखे जाने की शहादत मिली

## ईद मिलाद उन नबी 5 सितंबर जुमा को



**जबलपुर।** मुफ्ती-ए-आज़म मध्य प्रदेश हज़रत, मौलाना, डॉक्टर मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि, 24 अगस्त मुताबिक 29 सफर को जबलपुर में माहे रबी उल अव्वल का चांद नज़र नहीं आया है, लेकिन बुधवार 27 अगस्त को चांद देखे जाने की शहादत मौसूल हो गई है, लिहाजा ये ऐलान किया जाता है कि अब आगामी 5 सितंबर जुमा को ईद मिलादुन्नबी मनाई जाएगी।

# भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जिला संघ का एक दिवसीय बिगिनर्स कोर्स सम्पन्न



**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जिला संघ जबलपुर के तत्वावधान में एक दिवसीय बिगिनर्स कोर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पी.एम. श्री एम.एल.बी. कन्या उमावि, नेपियर टाउन जबलपुर में किया गया। कार्यक्रम सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा एवं जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के निर्देशन, जिला संघ संरक्षक अजय तिवारी तथा जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।बैठक में अतिथि के रूप में योजना अधिकारी रामानुज तिवारी, प्राचार्य एमएलबी एवं जिला कमिश्नर गाइड प्रभा मिश्रा, पूर्व सचिव देवेंद्र कुमार भट्ट, आजीवन सदस्य आरके नायक रहे। इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए अप्रशिक्षित शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। प्रशिक्षण के दौरान आधारभूत तत्व, स्काउट-गाइड प्रगतिशील प्रशिक्षण, **OYMS** पोर्टल पंजीयन प्रक्रिया, आन्दोलन की कहानी, प्रतिज्ञा, नियम, चिन्ह, सैल्यूट, बायां हाथ मिलाना एवं दल गतिविधियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर श्रीमती बेला सिंह, मंत्रो इक्का, प्रतिभा दुबे, जिला सचिव व्ही.के. झारिया, जिला संयुक्त सचिव अमिता चौधरी, अंजना वर्मा, रूपेश भुसारी, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राहुल राजपूत, शुभम ठाकुर एवं अंकित दाहिया का विशेष सहयोग रहा। अंत में सामूहिक राष्ट्रगान के साथ प्रशिक्षण का सफल समापन किया गया।

# वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण करने संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा



**जबलपुर।** संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा जबलपुर मध्य प्रदेश के सदस्य एवं पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से एकत्रित होकर चुनाव आयोग के धांधली के विरोध में और देश में निष्पक्ष चुनाव हो, इसके लिए घंटाघर में प्रदर्शन किया, उसके पश्चात देश की महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में- देश के विभिन्न क्षेत्रों में वोटर लिस्ट की गड़बड़ी के मामले निरंतर सामने आ रहे हैं, उस पर ध्यान आकर्षित करना, चुनाव के समय तय समय सीमा 5:00 बजे के बाद अचानक मतों में वृद्धि होना आयोग द्वारा किसी भी प्रकार का जानकारी ना देना, ईवीएम से लोगों का विश्वास कम हुआ है, देश भर में ईवीएम के स्थान में मत पत्रों से चुनाव कराना, चुनाव आयोग द्वारा जरी की गई वोटर लिस्ट की जानकारी तुरन्त ही लोगों को दी जाए। आज के कार्यक्रम में संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बैदनाथ कुशवाहा, राम रतन यादव, इंद्र कुमार पटेल, घनश्याम यादव, अशीष बेन, किशोरी लाल भलावी, राजेंद्र गुप्ता, जितेंद्र यादव, नेम सिंह, आशीष यादव, धर्मेंद्र कुशवाहा, अमित पांडे, गया प्रसाद कुशवाहा, अशोक यादव, हारुण पहलवान, रज्जन यादव, राम कुमार सोमयासी, इंद्र कुमार कुशवाहा, मनोज वंशकार, डॉक्टर भावना दीदी उपस्थित रहे।



# पेंशनर्स ने कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में जबलपुर कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री को पेंशनर्स की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। अध्यक्ष व्ही.पी. शुक्ला एवं जिला शाखा अध्यक्ष डॉ. अरूण पाण्डे के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में 2% महंगाई राहत, धारा 49/6 की समाप्ति, अविवाहित पुत्री एवं विधवा बहू को फेमिली पेंशन, पेंशन में उम्रानुसार वृद्धि सहित कई अहम मुद्दे शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने एवं प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से रूपकिशोर प्यासी, के.के. शुक्ला, सतीश दुबे, अशोक पाण्डे, अशोक शिवहरे, शिव कुमार गौतम, डॉ. एन.एल.व्ही. राव, डॉ. ए.के. गौर, डॉ. यू.के. पाण्डे, विजय कोरी, शैलेन्द्र रजक, डी.डी. शर्मा, सुशीला पटेल, श्यामकांत तिवारी, डॉ. वी.पी. सिंह, युसूफ मंसूरी, आर.पी. केवट सहित अनेक पेंशनर्स उपस्थित थे।

# देशव्यापी शांति मशाल रैली 1 सितम्बर को

**जबलपुर।** बौद्ध समाज जबलपुर द्वारा 01 सितम्बर को देशव्यापी शांति मशाल रैली का आयोजन शाम 06 बजे से किया गया है। महाबोधि महाविहार के मुक्ति बीटी एक्ट 1949 समाप्त करने अपने हक अधिकार की लड़ाई में एवं आंदोलन के प्रणेता आकाश लामा का संस्कारधानी जबलपुर आगमन हो रहा है। उनके स्वागत के लिए सभी उपासक, उपासिकाओं से उपस्थिति का आग्रह आयोजकों ने किया है।



# ठाकुर धनपत सिंह पूरन उस्ताद अखाड़े के खलीफा बने अर्जुन

**जबलपुर।** स्व. ठाकुर धनपत सिंह पूरन सिंह की स्मृति में दो दिवसीय दंगल में भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्जुन यादव को धनपत सिंह पूरन सिंह उस्ताद अखाड़े के खलीफा का पद प्रदान किया गया है। अर्जुन यादव के साथ अखाड़े के वरिष्ठ पहलवान गुलाब गुप्ता, कमल सोनकर, तजिंदर सिंह टीटू को भी खलीफा बनाया गया है, अर्जुन ने बताया कि मिट्टी की कुश्ती को बनाए रखने के लिए सभी सार्थक प्रयास किए जाएंगे, और युवाओं की सेहत का ख्याल रखते हुए उन्हें कुश्ती कला में निपुण करना उनका एक मात्र लक्ष्य है, नए पहलवान तैयार किये जाएंगे जो शहर का नाम पूरे भारत में रोशन करेंगे।पगड़ी बंधन समारोह दंगल के अंतर्गत संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष डॉ. अनिल ठाकुर, उस्ताद जयवीर सिंह, वरिष्ठ खलीफा लल्ला चक्रवर्ती, पूर्व विधायक कैलाश जाटव ने पगड़ी पहनाकर पद प्रदान किया, इस अवसर पर खलीफगण श्याम यादव, कृष्ण कुमार खलीफा, किशोरी खलीफा, दिनेश यादव खलीफा, सुनील पटेल खलीफा, राजाराम खलीफा, नर्बद खलीफा, गोलू खलीफा, राकेश खलीफा, दुर्गा शंकर खलीफा, मंटो पहलवान उपस्थित थे।



# पेंशनर्स ने अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसियेशन के तत्वावधान में 26 अगस्त को जिले के पेंशनर्स ने अपनी लंबित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अर्धनग्न होकर विशाल प्रदर्शन किया तथारैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना मांग पत्र प्रोटोकाल अधिकारी को सौंपकर बताया कि मप्र सरकार राज्य लगभग साढ़े चार लाख पेंशनर्स की निरंतर उपेक्षा कर रही है, जिससे परेशान होकर पेंशनर्स को अब अर्धनग्न होकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने विवश होना पड़ा। प्रदर्शन में लगभग 500 प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें विशेष रूप से मप्र विद्युत मंडल, मप्र नगर निगम जबलपुर तथा राज्य शासन के सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थिति रही। संगठन के एचपी उरमलिया, शेषमणि पांडे, मोहन अग्रवाल, विजय चौकसे, सीएल दोहरे, आरके श्रीवास्तव, डॉ. एसपी सिंह, आरएस सक्सेना, बीएसपी गौर, केसी अवस्थी, आनंद कुमार शुक्ला, एसपी शुक्ला, श्रवण कुमार श्रोती, उमेश हंस, एसके श्रीवास्तव, आरआर तिवारी, दिनेश चौधरी, नरेश तिवारी, जीपी सराठे सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।




# अभा कायस्थ महासभा ने गायक मुकेश की पुण्यतिथि मनाई

**जबलपुर।** अपनी जादुई आवाज के माध्यम से अनेक फिल्मों में गीतों को अमरता प्रदान करने वाले गायक एवं कायस्थ कुल गौरव मुकेशचंद्र माथुर की पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने उनका स्मरण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की एवं उनके सदाबहार गीतों को गुनगुनाकर उन्हें स्वरांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कहा कि मुकेश जी के द्वारा गाये हर गीत आज भी हम सभी के जहन में गूंजते हैं, उन्होंने अपनी जादुई आवाज से न केवल संगीत प्रेमियों का मन मोहा, बल्कि अपनी आवाज देकर गीतों को अमरता प्रदान की है। आज उनकी पुण्यतिथि पर कायस्थ महासभा की ओर से शत-शत नमन। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, डॉ. शरद श्रीवास्तव, बच्चन श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, बीना श्रीवास्तव, मानवेन्द्र सिंह, अरुण त्रिपाठी, आरएन चौबे, इनायत अली, आलोक भट्ट, जतिन कोहली, श्रीकांत, ओमकार पटेल सहित बड़ी संख्या में महासभा के पदाधिकारी एवं संगीत प्रेमियों ने गायक मुकेश को उनकी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# योजना से 50 लाख नए रेहड़ी-पटरी वालों सहित 1.15 करोड़ लोगों को पहुंचेगा सीधा फायदा

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और विस्तार को 31 मार्च 2030 तक मंजूरी दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 7,332 करोड़ रुपए का व्यय के साथ रेहड़ी-पटरी वालों के लिए पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और विस्तार को 31 मार्च, 2030 तक के लिए मंजूरी दे दी. एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में लिया गया। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत पहली किस्त की ऋण सीमा 10,000 रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए और दूसरी किस्त 20,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपए कर दी गई है। जबकि तीसरी किस्त 50,000 रुपए बनी रहेगी। बयान के अनुसार, समय पर अपना दूसरा कर्ज चुकाने वाले रेहड़ी-पटरी वाले आकस्मिक व्यावसायिक और व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करने के लिए यूपीआई (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) से जुड़े रुपे क्रेडिट कार्ड के लिए पात्र होंगे।

**7332** करोड़ रुपए वाली योजना को सरकार ने बढ़ाया आगे

पहले यह योजना 31 दिसंबर, 2024 तक वैध थी, अब आगे बढ़ा दिया

पहली किस्त की ऋण सीमा बढ़ाकर 15 हजार और दूसरी किस्त 25 हजार रुपए की



### विकल्प चुनने का लाभ

डिजिटल भुगतान का विकल्प चुनने वाले विक्रेताओं को 1,600 रुपए तक का प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। यह योजना पहले 31 दिसंबर, 2024 तक वैध थी। पुनर्गठित योजना का लक्ष्य 50 लाख नए रेहड़ी-पटरी वालों सहित 1.15 करोड़ लाभार्थियों को लाभ पहुंचाना है। इस योजना का कार्यान्वयन आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय और वित्तीय सेवा विभाग कसंयुक्त जिम्मेदारी होगी।

डिजिटल भुगतान करने वाले विक्रेताओं को 1600 रुपए तक का प्रोत्साहन मिलेगा

**आवास व शहरी कार्य मंत्रालय करेगा संचालन**

आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय इस योजना का संचालन करेगा, जबकि वित्तीय सेवा विभाग बैंकों और वित्तीय संस्थानों के माध्यम से कर्ज और क्रेडिट कार्ड तक पहुंच को सुगम बनाएगा. बयान में कहा गया है कि पुनर्गठित योजना में बढ़ी हुई ऋण राशि, यूपीआई-से जुड़ा रुपे क्रेडिट कार्ड, डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन और व्यापक भौगोलिक कवरेज शामिल है।

### रेहड़ी-पटरी वालों की क्षमता निर्माण पर भी केंद्रित

यह उद्यमिता, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल कौशल और विपणन पर ध्यान केंद्रित करते हुए रेहड़ी-पटरी वालों की क्षमता निर्माण पर भी केंद्रित है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के साथ साझेदारी में, रेहड़ी-पटरी वालों के लिए मानक स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

### कोविड के दौरान सरकार ने शुरू की थी ये स्कीम

सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान कठिनाइयों का सामना करने वाले रेहड़ी-पटरी वालों की सहायता के लिए एक जून, 2020 को पीएम स्वनिधि योजना शुरू की थी. तीस जुलाई तक, 68 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी वालों को 13,797 करोड़ रुपए के 96 लाख से अधिक कर्ज वितरित किए जा चुके हैं।

### यूएलबी के 46 लाख लाभार्थियों का प्रोफाइल तैयार

स्वनिधि से समृद्धि पहल के तहत, 3,564 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के 46 लाख लाभार्थियों का प्रोफाइल तैयार किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप 1.38 करोड़ से अधिक योजनाओं को मंजूरी दी गई है। बयान में कहा गया है कि इस योजना के विस्तार में व्यवसाय विस्तार और सस्टेनेबल ग्रोथ के अवसरों को समर्थन देने के लिए वित्त का एक विश्वसनीय स्रोत प्रदान कर रेहड़ी-पटरी वालों के समग्र विकास की परिकल्पना की गई है। इससे न केवल रेहड़ी-पटरी वालों को सशक्त बनाया जाएगा, बल्कि समावेशी आर्थिक विकास, रेहड़ी-पटरी वालों और उनके परिवारों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान को भी बढ़ावा मिलेगा, उनकी आजीविका में वृद्धि होगी और अंततः शहरी क्षेत्रों को एक जीवंत, आत्मनिर्भर इकोसिस्टम में बदला जा सकेगा।

## खबर संक्षेप

### भूमि हस्तांतरण के आवेदनों की जांच होगी: हिमंत



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि मंत्रिमंडल ने बुधवार को अलग-अलग धर्मों के लोगों के बीच भूमि हस्तांतरण के आवेदनों की जांच के लिए एक विशेष संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दे दी। इसमें अंतिम अनुमति देने से पहले राष्ट्रीय सुरक्षा समेत कई पहलुओं पर गौर किया जाएगा।

### ओडिशा: इस्पात संयंत्र को दोबारा खोलने की मांग



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पूर्व वित्त मंत्री प्रफुल्ल चंद्र घड़ेई ने राज्य के सीएम मोहन चरण माझी से जाजपुर जिले के कलिंग नगर औद्योगिक परिसर में मिडईस्ट इंटीग्रेटेड स्टील्स लिमिटेड संयंत्र को फिर से खोलने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र लिखकर अपनी बात रखी।

### ठाणे में दो ट्रकों की टक्कर में पुलिसकर्मी घायल



**ठाणे।** शहर में बुधवार सुबह व्यस्त घोड़बंदर रोड पर दो कंटेनर ट्रकों की टक्कर में 36 वर्षीय एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। हादसे से इस व्यस्त मार्ग पर दो घंटे तक यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारी ने कहा हादसा गायमुख घाट के पास हुआ, एक कंटेनर ट्रक डिवाइडर लांघकर विपरीत दिशा से आ रहे वाहन से टकरा गया।

### वोट बैंक की राजनीति चल रही है: मरांडी



**रांची।** भाजपा की झारखंड इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं के अपने वोट बैंक के लिए एसआईआर का विरोध करने का आरोप लगाया। विपक्ष के नेता मरांडी ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया।

## 'ऑपरेशन महादेव' में शामिल जवानों को गृहमंत्री ने किया सम्मानित

# ऑपरेशन सिंदूर से लोगों में संतुष्टि आई, जिसे ऑपरेशन महादेव ने आत्मविश्वास में बदल दिया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी सुरक्षाकर्मियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा के सम्मान में उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट किए। इस मौके जवान भी काफी उत्साहित दिखे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन महादेव में शामिल जवानों को सम्मानित किया। संयुक्त ऑपरेशन महादेव में भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को मार गिराया था। इस दौरान शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंकी सरगनाओं को भारतीय नागरिकों की जान से खेलने के दुष्परिणामों का स्पष्ट संदेश दिया। हमारे सैनिकों ने दुनिया को दिखा दिया कि आतंकवादी चाहे कोई भी रणनीति अपनाएं, वे अब भारत को नुकसान पहुंचाकर बच नहीं सकते। ऑपरेशन सिंदूर से लोगों में संतुष्टि आई, जिसे ऑपरेशन महादेव ने आत्मविश्वास में बदल दिया।

शाह ने यह बात भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों को सम्मानित करते हुए कही, जिन्होंने ऑपरेशन महादेव को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को मार गिराया। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। इसके जवाब में सशस्त्र बलों ने मई में ऑपरेशन सिंदूर चलाया था, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों पर जवाबी कार्रवाई की गई थी। ऐसे ही ऑपरेशन महादेव के जरिए सुरक्षा बलों ने जुलाई में पहलगाम नरसंहार में शामिल आतंकवादियों का सफाया कर दिया था। शाह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंक के आकाओं को भारतीय नागरिकों की जान से खेलने के परिणामों के बारे में एक स्पष्ट संदेश दिया है। गृह मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों ने दुनिया को दिखा दिया है कि आतंकवादी चाहे कितनी भी रणनीति अपनाएं, वे अब भारत को नुकसान पहुंचाकर बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब कश्मीर में पर्यटन चरम पर था तब पटरी से उतारने का एक असफल प्रयास था।

**आतंक के आकाओं को दिया था स्पष्ट संदेश**

कश्मीर मिशन को पटरी से उतारने का असफल प्रयास



**ऑपरेशन महादेव के दौरान मारे गए आतंकी**

शाह ने कहा कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की फॉरेंसिक लैब ने साबित कर दिया है कि ऑपरेशन महादेव के दौरान मारे गए आतंकवादी वही थे जिन्होंने पहलगाम में नरसंहार को अंजाम दिया था। गृह मंत्री ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूरे देश की ओर से मैं भारतीय नागरिकों के दिलों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए सुरक्षा बलों को बधाई देता हूं।

### सुरक्षा बलों के प्रति आभार

गृह मंत्री ने कहा, चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, सभी ने ऑपरेशन सिंदूर और महादेव को लेकर खुशी और उत्साह महसूस किया और सुरक्षा बलों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में यही विश्वास भारत की हर क्षेत्र में दुनिया में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने की आकांक्षा का आधार है।

### जवानों से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के उन जवानों से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया, जिन्होंने 'ऑपरेशन महादेव' के तहत 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया और पाकिस्तानी समर्थित तीनों आतंकवादियों को ढेर किया था। गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षाकर्मियों की बहादुरी और पीड़ित परिवारों के दर्द और पीड़ा को कम करने के लिए उनकी सराहना की। गृह मंत्री ने सशस्त्र बलों, सीआरपीएफ कमांडो और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों को सम्मानित किया। गृह मंत्री ने सभी सुरक्षाकर्मियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा के सम्मान में उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट किए। ऐसा माना जा रहा है कि 'ऑपरेशन महादेव' टीम ने तीन महीने तक चले इस ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें खत्म करने में आई चुनौतियों और अनुभवों को भी गृह मंत्री के साथ साझा किया।

## मदद न मिलने से बढ़ी थी नाराजगी

# गुस्साए ग्रामीणों ने मंत्री विधायक को दौड़ाया मुश्किल से बची जान



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के नालंदा जिले में उस समय हड़कंप मच गया, जब बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और हिलसा विधानसभा क्षेत्र के विधायक कृष्ण मुरारी उर्फ प्रेम मुखिया पर आक्रोशित ग्रामीणों ने हमला बोल दिया। इस हमले में एक सुरक्षाकर्मी घायल हो गया, जिसे आनन-फानन में हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, हाल ही में पटना के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे के पीड़ित परिवारों से मिलने और संवेदना प्रकट करने के लिए ग्रामीण विकास मंत्री और विधायक मंगलवार की सुबह हिलसा प्रखंड के मलावां गांव पहुंचे थे। लेकिन गांव पहुंचते ही पहले से नाराज़ ग्रामीणों ने नेताओं का घेराव कर लिया। ग्रामीणों का आरोप था कि सड़क हादसे जैसी बड़ी त्रासदी में विधायक ने परिवारों के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई और न ही किसी तरह की ठोस मदद दी। इसी गुस्से का इजहार करते हुए भीड़ ने अचानक मंत्री और विधायक पर हमला कर दिया।

### मौके पर कड़ी सुरक्षा

हालात इतने बिगड़ गए कि दोनों जनप्रतिनिधियों को किसी तरह मौके से जान बचाकर भागना पड़ा। ग्रामीणों के आक्रोश और हमले की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं घायल सिपाही को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। प्रशासन मामले की जांच में जुट गया है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जदयू प्रवक्तता धनंजय देव ने बताया की स्थानीय लोग विधायक के कार्य शैली से नाराज थे, यह हमला विधायक पर हुआ. फिलहाल भारी संख्या में पुलिस बल घटना स्थल पर पहुचकर कैम्प कर रही है।

**2002 की हिंसा पर सिख नेता का बड़ा दावा**

# गुजरात दंगे स्वाभाविक थे... मोदी ने लोगों को बचाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पूर्व राज्यसभा सांसद और सिख मुद्दों के वकील तरलोचन सिंह ने दावा किया है कि 2002 के गुजरात दंगे लोगों की सामान्य अभिव्यक्ति थे और राज्य सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने कहा कि 2002 का गुजरात दंगा दिल्ली में 1984 के सिख दंगों की तरह प्रायोजित नहीं था। तरलोचन सिंह राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रहे हैं और गुजरात दंगों के समय वहां का दौरा किया था। पॉडकास्ट में तरलोचन सिंह ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस समय गुजरात को जलने से बचा लिया। यदि उन्होंने साबरमती एक्सप्रेस अग्निकांड में जले कारसेवकों के शवों को उनके गांव ले जाने की इजाजत दे दी होती तो पूरा गुजरात जल उठता। पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा, मैं गुजरात दंगों के समय अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष था। मैं वहां पहुंचने वाला पहला व्यक्ति हूं। मैंने सारी जांच की, किसी को इसके बारे में पता नहीं है। मुझे 2000 में अध्यक्ष (राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के लिए) नियुक्त किया गया था और गुजरात दंगे 2002 में हुए थे।

मैं छह साल तक अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष रहा। मेरे पास गुजरात त्रासदी पर एक पुस्तिका है। यह छपी थी और मोदी ने 500 प्रतियां वितरित करने का आदेश दिया था। मैंने दिल्ली के दंगों की तुलना गुजरात से की थी। तरलोचन सिंह ने स्थिति को संभालने के लिए तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की।

*ईडी के छापे पर सौरभ भारद्वाज का तंज*

# कहां हैं मेरे 13 ठिकाने? कम से कम मुझे तो बताओ, कब्जा दिला दो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को दिल्ली एनसीआर में आप नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 ठिकानों पर ईडी ने छापा मारा। ये रेड स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में कथित घोटालों से जुड़े मामले में हुई है। इन ठिकानों को लेकर सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सवाल किया कि भाई 13 ठिकानें, जहां ईडी के छापे पड़े हैं, कहां हैं? सौरभ ने अपनी बात को दोहराते हुए कहा, मेरे ही 13 ठिकानों पर कल छापा पड़ा और मुझे ही कब्जा में नहीं दे रहे। कम से कम मुझे कब्जा तो दिलाओ, उन्हें बेचूं। सौरभ ने आगे बताया कि मेरी बेटी पूछ रही है, पापा डू यू हैव एन ऑफिस? इस पर मैने कहा कि बेटा वो सरकारी है।

**11 लोगों को बचाव दल ने सुरक्षित निकाला**

# पालघर में इमारत का हिस्सा ढहा मां और मासूम की मौत, 9 घायल

एजेंसी ▶▶ पालघर

महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार में 13 साल पुरानी एक अवैध इमारत का एक हिस्सा ढहने से 24 वर्षीय एक महिला और उसके बच्चे की मौत हो गई। हादसे में नौ अन्य घायल बताए जा रहे हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि घायलों को इलाके के अलग-अलग अस्पतालों और मुंबई के बाहरी इलाके नालासोपारा में भर्ती कराया गया है। अग्निशमन कर्मी और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीमें घटनास्थल पर बचाव अभियान चला रही हैं। वसई तालुका के विरार में नारंगी रोड पर स्थित चार मंजिला रमाबाई अपार्टमेंट का पिछला हिस्सा रात करीब 12.05 बजे पास की एक चॉल पर गिर गया। उन्होंने बताया कि 2012 में बनी इस इमारत में 50 फ्लैट हैं और ढहे हुए हिस्से में 12 अपार्टमेंट थे।



### दो टीमों ने लोगों की बचाई जान

वसई-विरार नगर निगम (वीवीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि बचावकर्मियों ने अब तक मलबे से 11 लोगों को निकाला है, जिनमें से कुछ गंभीर रूप से घायल हैं और उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया है। बचाव अभियान पर एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडर प्रमोद सिंह ने कहा, एनडीआरएफ की दो टीमें दुर्घटनास्थल पर हैं। एक टीम मुंबई से और एक पालघर से। जैसे ही रात 12 बजे सूचना मिली, नजदीकी टीम पहुंच गई। शुरुआती खोज में चार लोगों को बाहर निकाला गया। उनमें से एक की मौत हो गई और तीन को जिंदा बचा लिया गया।

**दोनों भाइयों के बीच हिंदी भाषा बनी सुलह की वजह**

# गणेश उत्सव पर मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के घर पहुंचे शिवसेना प्रमुख

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे एक साथ आ गए हैं। हिंदी भाषा को लेकर महाराष्ट्र में पिछले दिनों विवाद छिड़ा हुआ था। इसी के जरिए दोनों के बीच सुलह की राह खुली। जिसके बाद बीते महीने 5 जुलाई को दोनों ने मंच साझा किया था।

और फिर उद्धव ठाकरे के जन्मदिन के अवसर पर उनको बधाई देने के लिए उनके घर मातोश्री राज ठाकरे पहुंचे थे। हालांकि हाल में हुए मुंबई में हुए बेस्ट एम्प्लाइज को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के चुनाव में दोनों के गठबंधन को बुरी तरह हार हुई थी। महाराष्ट्र की राजनीति में इसको लेकर तमाम तरह की कयास बाजी लगाई जा रही हैं।



### दोनों भाई तीसरी बार नजर आए

इसी बीच गणेश पूजा के मौके पर उद्धव बुधवार राज ठाकरे के आवास 'शिवतीर्थ' पहुंचे। मुंबई के दादर इलाके में स्थित अपने आवास पर राज ठाकरे हर साल गणेश उत्सव की पूजा करते हैं। इस कार्यक्रम में उद्धव अपने बेटे आदित्य ठाकरे और पत्नी रश्मि के साथ पहुंचे थे। साल 2024 में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान शिवसेना (यूबीटी) को मिली हार के बाद दोनों भाई एक साथ आए है। दोनों का साथ आना आगामी बीएमसी चुनाव के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके साथ ही दोनों के बीच लंबे समय से चल रही राजनीतिक खींचतान भी समाप्त होते नजर आ रही है। दोनों भाई तीसरी बार साथ नजर आए हैं।

## राहुल का आरोप: गुमनाम पार्टियां डकार गईं 4300 करोड़

# क्या चुनाव आयोग जांच करेगा- या फिर यहां भी पहले एफिडेविट मांगेगा?

एजेंसी ▶▶ पटना

गुजरात में कुछ ऐसी अनाम पार्टियां हैं जिनका नाम किसी ने नहीं सुना - लेकिन 4300 करोड़ का चंदा मिला! इन पार्टियों ने बहुत ही कम मौकों पर चुनाव लड़ा है, या उन पर खर्च किया है। ये हजारों करोड़ आए कहां से? और पैसा गया कहां? क्या चुनाव आयोग जांच करेगा - या फिर यहां भी पहले एफिडेविट मांगेगा? या फिर कानून ही बदल देगा? ये शब्द नेता विपक्ष राहुल गांधी के हैं। उन्होंने एक्स पर बुधवार को यह लिखा है। राहुल ने न सिर्फ लिखा बल्कि बिहार के मुज्फरपुर की रैली में बुधवार को कहा कि गुजरात अपने आप में कोई आर्थिक मॉडल नहीं है। बल्कि यह चुनाव और चंदा चोरी का मॉडल है। राहुल गांधी ने चुनावी चंदे पर चुनाव आयोग को क्यों घेरा है। अन्य लोग भी सोशल मीडिया पर गुजरात के चुनावी चंदा चोरी फ्रॉड पर टिप्पणियां कर रहे हैं।

वोट अधिकार यात्रा पर निकले राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना

### बाइक पर दिखे बहन-भाई



एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने एक महीना पहले इस चुनावी चंदा फ्रॉड की रिपोर्ट दी थी और बताया था कि पांच गुमनाम पार्टियों को यह पैसा मिला था। लेकिन गुजरात के अखबारों ने अब बताया है कि गुजरात की 10 गुमनाम पार्टियों को यह चंदा मिला है।

**गुजरात में चुनावी चंदा वसूली का कमाल**

गुजरात में पिछले पाँच वर्षों में तीन चुनावों में पांच ऐसे दलों ने कुल मिलाकर केवल 22,000 वोट हासिल किए, फिर भी उन्होंने 2,316 करोड़ की संयुक्त आय घोषित की। अकेले एक वित्तीय वर्ष में, इन दलों की आय 1,158 करोड़ थी। उच्च आय के बावजूद, इन दलों ने 2019 से 2024 के बीच दो लोकसभा चुनावों और एक विधानसभा चुनाव में केवल 17 उम्मीदवार ही मैदान में उतारे- जिनमें से कोई भी नहीं जीता। इन पाँच दलों में से कई सारे 2018 के बाद रजिस्टर्ड हुए थे।

### गुजरात के 10 गुमनाम दलों को कितना मिला

इन गुमनाम दलों में लोकशाही सत्ता पार्टी को 1045 करोड़, भारतीय नेशनल जनता दल को 962 करोड़, स्वतंत्र अभिव्यक्ति पार्टी को 663 करोड़, न्यू इंडिया यूनाइटेड पार्टी को 608 करोड़, सत्यवादी रक्षक पार्टी को 416 करोड़, भारतीय जनपरिषद को 249 करोड़, सौराष्ट्र जनता पक्ष को 200 करोड़, जनमन पार्टी को 133 करोड़, मानवाधिकार नेशनल पार्टी 120 करोड़, गरीब कल्याण पार्टी को 138 करोड़ रुपये का चुनावी चंदा मिला था।